राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 82, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली रविवार 08 अक्टूबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों ने केजरीवाल सरकार का किया धन्यवाद .... पेज 03

हर बुधवार 'शक्ति दीदी' आएंगी, समस्याओं का समाधान संग लाएंगी .... पेज 05

संरा एजेंसियां अफगान शरणार्थियों के पंजीकरण में पाकिस्तान की मदद करेंगी .... पेज 07

## गाजा में इजराइली बमबारी, 200 से अधिक की मौत

### हमास ने 5 हजार रॉकेट दागे, इनसे अब तक 70 इजराइलियों की जान गई; भारत ने फ्लाइट्स रोकी

तेल अवीव। हमास के हमलों के जवाब में इजराइल ने गाजा पट्टी में उनके 17 मिलिट्री कंपाउंड और 4 मिलिट्री हेडक्वार्टर्स पर हमले का दावा किया है। इसमें अब तक 200 से अधिक की मौत फिलिस्तीनियों की मौत हुई है, जबकि 1600 से ज्यादा लोग घायल हैं। अलजजीरा के मुताबिक 1000 से ज्यादा फिलिस्तीनी इजराइल में घुस गए हैं। 1948 के बाद ऐसा पहली बार हुआ है।



वहीं, सुबह हमास की तरफ से दागे गए 5 हजार रॉकेट से अब तक 70 इजराइलियों की मौत हुई है और 750 घायल हैं। गाजा स्ट्रिप से हमले के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जंग का ऐलान किया था। कैबिनेट के साथ इमरजेंसी मीटिंग के बाद उन्होंने कहा था- ये जंग है और हम इसे जरूर जीतेंगे। दुश्मनों को इसकी कीमत चुकानी होगी।

इजराइल में बिगड़ते हालातों के बीच इंडियन एम्बेसी ने वहां मौजूद अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्हें सतर्क और सुरक्षित रहने को कहा है। साथ ही इजराइल से भारत आने और जाने वाली फ्लाइट्स को रोक दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि मुश्किल घड़ी में भारत इजराइल के लोगों के साथ है।

### हमास ने इजराइलियों को बंधक बनाया

हमास ने दावा किया है कि उन्होंने कई लोगों समेत इजराइली जनरल निमरोद अलोनी को बंधक बना लिया है। बंधकों की संख्या इतनी है कि इनके बदले वो इजराइल की जेल में कैद सभी फिलिस्तीनियों को छुड़वा सकते हैं। इन्हें छुड़ाने के लिए ओफाकिम इलाके में इजराइली फोर्सेस ने एक घर को घेर लिया है। यहां वो हमास के लड़ाकों से बात कर रहे हैं।

## शाहजहांपुर जेसीबी मशीन से सड़क खोदने के मामले में 5 गिरफ्तार

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर थाना जैतिपुर क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई सड़क खोदने के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कड़े निर्देश के बाद शाहजहांपुर पुलिस टीम ने 05 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेसीबी मशीन बरामद कर ली है।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संजीव कुमार वाजपेई ने शनिवार को बताया कि थाना जैतीपुर क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़क को क्षतिग्रस्त करने के मामले में अभियोग पंजीकृत किया गया था जिसमे साक्ष्य के आधार पर धारा 386 आईपीसी वृद्धि वृद्धि की गई है। इस अभियोग से संबंधित थाना जैतीपुर पुलिस ने पांचू गंगवार ,पवन ,विनोद रामबरन और सुरजीत सहित पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार करने की सफलता प्राप्त की है। इनके कब्जे सड़क खोदने बाली जेसीबी को भी बरामद कर लिया गया है।

पूछताछ के बताया कि ये लोग जगवीर सिंह के कहने पर बहा पहुंच कर सड़क को क्षतिग्रस्त किया था इससे संबंधित अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई है शीघ्र ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

## बंगलूरू : पटाखा गोदाम में लगी आग, 12 की मौत

बंगलूरू। कर्नाटक में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। बंगलूरू शहर में अनेकल तालुक के अट्टीबेले में शनिवार शाम 4.30 बजे एक पटाखा गोदाम में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग दुकान तक फैल गई। हादसे में 12 लोगों की मौत बताई जा रही है।

दुकान मालिक समेत चार अन्य लागों के झुलसने की भी खबर है। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। उनमें से एक की हालत गंभीर है, उसे दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक, पांच दमकल गाड़ियां आग बुझाने की कोशिश कर रही हैं और अंदर फंसे हुए कर्मचारियों की तलाश की जा रही है। आग अब नियंत्रण में है। आगामी दिवाली के मद्देनजर गोदाम में पटाखे



एकत्रित किए गए थे। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसा उस वक्त हुआ, जब एक लॉरी से पटाखे उतारे जा रहे थे। हादसे में करीब 12 लोगों की मौत हो गई है। घटना की जानकारी लगते ही दमकलकर्मी और पुलिस मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। बताया जा रहा है कि पटाखा गोदाम में करीब 20

### आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है

कर्मचारी थे।

हादसे के वक्त चार कर्माचारी जान बचाकर बाहर निकलने में कामयाब हुए।

### घटना में दुकान के मालिक भी झुलस गए

घटना पर बेंगलुरु ग्रामीण एसपी मल्लिकार्जुन बालादंडी ने कहा कि बालाजी क्रैकर्स गोदाम में एक कैंटर वाहन से पटाखे उतारते समय यह हादसा हुआ।

फिलहाल 80 फीसदी आग पर काबू पा लिया गया है। घटना में दुकान के मालिक भी झुलस गए हैं। पुलिस ने बताया कि हादसा अथिबेले सीमा पर स्थित बालाजी क्रैकर्स पटाखा गोदाम में हुआ। इसके मालिक की पहचान नवीन के रूप में हुई। हादसे में मृतकों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

### सीएम सिद्धारमैया ने हादसे पर दुख जताया

कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने ट्वीट कर हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि मुझे यह खबर सुनकर गहरा दुख हुआ कि बेंगलुरु शहर जिले के अनेकल के पास एक पटाखे की दुकान में लगी आग में 12 लोगों की मौत हो गई। मैं कल दुर्घटनास्थल पर जाऊंगा और इसका निरीक्षण करूंगा। मृत श्रमिकों के परिवार के प्रति संवेदना।

### मोदी ने इज़रायल पर आतंकी हमलों पर गहरा दुख जताया

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजरायल में आतंकवादी हमलों पर गहरा दुख जताया है और इस कठिन समय में इज़रायल के साथ एकजुटता व्यक्त करने के साथ ही निर्दोष पीड़ितों एवं उनके परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, इजरायल में आतंकवादी हमलों की खबर से गहरा सदमा लगा। हमारी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएँ निर्दोष पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं।

**जीत का जश्न**



चीन के हांगझू में 19वें एशियाई खेलों में अफगानिस्तान के खिलाफ पुरुष स्वर्ण पदक क्रिकेट मैच जीतने के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी।

### गुरुग्राम में प्रेमी जोड़े ने फंदा लगा आत्महत्या की

गुरुग्राम। हरियाणा में गुरुग्राम के सोहना कस्बा स्थित अरावली के जंगल में बिजली की हाईटेंशन लाइन के पोल पर एक युवक और युवती की लाश फंदे पर लटकी हुई मिली है। दोनों एक साथ काम करते थे और पिछले 3 दिनों से लापता थे। घटना स्थल पर एक बाइक भी बरामद हुई है। सदर पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, नूंह जिले के गांव जावा की रहने वाली अंजू (22) फिलहाल अपनी बहन के घर गुरुग्राम जिले के गांव निबोठ में रहती। अंजू पास में ही एक कंपनी में काम करती थी। इसी कंपनी में नूंह जिले के गांव कोट निवासी रोहित भी काम करता था। दोनों 4 अक्टूबर को अचानक लापता हो गए थे। अंजू के गायब होने पर परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट निबोठ चौकी में दर्ज कराई थी। शनिवार दोपहर बाद सोहना सदर थाना पुलिस को सूचना मिली की अरावली के घने जंगल से गुजर रही बिजली की हाइटेंशन लाइन के पोल पर एक युवक और युवती की लाश फंदे पर लटक रही है। दरअसल, आसपास काफी दुर्गंध फैल रही थी, जिसके बाद किसी ने पास जाकर देखा तो दोनों के शव लटके हुए थे।

## सरकार ने 2000 के नोट पर बेवजह बर्बाद किए हजारों करोड़

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि 2000 के नोट को विदाई दी गई है लेकिन सरकार को सोचना चाहिए कि नागरिकों के हजारों करोड़ रुपए इस नोट की छपाई पर बेवजह बर्बाद क्यों किये।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां जारी बयान में कहा कि आज जब देश 2000 रुपए के नोट को अंतिम विदाई दे रहा है तब आठ नवंबर 2016 के तुगलकी फैसले के कारण आई भयंकर मुसीबत को याद करें। उन्होंने कहा,उस समय पार्टी नेता राहुल गांधी समेत जितने लोगों ने भी इसके पीछे के लॉजिक पर सवाल उठाया था, उन सबका स्वघोषित विश्वगुरु के लिए ढोल पीटने वालों ने मज़ाक उड़ाया था। कुछ लोगों ने तो यह तक दावा कर दिया था कि इनमें माइक्रो-चिप लगे होंगे और इनसे काले धन पर नज़र रखने में मदद मिलेगी।

## सिक्किम में अचानक आई बाढ़ से अब तक 56 लोगों की मौत, 142 अभी भी लापता

गंगटोक ।सिक्किम में बादल फटने के कारण अचानक आई भीषण बाढ़ से मरने वालों की संख्या शनिवार को 56 तक पहुंच गई है। अब तक सिक्किम से 26 शव बरामद किए गए थे। 30 शव पश्चिम बंगाल में तीस्ता नदी के बेसिन में पाए गए हैं। सिक्किम में सेना के जवानों समेत कम से कम 142 लोगों की तलाश जारी है। वहीं, आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने सिक्किम में अब तक 26 लोगों की मौत की पुष्टि की है। मंगन जिले से चार, गंगटोक से छह और पाक्योंग जिले से सात शव बरामद किए गए हैं।

पश्चिम बंगाल सरकार के अनुसार, तीस्ता नदी के बेसिन में तीन जिलों सिलीगुड़ी, जलपाईगुड़ी और कूच बिहार से 30 शव बरामद किए गए हैं। इस बीच, रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बाढ़ में गोला-बारूद सहित कई



सैन्य उपकरण बह गए। रक्षा मंत्रालय ने कहा, सिक्किम में भीषण बाढ़ के कारण विस्फोटकों सहित कुछ सैन्य उपकरण तीस्ता नदी में बह गए। जलपाईगुड़ी जिला अधिकारियों द्वारा जनता के लिए तत्काल सूचना पहले ही जारी कर दी गई है। सेना ने नदी के निचले हिस्से में लुकआउट टीमें स्थापित की हैं।

बुधवार तड़के बादल फटने से अचानक आई बाढ़ ने सिक्किम में भारी तबाही मचाई। इससे 25,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं, 1,200 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं और 13 पुल, सड़कें और अन्य संरचनाएं बह गईं। विभिन्न इलाकों से 2,413 लोगों को बचाया गया है।6,875 लोग राज्य भर में स्थापित 22 राहत शिविरों में शरण ले रहे हैं।

मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने मृतकों के परिवारों के लिए 4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि और शिविरों में शरण लेने वाले सभी लोगों के लिए 2,000 रुपये की तत्काल राहत की घोषणा की है।


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करने के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) के केंद्रीय हिस्से से 44.8 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि मंजूर की है। एक केंद्रीय टीम प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर नुकसान का आकलन करेगी।

## क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम नए युग में बदलने जा रहा : शाह

### तीन नए क्रिमिनल लॉ में आतंकवाद और संगठित अपराध की व्याख्या कर, मोदी सरकार ने देश को इनसे सुरक्षित करने का काम किया है

देहरादून। उत्तराखंड के देहरादून में 49वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि फॉरेंसिक साइंस के उपयोग, सीसीटीएनएस व आईसीजेएस की भूमिका और आईपीसी, सीआरपीसी तथा एविडेंस एक्ट को बदलने वाले तीन नए कानूनों से भारत का क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम अमृतकाल में एक नए युग में प्रवेश करने जा रहा है।

शाह ने कहा कि काउन्टर टेररिज्म के एप्रोच में जीरो टॉलरेंस की नीति से आगे बढ़, जीरो टॉलरेंस स्ट्रेटजी और जीरो टॉलरेंस एक्शन को अपनाकर आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने का समय आ गया है। शाह ने कहा कि तीन नए क्रिमिनल लॉ में आतंकवाद और संगठित अपराध की व्याख्या कर, मोदी सरकार ने देश को इनसे सुरक्षित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय ने देश में कानून-व्यस्था को और सुदृढ़ करने के अनेक परिवर्तन किए हैं। अमृतकाल में इन परिवर्तनों को जमीन पर उतार कर इनका सुफल देश को देने का समय है। उन्होंने आह्वान किया कि देश के युवा पुलिस ऑफिसर्स देश के क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा, राज्यों में साइबर सुरक्षा का ऑडिट, सोशल मीडिया और वीजा की लगातार मॉनिटरिंग जैसे नए विषयों पर काम करें। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों के सामने ये लक्ष्य रखा है कि जब देश की आज़ादी की शताब्दी मनाई जाएगी, उस वक्त विश्व में हर क्षेत्र में भारत सर्वप्रथम हो, ऐसे भारत का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि ऐसा करने के लिए हर क्षेत्र में परिश्रम की पराकाष्ठा करनी होगी और इसकी पहली शर्त है कि देश की कानून-व्यवस्था, आंतरिक सुरक्षा और सीमाओं की सुरक्षा चाक-चौबंद हों। उन्होंने कहा कि कोई भी देश जब तक अपनी आंतरिक सुरक्षा और सीमाओं की सुरक्षा चाक-चौबंद नहीं करता, तब तक विकास नहीं हो सकता।



शाह ने कहा कि कानून-व्यवस्था की अच्छी स्थिति ही विकास के लिए पहली शर्त है और इसके लिए आज़ादी के अमृत महोत्सव के वर्ष में गृह मंत्रालय ने देश में कानून-व्यस्था को और सुदृढ़ करने के अनेक परिवर्तन किए हैं, अमृत काल में इन परिवर्तनों को जमीन पर उतार कर इनका सुफल देश को देने का समय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है और आने वाले दिनों में एक मजबूत आर्थिक शक्ति के रूप में उभरेगा। ऐसे में हमारे आर्थिक संस्थानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी देशभर की पुलिस और एजेंसियों को और मजबूती से निभानी होगी। केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने जम्मू और कश्मीर में धारा 370 खत्म होने का जिक्र करते हुए कहा कि आज वहां की स्थिति को देखकर देश का हर नागरिक चैन की सांस ले सकता है कि ये अब हमेशा के लिए भारत का हिस्सा बन चुका है और इसे अब कोई हमसे नहीं छीन सकता। उन्होंने कहा कि वामपंथी उग्रवाद वाले क्षेत्रों में भी हिंसा में आई कमी के कारण अब विकास हर गांव और व्यक्ति तक पहुंच रहा है और हर जगह स्वास्थ्य, शिक्षा और इन्फ्रास्ट्रक्चर के नए युग का आग़ाज़ हुआ है। शाह ने कहा कि आज 49वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस का कम्पेन्डियम, बीपीआरएण्डडी की प्रतिष्ठित हिन्दी पत्रिका और उत्तराखंड पुलिस- मार्चिंग विद द टाइम्स पत्रिका का विमोचन हुआ है।

**ठगी मामला**

### तलाशी के दौरान एसआईटी के हाथ मामले से संबंधित महत्वपूर्ण साक्ष्य हाथ लगे

## क्रिप्टो करेंसी: 35 ठिकानों पर एसआईटी की दबिश

शिमला। क्रिप्टो करेंसी के नाम पर ठगी मामले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश सहित पंजाब व चंडीगढ़ में 35 स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान विशेष जांच की ओर से मामले में कांगड़ा, मंडी, ऊना, चंबा, हमीरपुर, बिलासपुर, शिमला और बद्दी में स्थित आरोपियों व संदिग्धों के आवासीय परिसरों में तलाशी ली गई।

इसके अलावा पंजाब और चंडीगढ़ में भी तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान एसआईटी के हाथ मामले से संबंधित महत्वपूर्ण साक्ष्य हाथ लगे हैं। एसआईटी ने

### एसआईटी के अनुसार तलाशी के दौरान एकत्र किए गए सबूत क्रिप्टो मुद्रा घोटाले की जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे

दस्तावेज, संपत्ति रिकॉर्ड सहित मोबाइल फोन और अन्य डिजिटल उपकरणों को जब्त किया है। कुछ वाहनों को भी जब्त किया गया है। ठगी मामले में आय से संबंधित विभिन्न विवरण प्राप्त किए हैं। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश पुलिस महानिदेशक कार्यालय की ओर से दी गई है।

एसआईटी के अनुसार तलाशी के दौरान एकत्र किए गए सबूत क्रिप्टो मुद्रा घोटाले की जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। हालांकि, अभी भी मामले में मुख्य सरगना फरार है। एसआईटी की ओर से अभी भी तलाशी अभियान जारी है। हिमाचल पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे सावधानी बरतें और उन योजनाओं में निवेश करने से बचें जो कम अवधि में असामान्य रूप से उच्च रिटर्न का वादा करती हैं। वित्तीय सुरक्षा और निवेश को हमेशा सावधानी और उचित परिश्रम से किया जाना चाहिए। वैध और विनियमित तरीकों से निवेश करके अपनी मेहनत की कमाई को सुरक्षित रखें। वहीं, क्रिप्टो करेंसी मामले में प्रदेश के हमीरपुर जिले के नादौन क्षेत्र में भी हड़कंप मच गया है। मामले में पंजाब पुलिस की ओर से जीरकपुर में पकड़े गए कुठियाना गांव निवासी एक व्यक्ति के घर पर नादौन पुलिस ने शनिवार सुबह दबिश दी। घर में तलाशी के दौरान पांच डायरी, डॉलर, दिरहम के तीन नोट तथा थाईलैंड मुद्रा के पांच नोट बरामद हुए हैं। इसके अलावा कुछ अन्य दस्तावेज भी पुलिस ने बरामद किए हैं।

गत चार सितंबर को पंजाब पुलिस ने जीरकपुर में दबिश देकर उक्त व्यक्ति व उसके दो अन्य साथियों को हिरासत में लिया था। इन तीनों से पूछताछ में पता चला है कि ठगी के तार हिमाचल से भी जुड़े हैं।

वर्ष 2019 से चल रही इस ठगी के शिकार कई पुलिस अधिकारी, कर्मचारी, नेता व अन्य लोग हुए हैं। नादौन क्षेत्र में भी लोगों के करोड़ों रुपये डूबने की आशंका है। बटरान, नोहंगी, धनेटा क्षेत्र के कई भाजपा व कांग्रेस नेता भी ठगी का शिकार हुए हैं। कुछ लोगों ने तो 50 लाख रुपये तक की राशि इसमें लगाई है। अब आशंका है कि रुपये डबल तो नहीं हुए, बल्कि जो लगाए थे वे भी डूब गए हैं। पुलिस अब इसमें गहन छानबीन कर रही है। क्षेत्र के कुछ लोग पुलिस के रडार पर है।

## एनआरआई पत्नी को फांसी की सजा

### बॉयफ्रेंड को उम्रकैद; इंग्लैंड में पति की हत्या की साजिश रची थी, भारत में हत्या

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर कोर्ट ने शनिवार 7 अक्टूबर को पति की हत्या करने वाली हत्यारी पत्नी को फांसी की सजा सुनाई है। महिला पर 5 लाख का जुर्माना भी लगाया। वहीं, महिला के बॉयफ्रेंड को उम्रकैद की सजा के साथ 3 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

पति की हत्या की साजिश इंग्लैंड में रची गई थी, भारत में हत्या की गई। वारदात में शामिल बॉयफ्रेंड दुबई में रहता था। हत्याकांड 2016 में हुआ था। घटना के 7 साल बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया।

### पत्नी बोली- पति की दाढ़ी पसंद नहीं थी

पुलिस पूछताछ में एनआरआई महिला



ने बताया था कि इंग्लैंड-दुबई के मुकाबले भारत की कानून व्यवस्था कमजोर है। इसलिए हम दोनों ने उसे भारत लाकर मारा। एडीजे कोर्ट के फैसले पर मृतक के परिवारवालों ने कहा, भारत के कानून ने उनके बेटे को न्याय दिलाया है। हम लोग कोर्ट से फांसी की सजा की मांग कर रहे थे।

पत्नी ने बताया कि मुझे अपने पति की दाढ़ी पसंद नहीं थी। मैं उसके साथ रहना भी नहीं चाहती थी। इसलिए उसे रास्ते से हटा दिया।

### मृतक सुखजीत लंदन में ट्रक ड्राइवर थे

शाहजहांपुर के बंडा के बसंतापुर गांव निवासी सुखजीत सिंह लंदन में ट्रक ड्राइवर थे। एक सितंबर 2016 की रात तीसरी मंजिल पर सोते समय उनकी गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। एनआरआई पत्नी रमनदीप कौर ने अज्ञात हमलावरों पर घर में घुसकर हत्या का आरोप लगाया था, लेकिन जांच में सच्चाई सामने आने पर रमनदीप और दुबई में रहने वाले उसके बॉयफ्रेंड मिट्ठू सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। इसके बाद से कोर्ट में केस की सुनवाई चल रही थी।

## ग्वालियर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है : शिवराज



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हमारी सरकार ने ग्वालियर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है। ग्वालियर अद्भुत शहर है। चौहान आज यहां मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली ग्वालियर के विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण कर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ग्वालियर गालव ऋषि की पावन तपो भूमि, संगीत सम्राट तानसेन की साधना स्थली, महारानी लक्ष्मी बाई के आत्मसमर्पण की धरा, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की कर्म भूमि रही है।


नई दिल्ली
रविवार 08 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com


## शार्ट न्यूज

### मोदी ने किसानों के लिए उठाये महत्वपूर्ण कदम

जोधपुर। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत नौ वर्षों में किसानों की अतिरिक्त चिंता करते हुए उनकी आय एवं कृषि को आगे बढ़ाने की हर दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये और आज इसका प्रतिफल देश भर में देखने को मिल रहा है। तोमर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के अंतर्गत आने वाले केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी), जोधपुर में शनिवार को किसान एवं वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम में वर्चुअल भाग लेते हुए यह बात कही। उन्होंने कृषि क्षेत्र को देश के लिए आज बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह कहा जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी कि जैसे जल ही जीवन है, वैसे कृषि ही जीवन है। आजीविका के लिए कई क्षेत्र हैं, जिनमें पैसा कमाया जा सकता है लेकिन कृषि का क्षेत्र ऐसा है कि यदि यह उपेक्षित हो गया तो पैसा तो हाथ में होगा लेकिन खरीदने के लिए खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री नहीं होगी, इसीलिए किसान को अन्नदाता कहा गया है और इसीलिए श्री मोदी ने किसानों की अतिरिक्त चिंता पिछले नौ वर्षों में की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने किसानों की आय व कृषि को आगे बढ़ाने के लिए जो-जो प्रयत्न आवश्यक है, उस दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए हैं।

### गहलोत सरकार ने घोषणा पत्र के 97 प्रतिशत वायदे पूरे किए : पवन खेडा

उदयपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया एवं कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा कि राजस्थान में अशोक गहलोत के नेतृत्व की कांग्रेस सरकार ने चुनाव से पहले घोषणा पत्र में किये गये 97 प्रतिशत वायदे पूरे करना अपने आप में एक बहुत बडी उपलब्धि हैं। कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य खेडा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जिम्मेदार सरकार की जो पार्टी होती हैं अपना धर्म समझती है कि चुनाव से पहले अपना बही खाता वोटर के सामने, मीडिया के माध्यम से सामने रखती है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्ष विश्व के लिए देश के लिए एवं प्रदेश के बहुत अच्छे नहीं गुजरे। ढ़ाई वर्ष कोरोना ने बर्बाद कर दिए जिसने अर्थ व्यवस्था को खराब किया। उसके बावजूद कांग्रेस की सरकार ने अपना बही खाता खोल कर जनता की वोटर की आंखो में आंखे डालकर इमानदारी से बात करने की अगर हिम्मत रखती है तो उस सरकार ने काम किया है। उन्होंने कहा कि खास तोर पर ऐसे दौर में जब प्रधानमंत्री चुनाव से पहले क्या बोलते हैं और चुनाव के बाद उनका गृह मंत्री कहता है कि यह तो जुमला था।

### हेमंत सोरेन सत्ता में रहेंगे तो झारखंडियों के लिए कुछ नही बचेगा : बाबूलाल मरांडी

रांची। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी आज फिर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर बरसे। मरांडी ने बरवाडीह में मनिका विधानसभा क्षेत्र की संकल्प सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य की जनता ने हेमंत सोरेन को विकास केलिए सत्ता सौंपी थी, युवाओं ने रोजगार केलिए उन्हें मुख्यमंत्री बनाया था लेकिन हेमंत जी सत्ता में आते ही सारे वादे भूल गए। इन्हे केवल पैसा और परिवार याद रहा। उन्होंने कहा कि परिवार और पैसे केलिए हेमंत सोरेन झारखंड के खान , खनिज बालू पत्थर जमीन सब को लूट रहे। लूटते और लूटवाते हुए हेमंत जी फाइल , फोल्डर और बॉस में उलझ गए। कहा कि भाजपा सरकार में आम जनता केलिए बालू फ्री था लेकिन सत्ता में आते ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुंबई, दिल्ली, कोलकाता के व्यापारियों को बालू घाट को लूटने की जिम्मेवारी दे दी। मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन अब और सत्ता में रहेंगे तो झारखंड वासियों केलिए राज्य में कुछ भी नही बचेगा ।उन्होंने कहा कि आज राज्य की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। रोज हत्या, लूट अपहरण की घटनाएं हो रही ।बहन बेटियों की इज्जत सुरक्षित नहीं। राज्य प्रतिदिन औसत 5 हत्या और 5 बलात्कार की घटनाएं हो रही। उन्होंने कहा कि पिछले छः महीनों में 23व्यापारियों की हत्या हुई जो राज्य के विकास में अपना योगदान दे रहे थे।

### कांग्रेस-शासित राज्यों में क्यों नहीं कराया गया जातीय सर्वे : सुशील मोदी

पटना । बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा कि जो लोग पूरे देश में जातीय सर्वे कराने की बात कर रहे हैं, वे बतायें कि कांग्रेस, टीएमसी, झामुमो के शासन वाले राज्यों में जातीय सर्वे अब तक क्यों नहीं हुआ और क्या मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जातीय सर्वे कराने के लिए ममता बनर्जी को राजी कर पाएंगे। मोदी ने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव करीब देख कर जो कांग्रेस जातीय सर्वे कराने का वादा कर रही है, उसे बताना चाहिए कि यह काम पिछले चार साल में क्यों नहीं कराया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के शासन वाले राज्यों में जातीय सर्वे अब तक क्यों नहीं हुआ। क्या बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जातीय सर्वे कराने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को राजी कर पाएंगे। भाजपा सांसद ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस की सिद्धरमैया सरकार ने वर्ष 2015 में 200 करोड़ रुपये खर्च कर जो जातीय सर्वे कराया था, उसकी रिपोर्ट जारी क्यों नहीं की गई। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के जातीय सर्वे की रिपोर्ट जारी कराने के लिए राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को कांग्रेस नेता राहुल गांधी से बात करनी चाहिए।

### रीवा में संस्कृत विश्वविद्यालय का भूमि-पूजन

रीवा। मध्यप्रदेश के जनसंपर्क एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने लक्ष्मणबाग मंदिर परिसर रीवा में रामानुज संस्कृत विश्वविद्यालय का भूमि पूजन किया। शुक्ल ने कहा कि आज विंध्यवासियों का तीन पीढ़ियों का सपना पूरा हो रहा है। पूरे विंध्य में संस्कृत के विद्यालय और महाविद्यालय हैं। स्वामी ऋषि कुमार, पंडित रामसागर शास्त्री, पंडित कुशल प्रसाद शास्त्री पं. भगवानदत्त शास्त्री तथा अन्य संस्कृत विद्वानों ने बरसों विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्रयास किया। उन सब के आशीर्वाद से यह कार्य पूरा हो रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रीवा में संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना में बहुत बड़ा योगदान दिया है। लगातार प्रयास करने के बाद हमको यह सौगात मिली है। आशा है कि रामानुज संस्कृत विश्वविद्यालय ज्ञान अध्यात्म और सनातन धर्म के विकास का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा भारत ही नहीं दुनिया की अनेक भाषाओं की जननी है। वेद पुराण उपनिषद का अप्रतिम ज्ञान हमें संस्कृत भाषा के माध्यम से मिलता है। संस्कृत भाषा हमें ज्ञान के साथ-साथ जीवन के सच्चे संस्कार देती है। संस्कृत देव भाषा है। इसका जितना महत्व प्राचीन काल में था उतना ही महत्व वर्तमान काल में भी है।

### प्रकृति की रचनाओं में सबसे सामर्थ्यवान है मानव

भोपाल। मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि प्रकृति की रचनाओं में मानव प्रजाति सबसे अधिक सामर्थ्यवान है। उसके पास बुद्धि, वाणी की अदभुत शक्तियां है और उसका कर्तव्य है कि वह वन और वन्य प्राणी की सेवा का उत्तरदायित्व ग्रहण करे। पटेल ने वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में आयोजित राज्यस्तरीय वन्य प्राणी सप्ताह समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते यह बात कही। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे वन और वन्यप्राणियों की 365 दिन सुरक्षा, संरक्षण और सेवा का संकल्प लें। उन्होंने अपेक्षा की है कि मानव उत्साह और दायित्व बोध के साथ समाज में आगे बढ़कर वन और वन्य प्राणी संरक्षण प्रयासों का नेतृत्व करें। पटेल ने कहा कि वन और वन्य प्राणियों के साथ उनका जुड़ाव बहुत पुराना है। उन्हें गुजरात मे वन मंत्री के रूप में लंबे समय तक कार्य का अनुभव है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में मानव प्रजाति का हिस्सा बहुत छोटा है। हमारे चारों ओर जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की असंख्य प्रजातियाँ हैं। इन विभिन्न प्रजातियों और हमारी मानव जाति के बीच नाजुक संतुलन से ही इकोलॉजी तंत्र बनता है, जिसमें जैव विविधता महत्वपूर्ण भूमिका रखती है। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषि-मुनियों ने अपने तप, त्याग और साधना से हजारों साल पहले ही इकोलॉजी तंत्र के संरक्षण के लिए प्राणियों में सद्भावना का संदेश दिया था। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में वन और वन्यजीवों का विशिष्ट स्थान रहा है। विभिन्न देवी-देवताओं के वाहन वन्यजीव हैं। पेड़-पौधों की आराधना होती है।

# मोनू मानेसर 4 दिन के रिमांड पर

## राजस्थान से पटौदी फायरिंग केस में लाई हरियाणा पुलिस

गुरुग्राम/चंडीगढ़। राजस्थान की अजमेर जेल से हरियाणा के गुरुग्राम लाए गए मोनू मानेसर पर हरियाणा पुलिस का शिकंजा कस गया है। पुलिस ने पटौदी कोर्ट में पेश करके उसको 4 दिन के रिमांड पर लिया है। फरवरी में दर्ज हुए हत्या के प्रयास के मामले के अलावा कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस से वीडियो कॉल पर हुई उसकी बातचीत को लेकर पुलिस मोनू मानेसर से पूछताछ कर राज उगलवाएगी।



बता दें कि नासिर-जुनैद हत्याकांड के मामले में राजस्थान की अजमेर जेल में बंद मोनू मानेसर को आज ही हरियाणा पुलिस गुरुग्राम लेकर पहुंची थी। यहां मेडिकल कराने के बाद उसे पटौदी कोर्ट में पेश किया गया। मोनू की यह पेशी गुरुग्राम के पटौदी इलाके में फायरिंग किए जाने के मामले में दर्ज केस में हुई। मोनू के खिलाफ इस मामले में आईपीसी की धारा 307 के तहत केस दर्ज है।

### कोर्ट में दोनों पक्षों की बहस

पटौदी केस में पेश करने के बाद पुलिस ने मोनू मानेसर का रिमांड मांगा। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने और केस की गंभीरता और पुलिस के तर्क पर गौर करते हुए मोनू को 4 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। पुलिस उससे हत्या के प्रयास के मामले के अलावा क्राइम ब्रांच मोनू और लॉरेंस बिश्नोई के वायरल वीडियो के मामले को लेकर भी उससे पूछताछ करेगी।

### कड़ी सुरक्षा में मोनू मानेसर की पेशी

इससे पहले कोर्ट ने मोनू मानेसर को 2 घंटे का रिमांड दिया है। 12 बज के 40 मिनट पर फिर एक बार मोनू मानेसर को कोर्ट में पेश किया गया। मोनू की पेशी को देखते हुए पटौदी कोर्ट परिसर में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है।

### 7 फरवरी को पटौदी में फायरिंग का मामला

दूसरा मामला, 7 फरवरी को गुरुग्राम के कस्बा पटौदी में हुई फायरिंग से जुड़ा है। यहां की एक लड़की ने दूसरे समुदाय के लड़के के शादी कर ली थी। बाद में दोनों पक्षों के बीच काफी तनाव हुआ और उसमें मोनू मानेसर भी अपनी टीम के साथ पहुंच गया। झगड़ा इतना बढ़ा कि दोनों तरफ से फायरिंग हुई और इसमें मोइन नाम के एक युवक को गोली लग गई। इसमें भी मोनू मानेसर ही फायरिंग का आरोप लगा। हालांकि बाद में मोनू ने फायरिंग के आरोपों को नकारते हुए दूसरे पक्ष पर ही गाड़ियों में तोड़फोड़ और मारपीट करने का आरोप लगाया था।

## कश्मीर में बेहतर स्वास्थ्य देखभाल के लिए रोडमैप तैयार करने पर जोर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) और एक गैर-लाभकारी ट्रस्ट ईसीएचओ इंडिया जनजातीय समुदायों के लिए बेहतर स्वास्थ्य देखभाल पहुंच के लिए एक खाका (रोडमैप) तैयार करने के वास्ते मिलकर काम करेंगे।

शनिवार को जीएमसी श्रीनगर में एक गोलमेज चर्चा आयोजित की गई, जिसमें जनजातीय समुदायों के लिए स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने के लिए नया समाधान तलाशने के वास्ते नीति निर्माताओं और स्वास्थ्य देखभाल विशेषज्ञों को एक मंच पर लाया गया। अधिकारियों ने कहा, इस कार्यक्रम ने प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों, नीति निर्माताओं और प्रसिद्ध स्वास्थ्य विशेषज्ञों को बातचीत में शामिल होने और वंचित जनजातीय आबादी में स्वास्थ्य सेवा पहुंच और लचीलापन बनाने के उद्देश्य से नए समाधान तलाशने के लिए एकजुट किया। जनजातीय कार्य विभाग के सचिव और जनजातीय अनुसंधान संस्थान के निदेशक शाहिद इकबाल चौधरी ने इस प्रयास की सहयोगात्मक प्रकृति पर जोर दिया।

उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य एक व्यापक रोडमैप बनाना है जो जम्मू-कश्मीर के पर्वतीय क्षेत्रों में जनजातीय समुदायों के सामने आने वाली स्वास्थ्य देखभाल चुनौतियों का समाधान करेगी। इस सहयोग से हमारा लक्ष्य अधिक लचीली और सुलभ स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की दिशा में एक रास्ता अख्तियार करना है। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव भूपिंदर कुमार ने समावेशिता और नवाचार के महत्व पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा,यह कार्यक्रम सार्थक चर्चाओं और परामर्शों के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है, जहां विशेषज्ञ वंचित जनजातीय आबादी के लिए स्वास्थ्य देखभाल के भविष्य को आकार देने के लिए जुटते हैं।

## सोलन पुलिस ने चिट्टे तस्कर को अटारी बॉर्डर से दबोचा

एजेंसी

सोलन । हिमाचल प्रदेश की सोलन पुलिस को चिट्टा तस्करी के मामले में जबरदस्त सफलता हासिल हुई है। खाकी की स्पेशल टीम ने भारत-पाकिस्तान सीमा से चिट्टा की तस्करी करने वाले आरोपियों में से एक आरोपी को अटारी वाघा बॉर्डर के समीप से गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर 13 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

गत 25 सितंबर स्पेशल टीम द्वारा चिट्टा तस्करों पर रखी जा रही निगरानी के दौरान पाया गया कि शूलिनी यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाला छात्र दक्ष ठाकुर चिट्टे की खरीद फरोख्त में शामिल है, जो यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स के अलावा अन्य युवक युवतियों को भी चिट्टा सप्लाई करता है। आरोपी से एम फार्मा की पढ़ाई की कर रहा है। टीम ने दक्ष ठाकुर के कमरे में दबिश दी। ऊना के रहने वाले 23 वर्षीय दक्ष ठाकुर से 12 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ।


आरोपी को गिरफ्तार कर पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। बैकवर्ड लिंकेज इन्वेस्टिगेशन के दौरान आरोपी से खेप के सप्लायर बारे पूछताछ की गई, जिसमें पता चला कि यह पिछले कुछ सालों से अटारी बॉर्डर के एक नशा तस्कर पंजाब के अमृतसर की अटारी तहसील के रहने वाले 33 वर्षीय मंगल सिंह के संपर्क में है और लगातार हेरोइन की तस्करी हिमाचल प्रदेश में ऊना, मंडी और सोलन में कर रहा था।

## तीस लाख रुपये की अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर/नैनीताल। उत्तराखंड में ऊधमसिंह नगर की गदरपुर पुलिस ने तीस लाख रुपये की अफीम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार गदरपुर पुलिस की ओर से शुक्रवार रात को नवाबगंज रोड पर जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस टीम ने एक एक्सयूवी 300 नबंर यूके 06 बीएफ 1900 को रोका और उसकी जांच की तो उसमें से तीन किलोग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर ही वाहन सवार गुरबाज सिंह निवासी रतनपुरी, थाना गदरपुर, ऊधमसिंह नगर एवं सरबजीत सिंह उर्फ हनी निवासी सूरजपुर, गदरपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को आरोपियों से महत्वपूर्ण जानकारी हाथ लगी है।

## सिन्हा ने वन्यजीव सप्ताह के हिस्से के रूप में वॉकथॉन को दिखाई हरी झंडी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पुलिस गोल्फ कोर्स से निशात बाग, श्रीनगर तक वन्यजीव सप्ताह 2023 के एक भाग के रूप में वॉकथॉन 'वॉक फॉर वाइल्डलाइफ' को शनिवार को हरी झंडी दिखाई। वन्यजीव संरक्षण पर जागरूकता फैलाने के लिए वन्यजीव संरक्षण विभाग द्वारा आयोजित पांच किमी लंबे वॉकथॉन में प्रमुख नागरिकों, वन्यजीव संरक्षण और इको क्लब के सदस्यों, स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेटों, छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। अपने संबोधन में, उपराज्यपाल ने वन्यजीव संरक्षण, अद्वितीय और समृद्ध पारिस्थितिक विरासत की सुरक्षा एवं आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने तथा सही



संतुलन बनाकर पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए जम्मू-कश्मीर प्रशासन की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने समुदाय के नेतृत्व में जैव विविधता के संरक्षण और वन्यजीवों की सुरक्षा का आह्वान किया। उन्होंने कहा, पारिस्थितिक अखंडता को मजबूत करना, हमारी नदियों, झीलों के मूल गौरव को बहाल करना और तस्करों और शिकारियों से हमारे जंगलों की रक्षा करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उपराज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक नागरिक, प्रत्येक युवा को वन्यजीव और पर्यावरण मित्र बनना चाहिए और स्थायी जीवन शैली अपनाने के बारे में समाज में जागरूकता फैलानी चाहिए। उपराज्यपाल ने वन्यजीव आवासों के एकीकृत विकास और पर्यावरण पर्यटन और हरित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में यूटी प्रशासन के प्रयासों को साझा किया।

सिन्हा ने कहा कि 2008 से बंद पड़े त्राल में हंगुल प्रजनन केंद्र को इस साल पुनर्जीवित और पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि हंगुल की आबादी में वृद्धि देखी गई है और 2022 में दो और रामसर साइटें जोड़ी गईं।

## क्षेत्रीय परिषदों की भूमिका एक्शन प्लेटफार्म के रूप में कारगर

नरेंद्रनगर (उत्तराखंड)। उत्तराखंड के टिहरी जनपद अंतर्गत, नरेंद्रनगर में शनिवार को मध्य क्षेत्रीय परिषद की 24वीं बैठक में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में क्षेत्रीय परिषदों की भूमिका सलाहकार से बदलकर एक्शन प्लेटफार्म के रूप में कारगर साबित हुई है।

शाह ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि मोदी जी ने हमेशा सहकारी संघवाद की भावना को मजबूत करने पर बल दिया है और क्षेत्रीय परिषदों ने समस्याओं का समाधान निकालने,



फाइनेंशियल इंक्लूजन बढ़ाने और नीतिगत बदलावों में कैटलस्ट की भूमिका निभाई है।

शाह ने कहा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद में शामिल राज्य देश में कृषि, पशुपालन, अनाज उत्पादन, खनन, जल आपूर्ति और पर्यटन का प्रमुख केन्द्र हैं। इन राज्यों के बिना जलापूर्ति की कल्पना ही नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि इन राज्यों ने प्रधानमंत्री मोदी जी के टीम इंडिया के कांसेप्ट को जमीन पर उतारा है। उन्होंने कहा कि बच्चों में कुपोषण की समस्या को पूरी संवेदनशीलता के साथ दूर करना हम सबकी ज़िम्मेदारी है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने सहकारिता, स्कूली बच्चों की ड्रॉप आउट दर और कुपोषण जैसे मुद्दों को प्राथमिकता बताते हुए सभी सदस्य राज्यों से इन पर खास ध्यान देने को कहा।

बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मेजबान उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वयं उपस्थित होकर जबकि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों ने आभासी (वर्चुअल) रूप से भाग लिया।

इस दौरान, बैठक में विभिन्न निर्णय लिए गए जिनमें लाख उत्पादन को रिवाइज्ड वेदर बेस्ड क्रॉप इंश्योरेंस स्कीम में शामिल करने के लिए आईसीएआर द्वारा अध्ययन कराने का निर्णय लिया गया।

इससे लाख उत्पादन से जुड़े किसानों को फायदा होगा। कोदो और कुटकी उपज के मूल्य को रागी के एमएसपी के बराबर तय करने का भी निर्णय लिया गया।

## महज 200 रुपये के लिये हत्या के मामले में पिता, पुत्र,दामाद समेत चार गिरफ्तार

रूद्रपुर/नैनीताल। उत्तराखंड की ऊधमसिंह नगर पुलिस ने मात्र 200 रुपये के लिये एक व्यक्ति की हत्या के मामले में पिता, पुत्र दामाद समेत कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया है। ऊधमसिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) टीएस मंजूनाथ ने आज इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि छह अक्टूबर को पुलभट्टा के सिरौलीकलां में दो पक्षों में भीषण विवाद हो गया था। इसमें एक व्यक्ति की जान चली गयी थी। सूचना मिलते ही पुलभट्टा थाना प्रभारी कमलेश भट्ट पूरे दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक रफीक कुरैशी के पुत्र हनीफ कुरैशी की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू की। पुलिस को पता चला कि लईक मांस की बिक्री का काम करता है। मृतक रफीक कुरैशी ने लईक से दो दिन पहले 200 रुपये का मांस खरीदा था। इसी को लेकर विवाद बढ़ा और शुक्रवार दोपहर में दोनों पक्ष आमने सामने आ गये। लईक के पुत्र फुरकान, दामाद असलम और उसके रिश्तेदार अनस ने रफीक कुरैशी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने आज चारों को गिरफ्तार कर लिया।

## बोस को जनता की पीड़ा जाननी चाहिए : अभिषेक

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कहा कि राज्यपाल डॉ. सी. वी. आनंद बोस को बंगाल की जनता की पीड़ा जाननी चाहिए। बनर्जी ने कहा, यदि हम बंगाल की जनता के चेहरे पर मुस्कान लौटाने में असफल रहे, तो हम दुर्गा पूजा उत्सव में हिस्सा नहीं लेंगे। बनर्जी ने कहा, कल, हमने घोषणा की कि जब तक राज्यपाल हमारे तृणमूल प्रतिनिधिमंडल से नहीं मिलते और 20 लाख मनरेगा लाभार्थियों की बकाया राशि जारी करने से संबंधित सवालों का जवाब नहीं देते तब तक हम बंगाल के अधिकारों के लिए लड़ने के लिए यहां अपना शांतिपूर्ण धरना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें पत्रकारों के माध्यम से पता चला कि राजभवन ने एक बयान जारी किया है जिसमें कहा गया है कि 'घेराव नहीं, घर आओ'। बनर्जी ने कहा, सबसे पहले मैं स्पष्ट करना चाहूंगा कि यह कोई घेराव नहीं है, जो द्वार पर होता है। राजभवन में कई द्वार हैं और हमने उनमें से किसी पर भी कब्जा नहीं किया है। दूसरा, जब राज्यपाल राजभवन में मौजूद नहीं है तो मैं उसके घर कैसे जा सकता हूं जो व्यक्ति अपने घर पर मौजूद नहीं है वह मुझे कैसे आमंत्रित कर सकता है?

## मौसम खराब होने पर योगी का केदारनाथ जाने का कार्यक्रम हुआ रद्द

चमोली/देहरादून। उत्तराखंड के तीन दिवसीय भ्रमण पर आए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को मौसम खराब होने के कारण रुद्रप्रयाग जिले के केदारनाथ धाम नहीं पहुंच सके। उन्हें यहां रात्रि विश्राम भी करना था। वह अब सीधे चमोली जिले में पहुंच गए हैं। जहां वह भारत, तिब्बत सीमा पर स्थित माणा गांव से ऊपर तैनात सेना के जवानों की हौंसला अफजाई करने पहुंचे हैं। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आज शाम भगवान बदरीविशाल की शयन आरती में शामिल होंगे।

## अवैध हथियारों के मामले में एसटीएफ को मिली बड़ी कामयाबी, सौदागर गिरफ्तार

**रूद्रपुर/नैनीताल।** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को उत्तराखंड में अवैध शस्त्रों के मामले में बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। एसटीएफ की कुमाऊं इकाई ने अवैध हथियारों के एक बड़े सौदागर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कई अवैध हथियार बरामद किये हैं।

एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आयुष अग्रवाल के अनुसार एसटीएफ को गदरपुर क्षेत्र में लंबे समय से अवैध शस्त्रों की तस्करी के संबंध में गोपनीय सूचना मिली थी। एसटीएफ की एक टीम लगातार इस पर नजर बनाये रखी। साथ ही सही



मौके की तलाश में लगी रही। टीम को शुक्रवार को अवैध हथियारों की बड़ी खेप की सूचना मिली। इसके बाद गदरपुर पुलिस के साथ एसटीएफ की एक टीम ने खुशालपुर गांव के एक घर पर कार्यवाही करते हुए पांच आधुनिक शस्त्र बरामद किये।

मौके पर आरोपी बचन सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी अवैध शस्त्रों का बड़ा सौदागर है। वह पिछले बीस वर्षों से अवैध हथियारों के निर्माण और आपूर्ति में लगा है। वह उत्तराखंड के अलावा उप्र, हरियाणा और पंजाब में अवैध हथियारों की आपूर्ति करता है।

टीम को जांच में पता चला कि आरोपी उत्तराखंड-उप्र की सीमा से सटे कलकती के जगंल में अवैध असलाह बनाने काम करते हैं। उनके हथियारों की उप्र में बड़ी मांग है। अभी तक वह विभिन्न राज्यों में 1000 से अधिक अवैध हथियारों की आपूर्ति कर चुका है।

## भाजपा का एसवाईएल पर सीएम आवास के घेराव का प्रयास

चंडीगढ़। पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सतलुज यमुना सम्पर्क (एसवाईएल) नहर मुद्दे पर शनिवार को यहां मुख्यमंत्री भगवंत मान के आवास का घेराव करने का प्रयास जिस पर अनेक भाजपा नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ की अध्यक्षता में यहां पार्टी मुख्यालय में कोर कमेटी की बैठक हुई, जिसमें एसवाईएल नहर मुद्दे पर चर्चा हुई। पार्टी के नेताओं ने पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार पर उच्चतम न्यायालय में इस मामले में कमजोर पैरवी का आरोप लगाते हुये उसकी निंदा की और कहा कि ऐसा



करके उसने राज्य की जनता के साथ धोखा किया है।

जाखड़ ने बैठक में राज्य सरकार पर एसवाईएल मामले में दोहरी चाल चलने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि एक तरफ तो राज्य सरकार उच्चतम न्यायालय में अपना पक्ष रखते हुये कहती है कि वह तो नहर का निर्माण करना चाहती है लेकिन विपक्षी दल और किसान संगठन इसका विरोध कर इसमें बाधा डाल रहे हैं लेकिन दूसरी ओर मुख्यमंत्री बाहर यह बयानबाजी कर रहे हैं कि वह एक बूंद भी पानी पंजाब से बाहर नहीं जाने देंगे। इससे आप का चेहरा बेनकाब हो गया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि सरकार के इसी पक्ष के कारण न्यायालय को राज्य सरकार के प्रति तल्ख टिप्पणी करनी पड़ी है।

बैठक के बाद श्री जाखड़ के नेतृत्व में पार्टी के अनेक नेता और कार्यकर्ता अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत काली पट्टियां बांध कर एसवाईएल नहर मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री के आवास की ओर बढ़े लेकिन पुलिस ने इन्हें थोड़ी दूर पहले ही रोक लिया। इस दौरान पार्टी नेताओं ने अवरोधक तोड़ कर आगे बढ़ने का प्रयास जिस पर उनकी पुलिस के साथ झड़प और तीखी नोंक झोंक भी हो गई। भाजपा नेता इसके बाद वहीं पर धरने पर बैठ गये।

जाखड़ ने कहा कि पंजाब के पास जब अपनी ही उपयोग के लिये पर्याप्त पानी नहीं है तो फिर अन्य राज्यों को इसे देने का सवाल ही कहां उठता है। उन्होंने राज्य की जनता को विश्वास दिलाया कि पंजाब का किसी भी राज्य के साथ बंटने नहीं दिया जाएगा।

## गहलोत ने आठ बोर्डों के गठन को दी मंजूरी

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आठ विभिन्न बोर्डों के गठन को स्वीकृति दी है। इन नवगठित बोर्ड में राजस्थान राज्य राजा बली कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य वाल्मिकी कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य मेघवाल कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य पुजारी कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य केवट कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य जाटव कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य धाणका कल्याण बोर्ड एवं राजस्थान राज्य चित्रगुप्त कायस्थ कल्याण बोर्ड शामिल हैं। सभी बोर्ड संबंधित वर्गों की स्थिति का जायजा लेने, प्रमाणिक सर्वे रिपोर्ट के आधार पर वर्गों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा इनके पिछड़ेपन को दूर करने के सुझाव राज्य सरकार को देंगे। इन बोर्ड द्वारा संबंधित वर्ग के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाएं प्रस्तावित करने, उनके लिए वर्तमान में संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में विभिन्न विभागों से समन्वय करने, परम्परागत व्यवसाय को वर्तमान तौर-तरीकों से आगे बढ़ाने, रोजगार को बढ़ावा देने तथा शैक्षिक एवं आर्थिक उन्नयन के संबंध में सुझाव दिए जाएंगे। साथ ही, सामाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों के विरूद्ध ठोस उपाय करने सहित अन्य सुझाव भी राज्य सरकार को प्रस्तुत किए जाएंगे। इन सभी बोर्ड में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं तीन सदस्य सहित 5-5 गैर-सरकारी सदस्य होंगे तथा राज्य के विभिन्न विभागों के शासन सचिव, आयुक्त, निदेशक, संयुक्त निदेशक एवं उप निदेशक स्तर के अधिकारी सरकारी सदस्य होंगे।

## शार्ट न्यूज

### आधी जली सिगरेट फेंकने पर जुर्माना

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सुपरटेक इको विलेज-1 सोसाइटी में रहने वाले एक युवक को सिगरेट पीना महंगा पड़ गया। सोसाइटी में सिगरेट पीकर दूसरे फ्लैट में फेंकने पर युवक के ऊपर मेंटेनेंस टीम ने 1000 रुपए का जुर्माना लगा दिया है। वहीं, आगे के लिए युवक को आगे के लिए हिदायत दी गई है। सुपरटेक इको विलेज वन सोसायटी के क्क-14 टावर में एक युवक 5 अक्टूबर को अपने फ्लैट की बालकनी में खड़ा होकर सिगरेट पी रहा था। जब उस युवक की सिगरेट खत्म हो गई तो उसने बची हुई सिगरेट को नीचे फेंक दिया। वह हिस्सा जला हुआ था, जोकि नीचे वाले फ्लैट की बालकनी में जाकर गिर गया। उस समय नीचे वाले फ्लैट का मालिक भी वहीं मौजूद था। उसने देखा कि बिना बुझी हुई सिगरेट उसके फ्लैट की बालकनी में फेंक दी गई है तो उस युवक ने इसकी शिकायत तत्काल सोसायटी के मेंटेनेंस विभाग को जाकर की और कहा कि उसके फ्लैट में ऊपर वाले रेजिडेंट ने जलती हुई सिगरेट फेंक दी है। इसी मामले को लेकर मेंटेनेंस विभाग हरकत में आ गया और सिगरेट पीने वाले युवक पर 1000 रुपए का जुर्माना लगा दिया और आगे से ऐसी हरकत ना करने की हिदायत दी।

### कार में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

नोएडा। नोएडा के थाना नॉलेज पार्क में एक डस्टर कार में आग लग गई। चालक ने कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाई। वहीं सूचना पाकर मौके पर दमकल की गाड़ी भी मौके पर पहुंच गई। सड़क को दोनों ओर से बैरिकेडिंग लगाकर कर रोका गया। इसके बाद 20 मिनट तक कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन आग पूरी तरह जल चुकी थी। शॉर्ट सर्किट को आग लगने का कारण बताया जा रहा है। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि शुक्रवार देर रात कार में आग लगने की सूचना मिली थी। कार का नंबर यूपी 16 एवाई 6894 है। मौके पर पुलिस और दमकल की एक गाड़ी पहुंची। उस समय कार आग की लपटों से घिरी हुई थी। कार में आग बोनट की ओर से लगी थी। प्राथमिक जांच में आग की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है। गनीमत रहीं कि गाड़ी लॉक नहीं हुई। चालक की पहचान शुभम सक्सेना हुई है। वह ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क में ही रहते है। वह ऑफिस से लौट रहे थे। इस दौरान कुछ देर के लिए यातायात को रोका गया। आग करीब 20 से 25 मिनट में बुझा दी गई।

### ग्रेप का उल्लंघन करने पर 16 लाख का जुर्माना

नोएडा। ग्रेप को लेकर क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण विभाग की कार्रवाई जारी है। शुक्रवार को प्रदूषण फैलाने पर 17 संस्थानों पर 16 लाख 80 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। जुर्माना नहीं भरने पर इनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। क्षेत्रीय पॉल्यूशन अधिकारी उत्सव ने बताया, निरीक्षण के दौरान देखा गया कि इन सभी स्थानों पर सीएंडडी मटेरियल खुले में पड़ा था। इस कंस्ट्रक्शन मटेरियल को न तो ग्रीन शीट से ढका गया था। और न ही रेगुलर रूप से यहां पानी का छिड़काव किया जा रहा था। हवा और कंस्ट्रक्शन काम होने से यहां लगातार धूल उड़ रही थी। इससे यहां का AQI लगातार खराब हो रहा था। जबकि नोएडा में 1 अक्टूबर से ग्रेप लागू है। इसके बाद भी यहां NGT और GRAP दोनों के नियमों की अनदेखी की जा रही थी। इसलिए जुर्माना लगाया गया। प्राधिकरण की ओर से भी लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उनकी ओर से सड़कों पर एसटीपी के शोधित पानी से छिड़काव किया जा रहा है। साथ मैकेनिक स्वीपिंग की जा रही है।

### इस्कॉन आयोजित करेगा कार्यक्रम 'उड़ान'

नोएडा। देश के युवाओं के समग्र कल्याण के लिए इस्कॉन नोएडा द्वारा विकसित एक प्रेरणादायक कार्यक्रम उड़ान 29 अक्टूबर आयोजित करने जा रहा है। इसका उद्देश्य पारम्परिक वैदिक व यौगिक प्रक्रिया के माध्यम से युवाओं के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक सेहत के प्रति जागरूक करना होगा। इस कार्यक्रम में करीब 20 हजार युवा मौजूद रहने की उम्मीद है। कार्यक्रम वाई20/जी20 के सहयोग से शाम 4 से रात 8 बजे तक नोएडा स्टेडियम में किया जाएगा। इसकी जानकारी इस्कॉन नोएडा द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में दी गई। मीडिया प्रभारी एकांत धाम दास ने बताया कि इस्कॉन नोएडा शास्त्रों के ज्ञान को शब्दों और पारस्परिक संवाद से पूर्ण एक जीवंत शाम उड़ान आयोजित कर रहा है। ये आयोजन नोएडा स्टेडियम में होगा। इस आयोजन में नोएडा और उत्तर प्रदेश के अन्य नगरों से अलग-अलग महा विद्यालयों, विश्वविद्यालयों, व्यवसायिक क्षेत्रों आदि से लगभग 20 हजार युवाओं के आने की संभावना है।

# जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों ने केजरीवाल सरकार का किया धन्यवाद

## कैलाश गहलोत ने हरसंभव मदद का दिया आश्वासन

नई दिल्ली। दिल्ली के कैबिनेट मंत्री कैलाश गहलोत आज नजफगढ़ के मलिकपुर गांव में कृषि कंपनी धाम ऑर्गेनिक द्वारा आयोजित जैविक किसान मिलन समारोह में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, बिहार और राजस्थान सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने किसानों द्वारा अपने जैविक उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए लगाए गए स्टालों का भी निरीक्षण किया और उनके साथ बातचीत भी की।

किसानों को संबोधित करते हुए कैलाश गहलोत ने जैविक खेती को बढ़ावा देने और इसके ज़रिए सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री



अरविंद केजरीवाल के दूरदर्शी नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने लगातार जैविक खेती को प्रोत्साहित किया है जिससे सतत विकास को बढ़ावा मिला है। उन्होंने जैविक कृषि विधियों को अपनाकर पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने और महत्वपूर्ण संसाधनों को संरक्षित करने के लिए केजरीवाल सरकार के प्रयासों को रेखांकित किया।

कैबिनेट मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा, पिछले साल, हमने कुशक नाला क्लस्टर बस डिपो में हाइड्रोपोनिक्स बागवानी और प्रशिक्षण सुविधा की शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य आजीविका के लिए हाइड्रोपोनिक्स बागवानी और इसके व्यावसायिक उपयोग में महिलाओं को प्रशिक्षित करना था।

मंत्री कैलाश गहलोत ने एकत्रित किसानों को दिल्ली सरकार से सभी तरह के समर्थन का आश्वासन देते हुए कहा, चुनौतीपूर्ण समय के दौरान केजरीवाल सरकार हमेशा कृषक समुदाय के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रही है। उन्होंने बेमौसम बारिश और तूफान से प्रभावित किसानों की सहायता के लिए केजरीवाल सरकार द्वारा उठाये गए क़दमों पर भी प्रकाश डाला और कहा कि प्रभावित किसानों को केजरीवाल सरकार ने रु 20,000 प्रति एकड़ की दर से मुआवजे के रूप में रु 45 करोड़ दिए हैं।

धाम ऑर्गेनिक द्वारा आयोजित जैविक किसान मिलन समारोह में मुख्य रूप से जैविक खेती के अभ्यास को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया। प्रसिद्ध कृषि विशेषज्ञ पद्मश्री भारत भूषण त्यागी ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की और जैविक खेती की महत्ता के बारे में लोगों को बताया। कार्यक्रम के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों से आए किसानों ने जैविक खेती तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिसमें विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने भी भाग लिया। सुमित डागर और अनीता डागर के संरक्षण में, धाम ऑर्गेनिक किसी भी रासायनिक उर्वरक, कीटनाशकों या जीएमओ के उपयोग के बिना पौधों का पोषण और खेती करता है।

# ग्रेटर नोएडा के डूब क्षेत्र में चला प्रशासन का बुलडोजर

गौतम बुद्ध नगर। गौतमबुद्ध नगर के डूब क्षेत्र में किए जा रहे अवैध निर्माण को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में एसडीएम सदर के द्वारा जिलाधिकारी के निर्देश पर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। आगे भी इसी तरह की प्रशासन द्वारा कार्रवाई कर ने की चेतावनी दी गई है। गौतमबुद्ध नगर में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर जमीन को अवैध कब्जों से मुक्त करने की कार्रवाई लगातार की जा रही है। इस कड़ी में डूब क्षेत्र में भी अवैध निर्माण को रोका जा रहा है और जिन लोगों के द्वारा यहां पर अवैध निर्माण किया जा रहा है उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जा रही है।

इसी कड़ी में शनिवार को उप जिलाधिकारी सदर अंकित कुमार के द्वारा कुलेसरा डूब क्षेत्र में हो रहे निर्माण को बुलडोजर के द्वारा ध्वस्त कराया गया है। उप जिलाधिकारी सदर



अंकित कुमार ने बताया कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में इसी प्रकार से कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए डूब क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माण को ध्वस्त करने एवं भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने की कार्रवाई की जाएगी। दरअसल राजस्व विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि डूब क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा। जबरन जमीन पर कब्जा किया जा रहा। इसी सूचना पर एसडीएम सदर के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची।बुलडोजर चला कर अवैध निर्माण को ढहाया गया।

# दो दिवसीय 16वें गुरु देबाप्रसाद नृत्य परंपरा महोत्सव का आयोजन किया



नई दिल्ली । देबधारा संगठन दिल्ली,राजधानी में दो दिवसीय 16वें गुरु देबाप्रसाद नृत्य परंपरा महोत्सव का आयोजन इस शनिवार और रविवार को किया जा रहा है। सात और आठ अक्तूबर को इसका आयोजन लोधी रोड स्थित आंध्रा एसोसिएशन के गोदावरी सभागार में किया जा रहा है। इस समारोह में प्रवेश निःशुल्क है और शाम 6: 30 को इसका आराम होगा । देबधारा संगठन विभिन्न प्रकार के भारतीय नृत्य उत्सवों और संगीत महोत्सवों का आयोजन करते आया है।देबधारा की स्थापना दिल्ली में 2003 में डा. बिनायक पांडा ने की थी। इसी कड़ी में इस बार दिल्ली में गुरु देबाप्रसाद नृत्य परंपरा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन ओडीशी कलाकार डाक्टर गजेंद्र पांडा और उनकी शिष्य वाघ्मिश्री ने करि। इसके उपरांत मणिपुरी नृत्य वाई थेबा देवी और खीरसाना युमलेम्बम की रही । इसी साध्य में भरतनाट्यम की प्रस्तुति रामा वैद्यनाथन और दक्षिणा वैद्यनाथन बघेल ने करि। प्रथम दिवस का समापन अभिमन्यु लाल और समूह की कत्थक प्रस्तुति के साथ हुई। इसी के साथ कला शक्ति ग्रुप ने भी ओडिसी नृत्य की प्रस्तुति की। समारोह के दूसरे दिन की शुरुआत देबधारा के शिक्षार्थीओं के प्रदर्शन से होगी, जिसके बाद पद्मश्री अनुप जलोटा की भजन प्रस्तुति के साथ समारोह का सुबह समापन होगा। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहले दिन सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी (महानिदेशक आईआईपीए),रंजना चोपड़ा (संस्कृति मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार), निहारिका राय (एमडी एवं सीईओ, डीटीटीडीसी), गितिका शर्मा ((जीएम, डीटीटीडीसी),पाटिल प्रांजल लहंसिह (अतिरिक्त निदेशक, एजुकेशन) तथा दूसरे दिन में निधि खरे (विशेष सचिव, उपभोक्ता मामले विभाग), महमूद अहमद (अतिरिक्त सचिव, सड़क एवं हाईवे मंत्रालय) और मोनिका प्रियदर्शनी (निदेशक डीएसआइडीसी), डा सुभांशु शेखर (सीजीएम, सिडबी) और श्रीकांत पंडा आदि विशेष अतिथि होंगे।

# सत्यवती कॉलेज में हुआ जी20 शिखर सम्मेलन और भारत-इंडोनेशिया : ब्रिजिंग कल्चर्स एंड बिल्डिंग ईकॉनॉमीज़ का आयोजन







नई दिल्ली। सत्यवती कॉलेज (सांध्य) दिल्ली विश्वविद्यालय के सहयोग से जी20 सांस्कृतिक-सह-शैक्षणिक गतिविधियों के हिस्से के रूप में जी20 शिखर सम्मेलन और भारत-इंडोनेशिया: ब्रिजिंग कल्चर्स एंड बिल्डिंग ईकॉनॉमीज़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रोफेसर श्री प्रकाश सिंह, निदेशक, दक्षिणी परिसर और शिक्षाविद् जगदीश मित्तल रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्कृति परिषद के चेयर पर्सन अनूप लाठर रहे। इस अवसर पर संस्कृति परिषद के संयुक्त डीन डॉ. हेमंत वर्मा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने भारत की जी20 अध्यक्षता के महत्व और वैश्विक राजनीति पर पड़े प्रभाव पर अपने विचार रखे।

प्रो. श्री प्रकाश ने त्र20 के अर्थों के बारे में सभी छात्रों के बीच शैक्षणिक और सांस्कृतिक संवाद शुरू करने में शामिल संस्थानों के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय और सत्यवती कॉलेज (सांध्य) द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की।

जगदीश मित्तल जी ने वसुधेव कुटुंबकम के विचार और भारत की व्यापक संस्कृति और दर्शन के बारे मे अपने विचार रखे। उन्होंने इंडोनेशिया के सबसे बड़ी आबादी वाले द्वीप राष्ट्र होने के बारे में तथ्य साझा किए और यह भी प्रदर्शित किया कि कैसे रामायण और महाभारत इंडोनेशिया के लोकाचार और जीवन शैली के केंद्र में रहे हैं।

अनुप लाठर ने विद्यार्थियों के मध्य अपना संबोधन एक बुनियादी सवाल के साथ शुरू किया-हम अभी भी त्र20 के बारे में क्यों बात कर रहे हैं और जश्न क्यों मना रहे हैं? बैठकें ख़त्म हो गई हैं और अध्यक्षता अफ़्रीकी संघ को सौंप दी गई है. ये चर्चाएँ क्यों जारी हैं? ऐसा इसलिए है क्योंकि त्र20 की अध्यक्षता एक आजीवन उपलब्धि है जिस पर भारत खरा उतरा है। यह एक ऐसी उपलब्धि है जो जीवन भर भारत के साथ जुड़ी रहेगी।

5 और 6 अक्टूबर को आयोजित इस कार्यक्रम के पहले दिन अकादमिक संगोष्ठियों और पैनल चर्चाओं का आयोजन प्रो. हरीन्द्र कुमार, प्राचार्य एवं दुर्गेश वर्मा जी नोडल अधिकारी के नेतृत्व में किया गया। अपने स्वागत भाषण में कॉलेज के प्राचार्य प्रो हरीन्द्र कुमार ने समसामयिक राजनीति पर छात्रों को एक साथ लाने की कॉलेज समुदाय की तत्काल आवश्यकता पर विचार रखे इसी कड़ी में उन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत भी किया।

उद्घाटन सत्र के बाद, अकादमिक संगोष्ठी के पहले भाग में वक्ता श्री बसीर अहमद, मिशन के उप प्रमुख, भारतीय दूतावास, जकार्ता, इंडोनेशिया और प्रो हर्ष वी पंत जी उपाध्यक्ष-अध्ययन और विदेश नीति, ऑगर रिसर्च फाउंडेशन रहे, अहमद ने जकार्ता से ऑनलाइन माध्यम से भारत और इंडोनेशिया के बीच द्विपक्षीय संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने साझा किया कि दोनों देशों के पास दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है।

उन्होंने बताया कि भारत इंडोनेशिया का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। इसी कड़ी में प्रो हर्ष ने कहा कि जी20 की अध्यक्षता ने भारत की वैश्विक छवि को मजबूत किया है और बताया कि जी20 को भारत मंडप से कक्षाओं तक लाने में की ताकि और छात्र वैश्विक विचारों से जोड़ने में कैसे कारगर हो सकता है इस पर विचार प्रस्तुत किये।

# दिल्ली-देहात के हक से जुड़ी मांगों को लेकर चल रहा आंदोलन, होगा और तेज : चौधरी सुरेंद्र सोलंकी

## पालम-360 ने किया दिल्ली के सीएम आवास के बाहर हुक्का-पानी के साथ महापंचायत लगाने का बड़ा ऐलान

पिछले डेढ़ महीने से दिल्ली देहात से जुड़े मुद्दों को लेकर लगातार चल रहा आंदोलन, अब और तेज होने जा रहा है। इस बारे में आज हुई महापंचायत के बाद पालम-360 के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने बताया कि दिल्ली देहात के गांवों के लोग बीते डेढ़ महीने से लगातार अपने हक और न्याय की आवाज को पूरी ताकत से बुलंद कर रहे हैं। हर दिन दिल्ली देहात के किसी न किसी गांव में इसे लेकर पंचायतें आयोजित की जा रही हैं। इस बार दिल्ली देहात के लोग वर्षों से लंबित अपनी मांगों का पूर्ण समाधान चाहते हैं। इसे लेकर पिछले दिनों हमने दिल्ली के मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल के आवास का घेराव भी किया। साथ ही दिल्ली के जंतर मंतर पर ऐतिहासिक महापंचायत का आयोजन भी किया। हमारी मांगों को लेकर दिल्ली के उपपराज्यपाल महोदय ने हमसे मुलाकात भी की और हमारे प्रतिनिधि मंडल से सभी मुद्दों पर चर्चा करते हुए समाधान का भरोसा भी दिलाया। मगर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जिन्हें दिल्ली के लोगों ने चुन करके मुख्यमंत्री बनाया और दिल्ली देहात के लोगों ने भी उन्हें विधायक और मंत्री जीता कर दिए, आज वो दिल्ली देहात के लोगों की बातों को लगातार अनसुना कर रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री के इस रवैए से दिल्ली देहात के लोगों में गहरा आक्रोश भर रहा है। गांव देहात के लोग पूछ रहे हैं कि क्या मुख्यमंत्री होने के नाते अरविंद केजरीवाल की जिम्मेदारी नहीं कि वो गांव देहात के लोगों की समस्याओं को सुने और उसका समाधान करें। लोग ये भी पूछ रहे हैं कि जिसने उन्हें जिताकर दिल्ली के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाया, आज



वो उन लोगों की ही अनदेखी करके देशभर में अपने राजनीतिक हितों को लेकर भाग दौड़ कर रहे हैं।

चौधरी सुरेन्द्र सोलंकी ने बताया कि पालम-360 का प्रधान होने के नाते और पीढ़ी दर पीढ़ी गांव देहात के लोगों के लिए आवाज उठाने और उनके हक की लड़ाई लड़ने की जिम्मेदारी निभाते हुए, मैं लोगों के भरोसे की ताकत से ही आगे बढ़ रहा हूं। गांव देहात के लोगों के हक की लड़ाई में हम कोई भी कीमत चुकाने को तैयार हैं।

गांव देहात के लोगों का यह फैसला है कि अगर दिल्ली के मुख्यमंत्री अभी दिल्ली देहात के लोगों की सुनवाई नहीं करते हैं, तो आने वाले कुछ दिनों में गांव देहात के लोग हुक्का पानी लेकर सीएम आवास के बाहर ही महापंचायत का जुटान करेंगे और ये महापंचायत तब तक चलती रहेगी जब तक मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली देहात की मांगो को सुनकर उनका समाधान नहीं करते। हम सब शांतिपूर्ण तरीके से इस महापंचायत को चलाएंगे, मगर इस दौरान कानून व्यवस्था की किसी भी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न होती है तो इसके जिम्मेदार पूरी तरह अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की सरकार होगी। बता दें कि इस आंदोलन की जो प्रमुख मांगे हैं वो हैं- धारा 81 एवं धारा 33 समाप्त हो, धारा 81 के तहत पुराने मुक़दमे वापिस हो, गाँवों में हाउस टैक्स माफ़ हो, दिल्ली सरकार द्वारा ग्रामसभा की ज़मीन को डीडीए के सुपुर्द न किया जाय क्योंकि ग्रामसभा कि जमीनो पर गाँव का हक़ है। साथ ही धारा 74/4 और 20 सूत्री के तहत ग़रीबो को आवंटित भूमि एवं प्लॉटो का मालिकाना भी मिलना चाहिए। लाल डोरे का विस्तार हो, जिन गाँवों की भूमि अधिग्रहण की गई है, उनको अल्टरनेटिव प्लॉट जल्द से जल्द दिया जाय जोकि सरकार कि स्कीम के तहत है और दिल्ली के किसानों का सर्किल रेट बढ़ाया जाए।

आज की महापंचायत में चौ. धारा सिंह प्रधान बवाना 52वीं, चौ नरेश प्रधान लाडोसराय 96, राव त्रिभुवन सिंह प्रधान सुरेहडा 18, रणबीर प्रधान नरेला 17, सुरेश शौकीन प्रधान नांगलोई 9, बिजेंद्र पहलवान, नारायण डागर ढांसा 12, भूषण त्यागी प्रधान बुराड़ी 12, रोहतास शौकीन प्रधान पीरागढ़ी आदि ने भी चेतावनी दी कि ग्रामीणों की अनदेखी करना अब बंद किया जाए।

# नोएडा में फर्नीचर की दुकान में लगी आग, लाखों का माल जला

लाखों का माल जलकर राख, दमकल की कई गाड़ियों ने 1 घंटे में काबू पाया

नोएडा। नोएडा के सेक्टर 8 स्थित स्मृति फर्नीचर में सुबह करीब 11:15 बजे आग लग गई।

आग से लाखों का माल जलकर राख हो गया। लकड़ी और फर्नीचर की सामग्री के कारण आग तेजी से फैल गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है।

मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस और दमकल विभाग को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद पहुंची दमकल की साथ गाड़ियों ने करीब 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। यहां पुलिस के लिए दो चुनौती थी। पहली आग पर काबू पाना दूसरा भीड़ को आग से दूर रखना। ऐसे में लोगों को आग से दूर रखने के लिए थाना फेज-1 पुलिस मौके पर मौजूद रह। जिन्होंने भीड़ को नियंत्रित किया और यातायात को बंद करने के लिए रोड को दोनों से ओर ब्लाक किया।

आग फर्नीचर की दुकान के प्रथम तल पर लगी थी। ऐसे में आसपास की दुकानों को भी खाली कराया गया साथ ही घेरा बनाकर आग पर काबू पाया गया।

इस दौरान सड़क और आसपास के दुकानदारों में भी अफरातफरी का माहौल बन गया। दरअसल ये बाजार घनी आबादी में है। इसलिए आग के तेजी से फैलने का दर था। ग़नीमत रही कि आग प्रथम तल तक ही सिमट कर रही गई।

चीफ फायर ऑफिसर प्रदीप चौबे ने बताया कि सुबह जानकारी मिलने के बाद पहले दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची।

# नामधारी संगत द्वारा 40 दिवसीय महाकुंभ 'जप प्रयोग' की अरदास एवं 'अस्सू के मेले' का शुभारंभ

## प्रत्येक गांव के गुरुद्वारों में नि:शुल्क शिक्षा-केंद्र खोले जाएं : ठाकुर दलीप सिंह जी

**नई दिल्ली।** नामधारी पंथ के रहिनुमा सतगुरु राम सिंह जी ने संगत को नाम-वाणी से जोड़कर, आदर्श जीवन जीने की शिक्षा दी। उसके उपरांत, सतगुरु प्रताप सिंह जी साध संगत में आकर, नाम जपने की महिमा को मुख्य रखते हुए, और सम्मत 1963 में 'चालीस दिवसीय जप प्रयोग' आरंभ किया। यह 'जप प्रयोग' भादों के महीने से अस्सू महीने की सँगरांद तक चलता है। उपरांत, तीन दिवसीय मेला होता है। इस वर्ष, सतगुरु दलीप सिंह जी की कृपा से, सतगुरु राम सिंह जी के तपस्थल-चोगावां साधपुर में 11 भादों (27 अगस्त) से चल रहे जप प्रयोग का समापन आज सुबह पांच बजे हुआ तथा आज 6 अक्टूबर से तीन दिवसीय 'अस्सू के मेले' का शुभारम्भ हो गया है। इस मेले में आस-पास व दूर-



दराज से हजारों की गिनती में संगत ने आकर शमूलियत की है। इस आयोजन को लेकर संगत में काफी उत्साह देखा जा रहा है। इस अध्यात्मिक मेले के दौरान ध्यान-साधना, कथा-कीर्तन, कवि दरबार और गुरुवाणी का अपार प्रवाह चलता है।

आज सतगुरु दलीप सिंह जी ने लाइव प्रवचनों से सभी को निहाल किया। उन्होंने कहा कि सतगुरु राम सिंह जी ने अपनी कृपा से, हमें सतगुरु नानक देव जी द्वारा दिए गए, गुरुमंत्र का जाप करवाया है। आप जी ने प्रेमा-भक्ति को सर्वोत्तम बताते हुए कहा कि गुरु-प्रेम में अपना मन लगा कर नाम जपो व अच्छे कर्म करो; सतगुरु जी कृपा करेंगे, आपकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण करेंगे।

आप जी ने संगत से विशेष अनुरोध किया कि सभी गांवों के गुरुद्वारों में नि:शुल्क शिक्षा केंद्र खोलें जाएं; आवश्यक हुई, तो नामधारी पंथ की ओर से तनख्वाह भी दी जाएगी।

# संत सेवा व गौ रक्षा कल्याण परिषद की बैठक में लिए गये कई फैसले

नई दिल्ली। राष्ट्रीय संत सेवा एवं गौ रक्षा कल्याण परिषद की केंद्रीय कार्यकारणी की बैठक श्री सिद्ध शक्ति पीठ शनिधाम में सम्पन्न हुई आज की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष परम पूज्य महामंडलेश्वर निजस्वरूपानंदपुरी जी महाराज के सान्निध्य में व अध्यक्षता श्रीमहंत ऋषि कुमार दास जी महाराज द्वारा संचालित हुई बैठक में सर्वप्रथम सनातन धर्म पर आपतिजनक टिप्पणी करने वालों के विरोध में रोष प्रगट कर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया तत्पश्चात् सभी सदस्यों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष दाती जी महाराज का उनके मार्गदर्शन में सामाजिक समरसता पर 15 सम्मेलनों के सफल आयोजन पर सभी पदाधिकारियों ने आभार प्रगट किया सामाजिक समरसता के विषय



पर बोलते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष दाती जी महाराज ने कहा की समानता और एकता का सन्देश देने और भगवान श्रीराम के नाम की महिमा को जन जन पहुँचने वाले ब्रह्मऋषि आदि गुरु भगवान वाल्मीकि जी के विचार और संस्कार के प्रचार और प्रसार से समाज को जोड़ने और जात पात के बंधन को तोड़ने की परम आवश्यकता है भगवान वाल्मीकि जी के अवतरण दिवस पर एक भव्य दिव्य कार्यकर्म के द्वारा सामाजिक समरसता का संदेश दिया जाये वही इस बात का पुरजोर समर्थन करते हुए दिल्ली के उपाध्यक्ष महंत सतीशदास जी महाराज ने इस कार्यक्रम की रूपरेखा की तैयार करने की पूरी जिम्मेदारी ली, महंतयोगी उमेशपूरी जी व फ़रीदाबाद अध्यक्ष श्री महंत मुनिराज जी ने पर्यावरण पर बोलते हुए कहा कि प्रदूषण वर्तमान में एक गंभीर समस्या है जी पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने निर्णय लिया की संस्था सनातन संस्कृति के प्रतीक पंचपल्व वृक्षों का रोपण करेगी। श्रीमहंत विजयगिरी जी ने शास्त्र के साथ शस्त्र की शिक्षा पर ज़ोर दिया तथा विजय दशमी के अवसर पर सामूहिक शस्त्र पूजन का आग्रह किया इसी क्रम में महंत सूरजगिरी जी ने दिव्यँगों और वंचित लोगो की सहायता के लिए सहयोग बात कही दिल्ली के महामंत्री श्री महंत भोलागिरी जी ने सभी क्षेत्रीय अध्यक्षों से विनती की वह अपनी कार्यकरणी की सूची केंद्रीय कार्यालय में अति शीघ्र पहुँचा दे अध्यक्षीय उद्बोधन में श्रीमहंत ऋषिकुमार दास जी महाराज ने कहा की संस्था को धार्मिक कार्यों के साथ सामाजिक कार्य भी करने चाहिए बैठक आये सभी सदस्यों ने एकमत से सभी विषयों का समर्थन किया इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी निजस्वरूपानंदपुरी जी महाराज, महामंडलेश्वर हरिओमगिरी जी महाराज, श्रीमहंत ऋषिकुमार दास जी महाराज, महंत श्यामनाथ जी महाराज, श्रीमहंत मुनिराज जी महाराज, श्रीमहंत कन्हैयागिरी जी महाराज, श्रीमहंत आदित्यकृष्णगिरी जी महाराज, महंत महंत धनराजगिरी जी महाराज, महंत योगी उमेशपुरी जी महाराज, महंत स्वामी गिरिजानंद सरस्वती जी महाराज, ब्रह्चारी प्रेम प्रकाशानंद जी महाराज आदि संतो की उपस्थिति रही।

## संपादकीय

# तृणमूल कांग्रेस और केंद्र सरकार आमने सामने

विपक्षी दल पूर्ववर्ती यूपीए सरकार में लागू की गई इस योजना को केंद्र की मौजूदा राजग सरकार पर धीरे-धीरे खत्म करने का आरोप लगाते रहे हैं। पश्चिम बंगाल में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम यानी मनरेगा के लागू होने में अनियमितताओं को लेकर तृणमूल कांग्रेस और केंद्र सरकार के बीच छिड़ा वाक्युद्ध अब सड़कों पर आ गया है। राज्य सरकार ने केंद्र पर हजारों करोड़ रुपए रोकने का आरोप लगाया तो केंद्र सरकार बंगाल में मनरेगा योजना में निर्देशों को ताक पर रखने की दलील दे रही है। इस आरोप-प्रत्यारोप के बीच निचले पायदान पर बैठा व्यक्ति रोजगार की मुश्किल से जूझ रहा है। विपक्षी दल पूर्ववर्ती यूपीए सरकार में लागू की गई इस योजना को केंद्र की मौजूदा राजग सरकार पर धीरे-धीरे खत्म करने का आरोप लगाते रहे हैं। इनमें पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस सबसे ज्यादा मुखर है और उसने कई मौकों पर इस मसले पर केंद्र के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया है। पार्टी का कहना है कि केंद्र मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पंद्रह हजार करोड़ रुपए दबाए बैठा है। इससे राज्य की बड़ी गरीब आबादी प्रभावित हो रही है। हालांकि केंद्र इन आरोपों का खंडन करने के साथ ही राज्य सरकार पर मनरेगा जाब कार्ड में फर्जीवाड़ा किए जाने की बात कह रहा है। हकीकत यह है कि मांग-संचालित मजदूरी रोजगार कार्यक्रम के रूप में मनरेगा समूचे देश में अपने मूल स्वरूप में जारी है और केंद्र सरकार इस मद में राशि भी आबंटित करती रही है। पश्चिम बंगाल के संदर्भ में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय का दावा है कि मनरेगा के लिए धन की कोई कमी नहीं है, लेकिन राज्य को धन इसलिए नहीं दिया गया, क्योंकि उसने केंद्रीय निर्देशों का अनुपालन नहीं किया। केंद्र सरकार राज्य में पच्चीस लाख जाब कार्ड में फर्जीवाड़ा किए जाने का भी आरोप लगा रही है। अगर ऐसा है तो इन आरोपों की पड़ताल होनी चाहिए। राज्य सरकार को स्वयं इस मामले की जांच कर केंद्र के समक्ष सही तस्वीर रखनी चाहिए। सवाल है कि पश्चिम बंगाल को केंद्र सरकार की चिंताओं का निवारण करने में कहां दिक्कत पेश आ रही है, जबकि केंद्र कह रहा है कि उसने चार अक्तूबर तक इस योजना के लिए निर्धारित साठ हजार करोड़ रुपए के बजट में से 56,105.69 करोड़ जारी कर दिए हैं। अगर इतना पैसा राज्यों को दे दिया गया है तो गड़बड़ी कोष में नहीं, कार्यान्वयन स्तर पर नजर आती है। एक उपयोगिता आधारित और गरीब तबकों के कल्याण कार्यक्रम के रूप में मनरेगा का महत्त्व किसी से छिपा नहीं है। लेकिन इसमें धांधली, काम नहीं मिलने या भुगतान में देरी के आरोप अक्सर सामने आते रहे हैं। स्थानीय स्तर पर योजना की कार्यान्वयन एजंसी के प्रति सख्ती से इस समस्या का समाधान हो सकता है। अगर किसी राज्य के साथ भेदभाव हुआ है, तो इसके लिए सड़कों पर प्रदर्शन करने के बजाय उचित मंच पर तथ्यों और आंकड़ों के साथ अपनी बात रखी जा सकती है। मनरेगा को गांवों में रोजगार का सबसे ठोस जरिया माना जाता है। इसके तहत ग्रामीण परिवार को प्रतिवर्ष सौ दिनों के रोजगार की गारंटी दी जाती है। इस महत्त्वाकांक्षी योजना की उपयोगिता पूरे देश में शुरू से निर्विवाद रही है। कोरोना काल में जब बड़ी संख्या में शहरों से गांवों की ओर पलायन हुआ तो रोजी-रोटी चलाने के लिए यही योजना सबसे बड़ा सहारा बनकर उभरी। उस समय सरकार को इसका बजट लगभग दोगुना तक बढ़ाना पड़ा था। दरअसल, कल्याणकारी योजनाएं सभी राज्यों के लिए होती हैं। इनके कार्यान्वयन में लापरवाही या भ्रष्टाचार से नुकसान समाज के सबसे निचले तबके को ही उठाना पड़ता है। इसे लेकर राजनीतिक लाभ का गणित बिठाने के बजाय इस पर ठोस और ईमानदार कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

# बढ़ते तापमान को लेकर समस्या गहराती ही जा रही

आखिर क्या कारण है कि हर अगले वर्ष तापमान में बढ़ोतरी को लेकर नए आकलन और उनकी वजह से समूची धरती पर मंडराते खतरे के संकेत सामने आ रहे हैं, लेकिन इसके हल की ओर अब तक कुछ ठोस होता हुआ नहीं दिख रहा। दुनिया का तापमान बढ़ते जाने के मसले पर चिंताएं नई नहीं हैं। इसके हल के लिए वैश्विक स्तर पर विशेषज्ञों, पर्यावरणविदों और अलग-अलग देशों की सरकारों के नुमाइंदों के सम्मेलन होते रहे हैं, जिनमें इसके कारणों की पहचान कर उन्हें दूर करने के लिए प्रस्ताव पारित किए जाते हैं। लेकिन विडंबना यह है कि बीते कई दशकों से लगातार बढ़ती चिंता के बीच यह समस्या भी गहराती जा रही है। आखिर क्या कारण है कि हर अगले वर्ष तापमान में बढ़ोतरी को लेकर नए आकलन और उनकी वजह से समूची धरती पर मंडराते खतरे के संकेत सामने आ रहे हैं, लेकिन इसके हल की ओर अब तक कुछ ठोस होता हुआ नहीं दिख रहा। गौरतलब है कि गुरुवार को यूरोपीय संघ की 'कापरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस' यानी सीसीसीएस ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया है कि इस वर्ष सितंबर अब तक का सबसे गर्म महीना रहा है। इसी वर्ष के शुरुआती नौ महीनों में पूरी दुनिया का तापमान औसत से 0.52 डिग्री सेल्सियस ज्यादा था। मसला केवल महीने तक सीमित नहीं है। रपट के मुताबिक, सन 2023 अब तक का सबसे गर्म वर्ष के रूप में दर्ज होने वाला है। सवाल है कि अगर दुनिया भर में इस मसले पर अद्यतन जानकारियां और अध्ययनों की रपट सामने हैं और उसका असर लगातार बढ़ता साफ-साफ महसूस किया जा रहा है, तो आखिर इस समस्या को दूर करने को लेकर गंभीरता क्यों नहीं दिख रही! इस पर सोचना इसलिए भी जरूरी है कि यह कोई मौजूदा दौर की मुश्किल नहीं है कि थोड़ा-बहुत नुकसान उठा कर इसके निकल जाने का इंतजार कर लिया जाए, बल्कि इससे आने वाला समूचा वक्त प्रभावित होने वाला है, कई-कई पीढ़ियों को इसका खमियाजा उठाना पड़ सकता है। हालांकि इसके खतरे अभी ही वातावरण से लेकर आम जनजीवन पर खतरनाक असर डालने लगे हैं। मसलन, मौसम के चक्र के मुताबिक आमतौर पर सितंबर के महीने में गरमी काफी हद तक नरम पड़नी शुरू हो जाती है। लेकिन अगर सीसीसीएस जैसी संस्था अपने आकलन में न केवल सितंबर महीने को, बल्कि इस पूरे वर्ष के ही सबसे गर्म होने का दावा कर रही है तो अब तत्काल इस पर ध्यान देने की जरूरत है कि पिछले कई दशकों के दौरान 'ग्लोबल वार्मिंग' या धरती का तापमान बढ़ते जाने के कारणों की पहचान पर बात होने के बावजूद इसके हल के उपायों के प्रति लापरवाही और अनदेखी का नतीजा क्या हो सकता है। बढ़ते तापमान के खतरे के बीच इन तथ्यों पर बात होती रही है कि स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के बजाय जीवाश्म ईंधनों को जलाने की वजह से जलवायु में बदलाव आ रहा है और इसी कारण मौसम में तीव्र उथल-पुथल देखी जा रही है। अलग-अलग देशों में लू और चक्रवाती तूफान का स्वरूप ज्यादा भयावह होने लगा है और इनकी आवृत्ति भी बढ़ गई है। इसके अलावा, भारी बारिश से विनाशकारी बाढ़ और जंगलों में आग लगने की घटनाओं में भी बढ़ोतरी हुई है। मुश्किल यह है तापमान में बढ़ोतरी को खतरनाक बताते हुए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में उसके हल के लिए सुझाए गए उपायों पर सहमति जताई जाती है, लेकिन इस पर अमल को लेकर गंभीरता नहीं दिखती। खासतौर पर कार्बन डाइआक्साइड के उत्सर्जन को लेकर अमीर और विकसित देश शायद ही कभी पर्याप्त स्तर तक संवेदनशील दिखते हैं। जबकि गरीब और विकासशील देशों पर इसे कम करने की जिम्मेदारी थोप दी जाती है। सवाल है कि ऐसे दोहरे मानदंडों पर आधारित चिंता का क्या हासिल होने वाला है? यह ध्यान रखने की जरूरत है कि ऐसे रवैये की वजह से न केवल मौजूदा दुनिया खतरे में है, बल्कि इससे आने वाली पीढ़ियों के सामने भी गंभीर चुनौतियां मुंह बाए खड़ी रहेंगी।

भारतीय वायुसेना के स्थापना दिवस (8 अक्तूबर) पर विशेष

# समय के साथ निरंतर ताकतवर होती भारतीय वायुसेना



योगेश कुमार गोयल

भारतीय वायुसेना 8 अक्तूबर को अपना 91वां स्थापना दिवस मना रही है और इस खास अवसर पर वायुसेना अपने शौर्य और शक्ति का अभूतपूर्व प्रदर्शन करेगी। वायुसेना के स्थापना दिवस पर इस बार प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर एक घंटे तक भव्य एयर शो का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें वायुसेना के लड़ाकू विमान आसमान में ऐसी कलाबाजियां करेंगे कि देखने वाले दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर हो जाएंगे। वायुसेना की परेड सुबह के समय और एयर शो दोपहर दो बजे से होगा। इस भव्य एयर शो के दौरान वायुसेना के 100 से भी ज्यादा लड़ाकू विमान आसमान में हैरतअंगेज करतब दिखाएंगे। भारतीय वायुसेना दिवस के अवसर पर हर साल एयर शो आयोजित करने का प्रमुख उद्देश्य न केवल पूरी दुनिया को भारत की वायुशक्ति से रूबरू कराना है बल्कि युवाओं को वायुसेना में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना भी है। भारतीय वायुसेना द्वारा एयर शो के लिए फुल ड्रैस रिहर्सल मध्य वायु कमान मुख्यालय बमरौली में 6 अक्तूबर को आयोजित किया गया था, जिसमें जांबाज वायुवीरों ने अपने अदम्य साहस और शौर्य का प्रदर्शन किया। फुल ड्रैस रिहर्सल के दौरान 10 स्काई पैराजंपर 8000 फीट की ऊंचाई से ए-32 विमान से 150 किलोमीटर की रफ्तार से नीचे कूदे, उसके बाद ट्रेनी वायु योद्धाओं ने जिप्सी के पुर्जों को खोलकर केवल पांच मिनट में ही उसे जोड़ने का हैरतअंगेज कारनामा दिखाया। विंग कमांडर अशोक ने पैरा हैंग ग्लाइडर से 200 फीट की ऊंचाई से हैरतअंगेज प्रदर्शन किया और फिर पैरा मोटर्स से भी वायुसेना के जांबाजों ने करतब दिखाए। आसमान में वायुवीरों के इन प्रदर्शनों को देखकर हर कोई रोमांच से भर उठा।

अब 8 अक्तूबर के एयर शो में विंटेज विमान टाइगर मॉथ, हार्वट ट्रेनर, ट्रांसपोर्ट जहाज सी वन थर्टी, आईएल 78, चेतक हेलीकॉप्टर, रुद्र हेलीकॉप्टर इत्यादि के जरिये वायुवीर अपने करतब दिखाएंगे। स्वदेशी फाइटर प्लेन तेजस आसमान की ऊंचाईयों पर उड़ान भरेगा जबकि कारगिल की जंग में पाकिस्तान के छक्के छुड़ाने वाला मिराज 2000 भी हवा से बातें करेगा। एयर शो में इस बार वायुसेना के बेड़े में अपना समय पूरा कर चुके मिग-21 का आखिरी शो भी देखने को मिलेगा और इस प्रदर्शन के बाद प्रयागराज से मिग-21 की विदाई भी होगी। फ्रांस से खरीदे गए राफेल फाइटर प्लेन की ताकत भी लोगों को एयर शो में देखने को मिलेगी, साथ ही कोबरा और सू थर्टी जहाज भी एयर शो में दिखाई देंगे। एयर शो में तेजस जैसे कुल 120 विमान और हेलीकॉप्टर करतब दिखाते नजर आएंगे। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता के मुताबिक आकाशगंगा की टीम के स्काई डाईवर्स विमानों से संगम तट पर उतरकर लोगों में रोमांच भरेंगे। भारतीय वायुसेना में इस समय राफेल, सुखोई 30, मिराज 2000, जगुआर, तेजस, आरपीए 50, मिग-27, मिग-29 के अलावा हेलीकॉप्टर ध्रुव, चिनूक, चेतक, चीता, एमआई-8, एमआई-17, एमआई-26, एमआई-25 एचएएल लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर, एचएएल रुद्र इत्यादि अत्याधुनिक विमान शामिल हैं, जो किसी भी विकट स्थिति में दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने में पूरी तरह सक्षम हैं। भारतीय वायुसेना को न केवल दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेना होने का गौरव हासिल है बल्कि इसी वर्ष ग्लोबल एयर पावर रैंकिंग में भारतीय वायुसेना को तीसरा स्थान दिया गया है।



देश की करीब 24 हजार किलोमीटर लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी भारतीय वायुसेना पूरी मुस्तैदी के साथ निभाती रही है और वायुसेना के बेड़े में दमदार लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों तथा अत्याधुनिक मिसाइलों की संख्या निरन्तर बढ़ रही है, जिनके कारण हमारी वायुसेना अब पहले के मुकाबले कई गुना शक्तिशाली हो चुकी है। अब हम हवा में पहले के मुकाबले बहुत मजबूत हो चुके हैं तथा दुश्मन की किसी भी तरह की हरकत का अधिक तेजी और ताकत के साथ जवाब देने में सक्षम हैं। भारत के मुकाबले चीन के पास भले ही दो गुना लड़ाकू और इंटरसेप्टर विमान हैं, भारत से दस गुना ज्यादा रॉकेट प्रोजेक्टर हैं लेकिन रक्षा विश्लेषकों के अनुसार चीनी वायुसेना भारत के मुकाबले मजबूत दिखने के बावजूद भारत का पलड़ा उस पर भारी है। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक गिनती और तकनीकी मामले में भले ही चीन सहित कुछ देश हमसे आगे हो सकते हैं लेकिन संसाधनों के सटीक प्रयोग और बुद्धिमता के चलते दुश्मन देश सदैव भारतीय वायुसेना के समक्ष थर्राते हैं। भारत के मिराज-2000 और एसयू-30 जैसे जेट विमान ऑल-वेदर मल्टीरोल विमान हैं, जो किसी भी मौसम में और कैसी भी परिस्थितियों में उड़ान भर सकते हैं। मिराज-2000, मिग-29, सी-17 ग्लोबमास्टर, सी-130जे सुपर हरक्यूलिस के अलावा सुखोई-30 जैसे लड़ाकू विमान करीब पौने चार घंटे तक हवा में रहने और तीन हजार किलोमीटर दूर तक मार करने में सक्षम हैं।

एक बार में 4200 से 9000 किलोमीटर की दूरी तक 40-70 टन के पेलोड ले जाने में सक्षम सी-17 ग्लोबमास्टर एयरक्राफ्ट भी वायुसेना के बेड़े में शामिल हैं। चिनूक और अपाचे जैसे अत्याधुनिक हेलीकॉप्टर भी वायुसेना की मजबूत ताकत बने हैं। इनके अलावा भारत के पास दुश्मन के रडार को चकमा देने में सक्षम 952 मीटर प्रति सैकेंड की रफ्तार वाली ब्रह्मोस मिसाइलों सहित कई अन्य घातक मिसाइलें भी हैं, जिनकी मारक क्षमता से दुश्मन देश थर्राते हैं।

भारतीय वायुसेना की जाबांजी के अनेक किस्से दुनियाभर में विख्यात हैं। हमारी वायुसेना चीन के साथ एक तथा पाकिस्तान के साथ चार युद्धों में अपना पराक्रम दिखा चुकी है। भारतीय वायुसेना की स्थापना ब्रिटिश शासनकाल में 8 अक्तूबर 1932 को हुई थी और तब इसका नाम था 'रॉयल इंडियन एयरफोर्स'।

1945 के द्वितीय विश्वयुद्ध में रॉयल इंडियन एयरफोर्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उस समय वायुसेना पर आर्मी का ही नियंत्रण होता था। इसे एक स्वतंत्र इकाई का दर्जा दिलाया था इंडियन एयरफोर्स के पहले कमांडर-इन-चीफ सर थॉमस डब्ल्यू एल्महर्स्ट ने, जो हमारी वायुसेना के पहले चीफ एयर मार्शल बने थे। 'रॉयल इंडियन एयरफोर्स' की स्थापना के समय इसमें केवल चार एयरक्राफ्ट थे और इन्हें संभालने के लिए कुल 6 अधिकारी और 19 जवान थे।

आज वायुसेना में डेढ़ लाख से भी अधिक जवान और हजारों एयरक्राफ्ट्स हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् वायुसेना को अलग पहचान मिली और 1950 में 'रॉयल इंडियन एयरफोर्स' का नाम बदलकर 'इंडियन एयरफोर्स' कर दिया गया। एयर मार्शल सुब्रतो मुखर्जी इंडियन एयरफोर्स के पहले भारतीय प्रमुख थे। उनसे पहले तीन ब्रिटिश ही वायुसेना प्रमुख रहे। इंडियन एयरफोर्स का पहला विमान ब्रिटिश कम्पनी 'वेस्टलैंड' द्वारा निर्मित 'वापिती-2ए' था। बहरहाल, भारतीय वायुसेना ने समय के साथ बहुत तेजी से बदलाव किए हैं और काफी हद तक कमियों को दूर भी किया गया है।

# निरंतर परिश्रम, संयम और संकल्प लक्ष्य प्राप्ति के प्रमुख अवयव

जिंदगी का मूल ही निरंतर संघर्ष श्रम संकल्प और प्रगति है। सकारात्मक उद्देश्य को लेकर किया गया श्रम सदैव श्रेष्ठ परिणाम देता है। श्रम और संघर्ष का कोई विकल्प ही नहीं है। निरंतर श्रम करना उच्च मनोबल बनाए रखना और सफलता की कामना और पवित्र महत्वाकांक्षा सफल मनुष्य के सच्चे मित्र होते हैंद्य जीवन है चलने का नाम,गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नवप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज में 3त्न नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो। वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है। नवप्रवर्तन या नवाचार से मैं सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है। नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है,जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेनिसिलिन जैसी प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) के अविष्कार ने रोगों की संभावना को कम कर दिया एवं स्वास्थ्य प्रणाली के भावी विकास को एक गति प्रदान की है। जेनेरिक औषधि, रोबोटिक सर्जरी, जीन एडिटिंग जैसी प्रक्रिया स्वास्थ्य सुधार हेतु एक मजबूत आधार मानी जाती है। सामाजिक विकास आर्थिक समन्वयक और न्याय प्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास नवप्रवर्तन के योगदान से ही आया है। सोशल मीडिया जैसे नवीन प्लेटफार्म ने व्यक्ति की अभिव्यक्ति के अधिकार को स्वतंत्र किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रामीण से आधुनिक रूपांतरण में कृषी क्षेत्र से भारी उद्योगों पर बल देने में किसानों के देश को सॉफ्टवेयर उद्योग का सिरमौर बनाने में नवप्रवर्तन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय कृषि में भी आधुनिकीकरण और पाश्चात्य उपकरण का प्रादुर्भाव भी नवीन नवाचार के कारण संभव हुआ है। भारतीय राज्य को लोक कल्याणकारी राज्य से लोगों के सशक्तिकरण करने वाले राज्य में बदलने की नवप्रवर्तन की भूमिका अत्यंत सराहनीय है। इसके कारण भार मानी जाने वाली महिलाएं अब भार ढोने वाली की भूमिका में आ चुकी हैं।

## दीवारों के कान होते है

ऐसे घर सर्वथा अब बेजान होते हैं,
दीवारों में जिनके अब कान होते है।

बेईमानी ईमान है उनका अब,
बेईमानो के अलग ईमान होते है।

सियासत में होती है चालबाजी,
हुक्मरानों के कच्चे कान होते है।

पर्दा किया करो जितना हो सके,
रिश्तेदारों में भी हैवान होते है।

इबादत भी किया करो शिद्दत से,
खुदा भी कइयों से अनजान होते है।

चला करो सीधे रास्तो में हमेशा,
कई कई बड़े रास्ते सुनसान होते है।

कातिल भला बेखौफ क्यों है अब,
बचाने उन्हें सारे हुक्मरान होते है।

किस किस पर यकीन करोगे ,
सगे रिश्तो में भी शैतान होते है।

पड़ोसियों से भी रखो अच्छे संबंध
मुसीबत में वो सच्चे इंसान होते हैं।

मोहब्बत का भी एक मुकाम है संजीव,
कुछ नेक आशिक बड़े कद्रदान होते हैं।।



संजीव ठाकुर
रायपुर

# चुनावी रथ में ही क्यों सवार होती हैं जन-हित योजनाएं

ललित गर्ग

आजादी के अमृतकाल के पहले लोकसभा एवं पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की आहट अब साफ-साफ सुनाई दे रही है, राज्यों में चुनावी सरगर्मियां उग्र हो चुकी है। भारत के सभी राजनीतिक दल अब पूरी तरह चुनावी मुद्रा में आ गये हैं और प्रत्येक प्रमुख राजनैतिक दल इसी के अनुरूप बिछ रही चुनावी बिसात में अपनी गोटियां सजाने में लगे दिखाई पड़ने लगे हैं। जिन पांच राज्यों में चुनाव होने हैं, उनमें राजस्थान सर्वाधिक महत्वपूर्ण बनता जा रहा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बहुत पहले ही विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस ली है, वे हर दिन किसी-न-किसी लुभावनी एवं जनकल्याणकारी योजना की घोषणा करते हुए दिखाई दे रहे हैं। चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा सहित विभिन्न योजनाओं की तरह अब उन्होंने प्रदेश के 240 राजकीय विद्यालयों को महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में रूपांतरित करने का ऐलान किया किया है। निश्चित ही एक आदर्श राज्य के रूप में गहलोत की योजनाओं की देशभर में चर्चा हो रही है, लेकिन क्या इन योजनाओं के बल पर वे पुन: सत्ता प्राप्त करने में सफल हो पायेंगे? असल में गहलोत का मुकाबला इस बार सीधे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से होने जा रहा है। मोदी पहले सीकर एवं अब जोधपुर में जनता का मानस बदलने एवं राजस्थान के गहलोत सरकार के घोटालों को उजागर किया है।

लोकलुभावन घोषणा एवं मुक्त की रेवड़ियां राजस्थान की तरह ही मध्यप्रदेश में शिवराजसिंह चौहान भी बांट रहे हैं, अभी तो इनके बल पर चुनाव जीते जा सकते हैं, लेकिन उन्हें पूरा करने के लिए दोनों ही प्रांतों की चुनी सरकारों को एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ेगा, क्योंकि राज्य की वित्तीय स्थिति उन्हें पूरा करने की अनुमति दे पाएंगी, इसमें संदेह है। जैसी गारंटियां, लोकलुभावन वादे एवं मुक्त की रेवड़ियां देने की परम्परा दक्षिण से शुरु हुई थी, वैसी ही अब देश के अन्य प्रांतों में वहां की सरकारें कर रही हैं। अभी हाल में दिल्ली नगर निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी ने दस गारंटियां दी थीं। ये गारंटियां और कुछ नहीं लोकलुभावन वादे ही थे, जिन्हें जनकल्याण का नाम दिया गया है। मध्य प्रदेश में मुख्यमन्त्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने चुनाव से छह महीने पहले ही लोक कल्याणकारी योजनाओं की झड़ी लगा रखी है जिससे राज्य का चुनावी माहौल और गर्मा रहा है।

निश्चित ही राजस्थान में लोकलुभावनी योजनाओं का जनता को लाभ मिला है, राजस्थान का कायाकल्प भी हुआ। गहलोत अपने



राजनीतिक जीवन की सबसे चुनौतीपूर्ण पारी खेलते हुए एक कद्दावर नेता के रूप में सामने आ रहे हैं। लेकिन मतदाता के मन में ये योजनाएं हैं या और कुछ? यह वक्त ही बतायेगा। लेकिन एक बात बहुत स्पष्ट है कि मतदाता अब ज्यादा जागरूक हुआ है तो गहलोत भी ज्यादा सर्तक, समझदार एवं चालाक हुए हैं। उन्होंने जिस प्रकार चुनावी शतरंज पर काले-सफेद मोहरें बिछाने शुरु कर दिये हैं, उससे मतदाता भी उलझा हुआ प्रतीत करेगा। अपने हित की पात्रता नहीं मिल रही है। कौन ले जाएगा प्रदेश की लगभग आठ करोड़ जनता को आजादी के अमृतकाल में। सभी नंगे खड़े हैं, मतदाता किसको कपड़े पहनाएगा, यह एक दिन के राजा पर निर्भर करता है। सभी इस एक दिन के राजा को लुभाने में जुटे हैं। कोई मुफ्तखोरी की राजनीति का सहारा लेकर चुनाव जीतने की कोशिश करने में जुटा है तो कोई गठबंधन को आधार बनाकर चुनाव जीतने के सपने देख रहा है।

विधानसभा चुनावों की सरगर्मियां उग्रता पर है, इस बार का चुनाव काफी दिलचस्प एवं चुनौतीपूर्ण होने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह भाजपा की स्थिति को मजबूती देते हुए गहलोत सरकार को पछताड़े में लगे हैं। लेकिन भाजपा की सबसे बड़ी विशेषता है कि वह अपनी हार के कारणों को बड़ी गहराई से लेते हुए उन कारणों को समझने एवं हार को जीत में बदलने के गणित को बिठाने में माहिर है। गहलोत प्रखर नेता के रूप में न केवल भीतर संघर्ष कर रहे हैं बल्कि भाजपा को चुनौती देने का हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने दूरगामी सोच एवं राजनीतिक कौशल से अनेक प्रभावी योजनाओं को लागू किया है। आज राजस्थान एक 'आदर्श राज्य' के रूप में उभरा है या नहीं? यह देश के सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाले राज्यों में से एक है भी या नहीं है? यह विश्लेषण के विषय हैं। आज देश में राजस्थान की चर्चा सबसे अच्छी सड़कों, सबसे अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं, सबसे अधिक विश्वविद्यालयों व सबसे आगे बढ़ने वाले राज्य से अधिक गहलोत की योजनाओं के रूप में हो रही है और यह सब योजनाएं चुनावी रथ पर सवाल होकर जीत को सुनिश्चित करने की चेष्ठा है।

किसी भी राष्ट्र के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है। राष्ट्र के प्रत्येक वयस्क के संविधान प्रदत्त पवित्र मताधिकार प्रयोग का एक दिन। सत्ता के सिंहासन पर अब कोई राजपुरोहित या राजगुरु नहीं बैठता अपितु जनता अपने हाथों से तिलक लगाकर नायक चुनती है। लेकिन पांच राज्यों में जनता तिलक किसको लगाये, इसके लिये सब तरह के साम-दाम-दंड अपनाये जा रहे हैं। हर राजनीतिक दल अपने लोकलुभावन वायदों एवं घोषणाओं को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बता रहे हैं, जो सब समस्याएं मिटा देगी तथा सब रोगों की दवा है। लेकिन ऐसा होता तो आजादी के अमृतकाल तक पहुंच जाने के बाद भी देश एवं प्रदेश गरीबी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अफसरशाही, बेरोजगारी, अशिक्षा, स्वास्थ्य समस्याओं से नहीं जुझता दिखाई देता। ऐसी स्थिति में मतदाता अगर बिना विवेक के आंख मूंदकर मत देगा तो परिणाम उस उक्ति को चरितार्थ करेगा कि अगर अंधा अंधे को नेतृत्व देगा तो दोनों खाई में गिरेंगे।

राजस्थान के चुनाव का नतीजा अभी लोगों के दिमागों में है। मतपेटियां क्या राज खोलेंगी, यह समय के गर्भ में है। पर एक संदेश इस चुनाव से मिलेगा कि अधिकार प्राप्त एक ही व्यक्ति अगर ठान ले तो अनुशासनहीनता, भ्रष्टाचार, महंगाई, गरीबी, अशिक्षा, स्वास्थ्य आदि समस्याओं पर नकेल डाली जा सकती है। लेकिन देश एवं प्रदेश बनाने एवं विकास की ओर अग्रसर करने की बजाय सभी दल मुक्त रेवडियां बांट कर एक अकर्मण्य पीढ़ी को गढ़ने की कुचेष्टा करते हैं या येन-केन-प्रकारेण चुनाव जीत का सेहरा अपने सीर पर बांधना चाहते हैं। कई बार तो ऐसी घोषणाएं भी कर दी जाती हैं, जिन्हें पूरा करना संभव नहीं होता। उन्हें या तो आधे-अधूरे ढंग से पूरा किया जाता है या देर से अथवा उनके लिए धन का प्रबंध जनता के पैसों से ही किया जाता है। उदाहरणस्वरूप दिल्ली एवं कर्नाटक सरकार ने बिजली मुफ्त देने के वादे को पूरा करने के लिए बिजली महंगी कर दी या नई गलियां निकाल ली। इसी तरह पंजाब सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर वैट बढ़ा दिया। चुनाव जीतने के लिए वित्तीय स्थिति की अनदेखी कर लोकलुभावन वादे करना अर्थव्यवस्था के साथ खुला खिलवाड़ है। इस पर रोक नहीं लगी तो इसके दुष्परिणाम जनता को ही भुगतने पड़ेंगे।

## शार्ट न्यूज

### नेपाली शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**महराजगंज।** नेपाल में बनी शराब को दो तस्करों के साथ आज उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले में भारत -नेपाल सीमा पर बरामद किया गया । जिला आबकारी अधिकारी जितेंद्र पांडेय ने ठूठीबारी थाने में मामले की खुलासा करते हुए बताया कि आबकारी टीम को मुखबिर से सूचना मिली की भारत - नेपाल सीमा पर कुछ लोग नेपाली शराब की खेप को तस्करी कर भारत ला रहे है। उक्त सूचना पर आबकारी इंस्पेक्टर वैभव कुमार यादव झुलनीपुर बीओपी के एसएसबी इंस्पेक्टर मुकेश कुमार यादव को सूचना देते हुए टीम के साथ डिगही गांव के पूरब गन्ने की खेत में छिप गए। कुछ ही देर बाद कई लोग नेपाल राष्ट्र से साइकिल और बाइक की मदद से नेपाली शराब की तस्करी कर लाते दिखाई दिए। जिसके बाद टीम ने घेराबंदी कर चार साइकिल और दो बाइक पर लदी 30 पेटी नेपाली शराब बरामद की साथ ही मौके से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर ली, वही अन्य भागने में सफल रहें। गिरफ्तार दोनों व्यक्तियों ने टीम के पूछताछ में अपना नाम राकेश व सलीम निवासी बेलवा बताया है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के निशानदेही पर बेलवा गांव में छापा मारकर सोनू के घर के सामने से 41 पेटी नेपाली शराब बरामद की गई। ऐसे में टीम ने तस्करी के कुल 71 पेटी नेपाली शराब बरामद की है।

### दो असलहा तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले की पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो असलहा तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिले की पुलिस और स्वाट टीम को सूचना मिली की एक बाइक पर सवार तीन बदमाश जीयनपुर की तरफ से आ रहे हैं। इस सूचना पर बलरामपुर चौकी प्रभारी संजय तिवारी को मामले की जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने देखा कि सर्विस लेन शिवालिक के पास पहली पुलिया पार के पास चेकिंग की जा रही थी कि पुलिस वालों को देखते ही मोटर साइकिल बदमाश सवार यू टर्न करके भागने की कोशिश किए कि वहीं पर गिर गए कि पीछे बैठा हुआ व्यक्ति तुरन्त वहां से नाला में कूद कर भागने लगा और भागते हुए बाइक पर बीच में बैठे व्यक्ति द्वारा पुलिस वालों को लक्ष्य बना कर के जान से मारने की नियत से लिए हुए पिस्टल से फायर कर दिया गया। पुलिस द्वारा घेराबंदी करते हुए दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया। एक आरोपी मौके से फरार हो गया। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। आरोपियों की पहचान विपुल यादव और शिवम यादव के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से प्रतिबंधित बोर 303 बोर का कारतूस बरामद करने के साथ ही दो पिस्टल 32 बोर की, तमंचा 315 बोर का बरामद किया गया है।

### सपा की पूर्व एमएलसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अयोध्या। विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट अदालत कोर्ट के आदेश के बाद अयोध्या कैंट थाना पुलिस ने सपा के पूर्व एमएलसी सपा की पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा और उनकी दोनों पुत्रियों समेत अन्य के खिलाफ 11 धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। जमीन के विवाद को लेकर 30 अगस्त को मारपीट हुई थी, जिसमें एक पक्ष की ही रिपोर्ट दर्ज हो पाई थी। पीड़िता कैंट थाना क्षेत्र के लाला का पुरवा, खोजनपुर (गद्दोपुर) निवासी दलित वैष्णवी है। वैष्णवी का कहना है कि उसके घर के पिछले हिस्से की जमीन पर कब्जे दारी को लेकर विवाद हुआ था। पूर्व एमएलसी लीलावती 30 अगस्त की दोपहर 12 बजे वह अपनी पुत्रियों अलका व आस्था कुशवाहा के साथ लाठी-डंडा, लोहे की रॉड आदि से लैस होकर व मिस्त्री मजदूर आदि को लेकर उसकी पुश्तैनी जमीन पर अवैध कब्जे के लिए निर्माण कराने लगीं। पिता राम औतार ने विरोध किया, तो सभी ने जाति सूचक गाली देते हुए जानलेवा हमला कर दिया। घर में घुसकर मारापीटा और तोड़फोड़ की। बीच-बचाव करने पहुंचे भाई अभिषेक कुमार व बहन रूबी की भी पिटाई की तथा पिता को मरणासन्न कर दिया। तहरीर के बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, आरोपियों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज घायल पिता, भाई व बहन तथा नाबालिग मानसी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### दुष्कर्म पीड़िता का एसएसपी ऑफिस में हंगामा

**मेरठ।** मेरठ के परतापुर थाना क्षेत्र स्थित मार्जिन स्पोर्ट्स कंपनी में महिला से सामूहिक दुष्कर्म मामले में कार्रवाई न होने और आरोपियों से पुलिस की साठगांठ होने का आरोप लगाते हुए महिला कर्मचारियों ने एसएसपी ऑफिस पर हंगामा किया। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की और सीओ पर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई न करने का आरोप लगाया। शनिवार को एसएसपी ऑफिस पर भारी संख्या में महिला कर्मचारियों ने हाथों में पुलिस के खिलाफ मुर्दाबाद और मोदी सरकार में भी नहीं मिल रहा इंसाफ बैनर लेकर हंगामा कर दिया। पीड़ित महिला कर्मचारियों ने एसएससी ऑफिस पर जमकर हंगामा करते हुए परतापुर थाना पुलिस पर आरोपियों से मिलीभगत का आरोप लगाया। आरोपियों द्वारा समझौता न करने पर जान से मारने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए एसएसपी को शिकायती पत्र सौंपा। आरोपियों की गिरफ़्तारी की मांग की। महिला कर्मचारियों का आरोप है कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के बाद भी परतापुर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया। वह कुछ दिन पूर्व एसएसपी से मिली थी, जिसके बाद एसएसपी रोहित सिंह सजवान ने मामले की जांच सीओ ब्रह्मपुरी को सौंप दी थी। उसके बाद परतापुर पुलिस द्वारा आरोपियों को थाने लाया गया, लेकिन उनसे साठगांठ कर थाने से छोड़ दिया।

### अनियंत्रित बाइक की टक्कर से छात्रा की मौत

**औरैया।** औरैया में स्कूल से पढ़कर घर वापस लौट रही छात्रा को सड़क पर अनियंत्रित गति से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे घायल छात्रा की उपचार के दौरान मौत हो गई है। इस घटना से मृतक बच्ची के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिस पर पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बिधूना कस्बे के बिजली उपकेंद्र के समीप रहने वाली करीब 10 वर्षीय आस्था पुत्री कमल सिंह पाल ऑर्चेड ग्लोबल स्कूल में कक्षा तीन की छात्रा थी। वह स्कूल से छुट्टी के बाद बिधूना किशनी रोड पर होकर अपने घर जा रही थी तभी डिवाइडर पार करते समय सड़क पर अचानक अनियंत्रित गति से आ रहे एक बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। गंभीर घायलावस्था में छात्रा को उपचार के लिए आनन-फानन बिधूना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए मिनी पीजीआई सैफई रेफर कर दिया। मिनी पीजीआई जाते समय रास्ते में छात्रा की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि टक्कर मारने वाले बाइक चालक की तलाश की जा रही है आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

### फंदे पर लटकता मिला गर्भवती विवाहिता का शव

**पीलीभीत।** पीलीभीत में 8 माह की गर्भवती एक महिला का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिलने से हड़का मच गया है। मायके पक्ष के लोगों की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना के बाद मायके के पक्ष के लोग दहेज के लिए विवाहिता की हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। दरअसल सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बरहा गांव की रहने वाली 19 वर्षीय विवाहिता सीमा सिंह का प्रेम विवाह करीब 10 माह पहले गांव के ही रहने वाले रोहित उर्फ बाबू के साथ हुआ था शादी के बाद से ही सीमा अपने पति के साथ गांव में ही एक किराए के कमरे में रहती थी मायके पक्ष के लोगों का आरोप है की शादी के बाद से ही सीमा परिजनों को फोन कर कहां करती थी कि ससुराल पक्ष के लोग दहेज मांगते हैं आप अगर मेरी कही और भी शादी करते तो आपको दहेज देना पड़ता, विवाहित अक्सर अपने मायके पक्ष के लोगों को दहेज देने की बात कहती थी। महिला के पिता डाल चंद्र की माने तो 5 अक्टूबर को महिला गांव में ही स्थित अपनी ससुराल गई थी। आठ माह की गर्भवती होने का हवाला देकर ससुराल पक्ष के लोगों से उसे घर में रखने की बात कही थी। आरोप है इस दौरान ससुराल पक्ष के लोगों ने जमकर हंगामा किया और विवाहिता को घर में नहीं घुसने दिया। घटना के बाद विवाहिता ने मौके पर पुलिस बुला ली।

# हर बुधवार 'शक्ति दीदी' आएंगी, समस्याओं का समाधान संग लाएंगी

- महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित योगी सरकार ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए शुरू की मुहिम
- मुहिम के तहत प्रत्येक सप्ताह बुधवार के दिन 2 महिला पुलिस कर्मियों की टीम विभिन्न स्थानों पर महिलाओं को सरकार की महिला प्रधान योजनाओं के विषय में देगी जानकारी
- ग्राम और न्याय पंचायतों में भ्रमण के दौरान शक्ति दीदी के साथ ग्राम, न्याय पंचायत के लिए नियुक्त बीसी सखी, राजस्व लेखपाल, एएनएम, आशा वर्कर भी रहेंगी मौजूद



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए समर्पित योगी सरकार ने अब महिलाओं को उनके अधिकारों के लिए जागरूक करने की मुहिम शुरू की है।

इस मुहिम के तहत प्रत्येक सप्ताह बुधवार के दिन 2 महिला पुलिस कर्मियों (शक्ति दीदी) की टीम गांव और शहरों में विभिन्न स्थानों पर जाकर महिलाओं को सरकार की महिला प्रधान योजनाओं के विषय में जानकारी देंगी और उन्हें योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक करेंगी।

यही नहीं, विभिन्न विभागों के साथ समन्वय करके वो उनकी समस्याओं का निदान भी कराने का प्रयास करेंगी। ग्राम और न्याय पंचायतों में भ्रमण के दौरान शक्ति दीदी के साथ ग्राम, न्याय पंचायत के लिए नियुक्त बीसी सखी, राजस्व लेखपाल, एएनएम, आशा वर्कर व अन्य भी मौजूद रहेंगी। शहरी क्षेत्रों में भी मोहल्लावार इसी प्रकार से कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही संपन्न कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन को समर्पित योगी सरकार की मिशन शक्ति योजना के अगले चरण के लिए विभागवार कार्ययोजना का निर्धारण कर दिया गया है। गृह विभाग को शक्ति दीदी के रूप में प्रस्तावित रूपरेखा पर कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

ग्राम, न्याय पंचायतों के साथ शहरी क्षेत्रों में भ्रमण के दौरान मुख्य रूप से शक्ति दीदी द्वारा अन्य सरकारी विभागों के कर्मियों से समन्वय कर 3 प्रमुख बिंदुओं पर ग्राम और न्याय पंचायत की महिलाओं के साथ संवाद स्थापित किया जाएगा।

इनमें पहला बिंदु महिला सुरक्षा पर जागरूकता का प्रसार करना होगा, जबकि दूसरा बिंदु विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना होगा। वहीं तीसरा बिंदु महिला हिंसा से संबंधित तथा अन्य शिकायतों के निवारण के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर व फोरम के संबंध में जानकारी प्रदान करना होगा।

## 100 गज जमीन के लिए डबल मर्डर, 8 पुलिसवाले सस्पेंड

**कानपुर देहात।** देवरिया के बाद कानपुर देहात में शुक्रवार को दो सगे भाइयों की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। परिवार के अन्य चार सदस्यों को भी बेरहमी से पीटा गया। सभी घायलों का इलाज कानपुर के हैलट अस्पताल में कराया जा रहा है। विवाद की जड़ जमीन का बैनामा न होना बताया जा रहा है।

यहां भी देवरिया जैसे ही हालात रहे। पूरे मामले में पुलिस और प्रशासन की लापरवाही निकलकर सामने आ रही है। पुलिस, प्रशासन और सीएम विंडो तक शिकायत हुई मगर कोई एक्शन नहीं हुआ। शनिवार को इस मामले में गजनेर थाने के प्रभारी निरीक्षक समेत 8 पुलिस कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया गया। इसके साथ ही सभी के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। मामला जिले की गजनेर थाना क्षेत्र के निनाया गांव का है। दो लोगों की हत्या के बाद गांव में पुलिस फोर्स तैनात की गई है। वहीं, ग्रामीणों ने दबी जुबान जो कुछ बताया, उससे यह तो तय है कि गांव में इस क्राइम सीन की कहानी पहले ही लिखी जा चुकी थी।

### नजर पूरे मामले पर

नानिया गांव में सत्य नारायण विश्वकर्मा और मोहन शुक्ला के बीच गुरुवार की शाम पिकअप खड़ी करने को लेकर विवाद हुआ। विवाद कुछ देर में शांत हो गया। इसके बाद रात 11: 30 बजे मोहन शुक्ला अपने परिवार के साथ लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी लेकर सत्य नारायण लोहार के घर पहुंच गया। यहां सत्य नारायण अपने घर के बाहर चारपाई पर सो रहा था। इसके बाद सभी उसे पीटने लगे। बीच-बचाव करने आए सत्य नारायण के पूरे परिवार को पीटना शुरू कर दिया गया। मनोज एंड फैमिली ने एक-एक कर सभी को मरणासन्न कर दिया। इस घटना में सत्य नारायण विश्वकर्मा (72) और उनके भाई रामवीर विश्वकर्मा (56) की मौत हो गई। जबकि रामवीर की पत्नी मधु, बेटी मीनू, काजल और बेटा संजू घायल को उसी रात गजनेर सीएचएस में भर्ती कराया गया।

## बस्ती : मोटरसाइकिल चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में कोतवाली थाने की पुलिस ने अमहट घाट पुल के समीप से शनिवार को मोटर साइकिल चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यो को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से चोरी की 11 मोटर साइकिलें बरामद की । पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने यहां आज यह जानकारी देते हुए बताया कि कोतवाली थाने की पुलिस द्वारा अहमट पुल के समीप से मोटर साइकिल चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्य पवन उपाध्याय निवासी ग्राम बुढ़ापार, दुर्गा प्रसाद गुप्ता निवासी ग्राम बरडाड़ थाना गौर तथा सोनू निवासी ग्राम भोला परसा थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार करके इनके कब्जे से चोरी की 11 मोटर साइकिले बरामद किया गया है। ये लोग मोटर साइकिल चोरी करके उसका नम्बर प्लेट तथा गाड़ी का चेचिस नम्बर बदल कर ग्रामीण क्षेत्रो मे औनै-पौने दामो पर बेंच देते थे। ये लोग बस्ती, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर के अलावा गोरखपुर सहित कई जनपदो मे सक्रिय थे इनके द्वारा की गयी घटनाओं की जानकारी प्राप्त की जा रही है शीघ्र ही इनके खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जायेगी और इनकी अर्जित धन,सम्पत्तियों को जब्त किया जायेगा। उन्होने बताया कि इस गिरोह मे कई और भी सदस्य शामिल है जिसके बारे मे पता किया जा रहा है। वह अगर चोरी या अन्य घटनाओं मे लिप्त पाया गया तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी।

### 105 दिव्यांग छात्रों को वितरित किये गये उपकरण

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में शनिवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र सुजानगंज पर विकासखंड में अध्ययनरत दिव्यांग छात्रों को उनकी दिव्यांगता के आधार पर 105 बच्चों को उपकरण एवं उपस्कर वितरित किये गये। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी उपस्थित रहीं। सांसद द्वारा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम, शासन एवं बेसिक शिक्षा विभाग जौनपुर द्वारा किए जा रहे हैं पुनीत कार्यों की सराहना की गई। आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग छात्रों द्वारा अपने विशिष्ट प्रतिभा का उच्च स्तर पर प्रदर्शन किया गया। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देश के क्रम मे राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा अभियान लखनऊ द्वारा एलिम्को कानपुर के विशेषज्ञों की टीम द्वारा यह उपकरण वितरित किये गये।

## बागपत : रटौल नगर पंचायत भवन निर्माण के औचक निरीक्षण में मिली भारी अनियमितता

बागपत। उत्तर प्रदेश में बागपत के रटौल नगर पंचायत कार्यालय के निर्माणाधीन भवन का शनिवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनको निर्माण में भारी अनियमितता मिली, जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए अवर अभियंता के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति विभागीय अधिकारियों से की है।


जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में खेकड़ा क्षेत्र के कस्बा रटौल में नगर पंचायत भवन का निर्माण 147.86 लाख रुपये की लागत से कार्यदाई संस्था सीएडडीएस यूनिट मेरठ द्वारा किया जा रहा है। यह निर्माण कार्य 5 जनवरी 2022 से प्रारंभ हुआ था और जुलाई 2023 तक संपूर्ण होना था। उन्होंने बताया, कार्य भी समय से संपूर्ण नही हुआ और निर्माण की गुणवत्ता भी अत्यधिक खराब है। उन्होंने बताया कि भवन में छत पर जाने वाला जीने का दरवाजा लकड़ी का लगाया गया था जो बहुत ही कमजोर प्रदर्शित हो रहा था। दरवाजे में हैंडल भी बहुत ही हल्के तरीके के लगाए गए हैं।

भवन से उतरने वाले बारिश के पानी के लिए बिना सोचे समझे पाइप लगाया गया है जो काफी अव्यवस्थित तरीके से प्रदर्शित हो रहा है। जिलाधिकारी ने कार्य दाई संस्था को सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि घटिया निर्माण कार्य का आंकलन लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जाएगा। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि नगर पंचायत के भवन को देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि इसमें इंजीनियरिंग का प्रयोग नहीं किया गया है।

उन्होंने बताया कि घटिया कार्य मिलने परसंबंधित ठेकेदार से इसकी रिकवरी की जाएगी। कार्यदाई संस्था द्वारा कार्य को गुणवत्ता के साथ न करने पर साइड प्रभारी अवर अभियंता रजनीश कुमार पर विभागीय कार्रवाई करने की जिलाधिकारी ने संस्तुति की। जिलाधिकारी ने कहा भवन का निर्माण जल्द पूर्ण कराकर वर्ष के अंत तक इसमें नगर पंचायत का कार्यालय स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कस्बे की साफ सफाई के लिए भी अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिये। तालाब की गंदगी को देखकर नाराजगी जताई।

## ललितपुर : साले ने की बहनोई की गोली मारकर हत्या, दुकानदार गंभीर घायल

ललितपर। उत्तरप्रदेश के ललितपुर में कोतवाली तालबेहट से कुछ दूरी पर शनिवार को एक व्यक्ति ने अपने बहनोई की गोलीमारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि तालबेहट नगर के मोहल्ला चौबयाना निवासी विश्वनाथ प्रताप सिंह उर्फ़ शिवम (23) पुत्र भूपेंद्र सिंह तालबेहट के मुहल्ला चौबयाना निवासी मानवेन्द्र नामदेव पुत्र नन्दलाल की छवि कम्प्यूटर की दुकान पर कार्य करता था। वह दुकान पर कार्य कर रहा था तभी थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम चक्क लालौन निवासी शिवम का साला शिवाजी राजा (24) पुत्र स्वर्गीय भगवान आया । वह शिवम पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर मौके से भाग गया, फायरिंग में शिवम परिहार के सीने में गोली लगी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी । अचानक हुए इस हमले में दुकानदार मानवेन्द्र नामदेव के पेट में गोली लगने से वह भी गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार हेतु झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।




सूचना मिलने पर मौके पर पहुँचे डीआईजी जोगेन्दर सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया व हत्या आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने का आश्वासन दिया ।

एसपी मुहम्मद मुश्ताक ने बताया कि गोली चलाने बाला आरोपी शिवाजी राजा मृतक का साला है व आरोपी की बहन से मृतक ने पांच माह पूर्व प्रेम विवाह किया था, जिससे कुंठित होकर उसने अपने जीजा की हत्या कर दी। पुलिस में आरोपी को हत्या में प्रयुक्त पिस्टल सहित गिरफ्तार कर लिया है व उसके बिरुद्ध कोतवाली में 302,307,506 के तहत मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है कि किस मकसद से हत्या की गई है।

### बस्ती में 3 वाहन चोर गिरफ्तार

बस्ती। बस्ती जिले की पुलिस को उस समय बड़ी कामयाबी मिल गई, जब उनकी गिरफ्त में तीन वाहन चोर आ गए। जिनकी निशानदेही पर 11 मोटर साकिलें बरामद की गई। एसपी ने पुलिस टीम को 11 हजार रूपए ईनाम देकर उनका हौसला बढ़ाया है। दरअसल हुआ यूं कि पुलिस टीम अमहटपुल के पास चेकिंग कर रही थी। इसी बीच चोरी की वाहन के साथ पवन उपाध्याय निवासी बुढ़ापार थाना गौर को गिफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में अभियुक्त पवन ने अपने साथी दुर्गा प्रसाद गुप्ता निवासी बरडाड़ थाना गौर, सोनू चैधरी निवासी भोला परसा थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर का नाम भी बताया, जिने धर दबोचा गया।

### वकील ने खुद को गोली से उड़ाया

कानपुर। कानपुर में शनिवार को वकील के गोली मारकर सुसाइड कर लिया। गोली की आवाज सुनकर परिवार वाले आए, तो देखा खून से लथपथ शव कुर्सी पर पड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम जांच करने में जुट गई है। बताया जा रहा है कि वकील ने गर्दन के नीचे राइफल की नोक लगाई। इसके बाद पैर से ट्रिगर दबाया। गोली सिर से आर-पार हो गई। पूरा मामला सिविल लाइन्स का है। एसीपी कर्नलगंज अकमल खान ने बताया, हमें सुबह 9: 15 बजे घटना की की सूचना मिली। बताया गया कि वीआईपी रोड पर मिलन गेस्ट हाउस के मालिक में से एक बुजुर्ग वकील परवेज मुनीर (69) ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से गोली मार ली है। इसके बाद पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची। मौके से पुलिस और फोरेंसिक टीम की जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। वकील के घरवालों ने भी कोई आरोप नहीं लगाया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण और साफ हो सकेगा। एसीपी कर्नलगंज ने बताया कि उनकी पत्नी निशात परवेज ने बताया, पति परवेज काफी समय से अवसाद ग्रस्त थे, उनका इलाज भी कानपुर के एक बड़े डॉक्टर से चल रहा था। मृतक परवेज पेशे से वकील थे। बीमार होने के कारण प्रैक्टिस के लिए कम ही जाया करते थे। बड़ा बेटा शारिक मुनीर दोहा (कतर) में होटल मैनेजर हैं, जबकि बेटी नगमी मुनीर अपने पति के साथ गुड़गांव में रहती है। परवेज अपने भाइयों असद, आरिफ और शादाब के साथ एक ही कैंपस में अलग-अलग फ्लैट में रहते थे। परवेज अपने 5 भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। बड़े भाई अरशद मुनीर की मृत्यु हो चुकी है।

## छात्रवृत्ति घोटाले में जीविका इंस्टिट्यूट का चेयरमैन गिरफ्तार

### लखनऊ स्पेशल कोर्ट ने आरोपी की सात दिन की रिमांड की मंजूर

**लखनऊ।** लखनऊ की विशेष अदालत ने छात्रवृत्ति घोटाले के आरोपी रामगोपाल की 7 दिन की पुलिस रिमांड मंजूर कर ली है। रामगोपाल हरदोई के जीविका इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी के चेयरमैन हैं। ईडी ने उन्हें शनिवार को लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। जिसके बाद उन्हें लखनऊ कोर्ट में पेश किया गया था। जिसके बाद विशेष अदालत ने आरोपी की रिमांड मंजूर की। प्रवर्तन निदेशालय ने यूपी में 35 करोड़ के छात्रवृत्ति घोटाले के मामले में आरोपी कॉलेज प्रबंधकों की 2 करोड़ 84 लाख रुपए की सात संपत्तियों को जब्त कर लिया।

इसके पहले एजेंसियां आरोपियों की 3 करोड़ 24 लाख की चल अचल संपत्ति जब्त कर चुकी है। ईडी ने हाइजिया एजूकेशन समूह के मालिक सैयद इशरत हुसैन जाफरी के करीब 52 लाख रुपये कीमत के फ्लैट को अटैच किया।

वहीं जाफरी की पत्नी रचना जाफरी के नाम से खरीदी गई 76 लाख 55 हजार रुपये की एक प्रॉपर्टी भी अटैच की गयी। छात्रवृत्ति घोटाले के अन्य आरोपी प्रवीण सिंह चौहान का ईडी ने एक फ्लैट अटैच किया है। इसकी कीमत 24 लाख रुपये बतायी गयी। प्रवीण ने यह प्रॉपर्टी पत्नी हेमा सिंह के नाम से खरीदी थी।

हाइजिया ग्रुप के अकाउंटेंट रवि प्रकाश गुप्ता ने राम और श्याम एजुकेशन सोसाइटी के नाम से 35 लाख 50 हजार कीमत की प्रॉपर्टी खरीदी थी।

इसकी कीमत अब तीन गुनी हो चुकी है। ईडी ने इस प्रॉपर्टी को भी अटैच कर लिया है। विक्रम नाग के बैंक अकाउंट में जमा 19 लाख 69 हजार रुपये भी फ्रीज किए गए। इसके पहले ईडी ने सभी आरोपियों की 3 करोड़ 24 लाख की चल अचल संपत्ति को मनी लांड्रिंग के तहत अटैच की थी।

ईडी ने छात्रवृत्ति घोटाले में कोर्ट में पहली चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इसमें एजेंसी ने करीब सौ करोड़ रुपये का घोटाला होने की बात कही थी। इसमें हाइजिया समूह के संचालक लकी जाफरी को पूरे घोटाले का मास्टरमाइंड माना गया था।

## यूपी-पुलिस ने तीन माह में 10487 आरोपियों को दिलवाई सजा

### 2 आतंकियों समेत 10 को सजा-ए-मौत, 1142 को आजीवन कारावास

लखनऊ। यूपी पुलिस ने अपराध, अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत उन्हें सख्त से सख्त सजा दिलवाने के लिए ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान चलाया। इसके तहत घटनाओं की जल्द से जल्द विवेचना पूरी करने के साथ न्यायालय में विचाराधीन मुकदमों की प्रभावी पैरवी की। जिससे एक जुलाई, 2023 से छह अक्टूबर तक प्रदेश में चले अभियान में 7665 मामलों में 10487 आरोपियों को सजा हुई।

जिसमें 2 आतंकियों समेत 10 अभियुक्तों को फांसी की सजा, 1142 को आजीवन कारावास, 189 को 20 वर्ष की सजा और 722 आरोपियों को 10 वर्ष या उससे अधिक की सजा सुनाई गई।

### सजा दिलाने में गौतमबुद्ध नगर सबसे आगे

पुलिस मुख्यालय पर शनिवार को ऑपरेशन कन्विक्शन में प्रभावी पैरवी और विवेचना करने वालों को डीजीपी विजय कुमार ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यूपी ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के दौरान प्रभावी तौर पर पैरवी करने वाले पैरोकार, विवेचना करने वाले इंस्पेक्टर व दरोगा के साथ लोक अभियोजक को सम्मानित किया गया। इनके सराहनीय कार्य के चलते आरोपियों को जल्द सजा और पीड़ित को न्याय मिला। पुलिस विभाग के सभी अधिकारियों को घटनाओं को जल्द से जल्द खुलासा करने के साथ आरोपियों के सजा दिलाने के लिए उच्चस्तरीय विवेचना और कोर्ट में पैरवी के निर्देश लगातार दिए जा रहे हैं। जिससे अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगे।

यह पूरा ऑपरेशन एटीएस एडीजी मोहित अग्रवाल के अगुवाई में चलाया जा रहा था। पुलिस मुख्यालय से लगातार मॉनीटरिंग की जा रही थी। जिसके चलते अपराध के 5163 मामलों में और महिला उत्पीड़न पाक्सो के 14903 प्रकरण के साथ माफियाओं से सम्बन्धित 686 मामलों में कार्रवाई के पैरवी की गई। इसके चलते एक जुलाई 2023 से 6 अक्टूबर 2023 के बीच 7665 मुकदमो में 10487 अपराधियों को कोर्ट द्वारा सजा सुनाई गयी ।

जिसमें गौतमबुद्धनगर सबसे ज्यादा 408 मामलों में मामलों में सजा दिलाकर नंबर एक पर रहा। वहीं दूसरे नंबर सहारनपुर 244 मामलों में और अलीगढ़ 236 मामलों में सजा दिलवाकर तीसरे नंबर पर रहा।

### ट्रक मालिक की पेड़ पर लटकी मिली लाश

झांसी। झांसी में शनिवार को ट्रक मालिक की लाश एक पेड़ पर लटकी मिली है। उसके पैर जमीन में टच थे। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। मृतक के ट्रक में 4 दिन पहले मूंगफली लोड हुई थी। जोकि महाराष्ट्र जानी थी, लेकिन वो बीच में ही गायब हो गई। ट्रांसपोर्टर ने जांच की तो पता चला कि मूंगफली मध्य प्रदेश में 4 लाख 58 हजार रुपए में बेची गई है। इसके बाद ट्रांसपोर्टर ट्रक मालिक की तलाश करता हुआ उसके घर पहुंच गया था। लेकिन ट्रक मालिक घर पर नहीं मिला और अगले दिन उसकी लाश मिली। फिलहाल पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक का नाम अनिल कुमार (25) पुत्र परमानंद प्रजापति था। वह बबीना थाना क्षेत्र के मोटा खैलार का रहने वाला था।

### पत्नी की हत्या के मामले में पति को सजा

**चित्रकूट।** चित्रकूट बच्चे पैदा न होने और दहेज को लेकर विवाहिता को जिंदा जलाकर जान लेने के प्रयास के मामले में दोषसिद्ध होने पर त्वरित न्यायालय ने आरोपी पति को 7 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 25 हजार के अर्थदण्ड से भी दंडित किया है। सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि मध्यप्रदेश के सतना जिले के कोलगवां थाने के बारीकला गांव की निवासी ज्योति ने दहेज उत्पीड़न और हत्या के प्रयास की रिपोर्ट ससुराली जनों के खिलाफ दर्ज कराई थी। पीड़िता के अनुसार उसकी शादी कर्वी के बेड़ी पुलिया चकला राजरानी निवासी दीपू के साथ 11 मई 2014 को हुई थी। शादी के बाद से ही पति दीपू ससुराली जनों के साथ मिलकर बच्चे पैदा न होने और दहेज के लिए उसका उत्पीड़न करता था।

नई दिल्ली
रविवार 08 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### विदेशी मुद्रा भंडार 3.8 अरब डॉलर घटकर 586.9 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी आने से 29 सितंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार चौथे सप्ताह 3.8 अरब कम होकर 586.9 अरब डॉलर रह गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 2.34 डॉलर घटकर 590.7 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 29 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.13 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 520.24 अरब डॉलर रह गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 57.6 करोड़ डॉलर की कमी के साथ 43.7 अरब डॉलर पर आ गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 7.4 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह घटकर 17.94 अरब डॉलर रह गया। इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.8 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ पांच अरब डॉलर रह गई।

### अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी रिलायंस रिटेल में करेगी 4,967 करोड़ का निवेश

मुंबई। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (आरआरवीएल) ने शुक्रवार को घोषणा की कि अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (एडीआईए) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की सहायक कंपनी आरआरवीएल में 4,966.80 करोड़ का निवेश करेगी। एडीआईए इस पूंजी से आरआरवीएल में 0.59 प्रतिशत शेयर प्राप्त करेगी। कंपनी ने कहा है कि इस निवेश के लिए आरआरवीएल का मूल्यांकन शेयर के हिसाब से 8.381 लाख करोड़ रुपये किया गया है। इससे यह देश में शेयर मूल्य के हिसाब से शीर्ष चार कंपनियों में से एक बन गयी है। एडीआईए इस पूंजी से आरआरवीएल में 0.59 प्रतिशत शेयर प्राप्त करेगी । आरआरवीएल किराना, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन और जीवन शैली में 18,500 से अधिक स्टोर और डिजिटल वाणिज्य प्लेटफार्मों के एकीकृत ओमनी-चैनल नेटवर्क के साथ 26.7 ग्राहकों को सेवा प्रदान करती है। रिलायंस रिटेल वेंचर्स के निदेशक ईशा मुकेश अंबानी ने कहा, रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड में एक निवेशक के रूप में एडीआईए के निरंतर समर्थन से हम उनके साथ अपने संबंधों को और गहरा करने में प्रसन्न हैं।'' एडीआईए के निजी इक्विटी विभाग के कार्यकारी निदेशक हमाद शाहवान अल्धाहेरी ने कहा, रिलायंस रिटेल ने एक ऐसे बाजार में मजबूत विकास और अनुकूलन क्षमता का प्रदर्शन किया है जो अभूतपूर्व गति से विकसित हो रहा है।

### गोयल ने दुबई में की पश्चिम एशिया की बड़ी कंपनियों के अधिकारियों से मुलाकात

नयी दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को दुबई में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और पश्चिम एशिया क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों से मुलाकतें की और भारत में निवेश की सुविधा और अवसरों पर बातचीत की। गोयल के पास उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा कपड़ा मंत्रालय की भी दायित्व है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार गोयल के साथ मिलने वालों में एम्मार, शराफ और डीपी वर्ल्ड के सीईओ भी थी। उन्होंने गोयल के साथ भारत में उनकी निवेश योजनाओं पर चर्चा की। विज्ञप्ति के अनुसार गोयल ने उन्हें भारत में यूएई के निवेश को सुविधाजनक बनाने के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया। गोयल की पिछले दो वर्ष में वाणिज्य और उद्योग मंत्री के रूप में यह संयूएई की तीसरी यात्रा है। यह यूएई के साथ आर्थिक और वाणिज्यिक साझेदारी को भारत की ओर से दिए जाने वाले महत्व को रेखांकित करता है। इससे पहले आज, श्री गोयल ने खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) क्षेत्र और मिस्र में खाद्य क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों के साथ बातचीत की। क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा भागीदार के रूप में भारत की प्रमुख भूमिका को देखते हुए, बैठक में भारत और जीसीसी देशों के बीच खाद्य क्षेत्र में अधिक व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

### श्नाइडर नें 60 शहरों में लॉन्च की इनोवेशन यात्रा

नयी दिल्ली। श्नाइडर इलेक्ट्रिक ने शुक्रवार को भारत में कंपनी के संचालन की 60वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर श्नाइडर इलेक्ट्रिक इनोवेशन यात्रा लॉन्च की। यह कार्बन न्यूट्रल यात्रा भारत के 60 से अधिक शहरों का दौरा करेगी। इस यात्रा का उद्देश्य देश में श्नाइडर इलेक्ट्रिक की 60 साल की यात्रा और आईओटी (इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स), इलेक्ट्रिसिटी 4.0, एनर्जी मैनेजमेंट और नेक्स्ट जनरेशन ऑटोमेशन सॉल्यूशन स्पेस में हो रहे डिजिटलाइजेशन के बारे में बात करके लोगों में राष्ट्र निर्माण का समर्थन करने की निरंतर प्रतिबद्धता को उजागर करना है। इस अवसर पर श्नाइडर इलेक्ट्रिक इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एवं महाप्रबंधक (एमडी) दीपक शर्मा ने कहा, भारत में हमारी 60 वर्षों की उपस्थिति देश की प्रगति के लिए हमारी निरंतर प्रतिबद्धता का प्रमाण है। श्नाइडर इलेक्ट्रिक के पास अब 37000 से अधिक कर्मचारी हैं। वहीं भारत में 30 विनिर्माण स्थल हैं, जो इसे तीसरा सबसे बड़ा मार्केट और चार वैश्विक केंद्र में से एक बनाता है। मैं इस अवसर पर अपने ग्राहकों, पार्टनर्स और कर्मचारियों को तहे दिल से धन्यवाद करता हूं। श्नाइडर इलेक्ट्रिक इंडिया के उपाध्यक्ष रजत अब्बी ने कहा, मैं श्नाइडर इलेक्ट्रिक इनोवेशन यात्रा के लॉन्च को देखकर उत्साहित हूं।

### दिल्ली में दिखी अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023 की झलक

नयी दिल्ली। ऑनलाइन मार्केट प्लेस अमेजन इंडिया ने आज दिल्ली एनसीआर के ग्राहकों के लिए अमेजन एक्सपीरियंस एरेना के शुरुआत की घोषणा की। यह कार्यक्रम 8 अक्टूबर से शुरू होने वाले अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023 के तहत आयोजित किया जा रहा है। यहां प्राइम मैंबरों को 24 घंटे के प्राइम अर्ली एक्सेस का लाभ मिलेगा। अमेजन एक्सपीरियंस एरेना दिल्ली कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स में यहां आयोजित किया गया। अमेजन एक्सपीरियंस एरेना 12 अक्टूबर, 2023 को राजस्थान के जयपुर पहुंचेगा। इसके बाद पुणे, हैदराबाद, चेन्नई और कोलकाता में इसका आयोजन किया जाएगा। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023 के दौरान, ग्राहक उत्पादों के संग्रह और तेज एवं विश्वसनीय डिलीवरी का लाभ मिलेगा। इस दौरान ग्राहकों को किराना, फैशन एवं ब्यूटी, स्मार्टफोन, लार्ज अप्लायंसेस और टीवी, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स आदि कैटेगरी में रोमांचक ऑफर के साथ 5,000 से अधिक नए लॉन्च का भी फायदा मिलेगा। ग्राहक एसबीआई क्रेडिट और डेबिट कार्ड तथा ईएमआई लेनदेन पर 10 प्रतिशत तक के इंस्टेंट डिस्काउंट, डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड पर नो-कॉस्ट ईएमआई, अन्य प्रमुख क्रेडिट/डेबिट कार्ड पर रोमांचक ऑफर प्राप्त कर सकते हैं।

### जोयालुकास विस्तार पर करेगा 2400 करोड़ का निवेश

नयी दिल्ली। आभूषणों के रिटेल नेटवर्क का संचालन करने वाली कंपनी जोयालुकास इंडिया लिमिटेड ने अगले दो वर्षों में करीब 2400 करोड़ रुपये के निवेश से 40 नये स्टोर शुरू करने की योजना बनायी है। कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक जॉय अलुकास ने यहां यह जानकारी देते हुये कहा कि अभी देश विदेश में कुल मिलाकर 160 स्टोर संचालित किये जा रहे हैं और वित्त वर्ष 2024-25 तक 40 नये स्टोर शुरू करने की योजना है जिनमें से अधिकांश स्टोर देश में ही खोले जायेंगे। अभी देश से बाहर 60 स्टोर है और उनमें से अधिकांश स्टोर खाड़ी देशों में है। यह समूह भारत सहित दुनिया के 11 देशों में कारोबार कर रहा है। समूह के 9000 हजार से अधिक कर्मचारी है। उन्होंने बताया कि एक स्टोर को शुरू करने पर करीब 60 करोड़ रुपये का निवेश करना पड़ता है। इस तरह से अगले वित्त वर्ष तक उनका समूह इस पर करीब 2400 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रहा है। इसके साथ ही कंपनी बाजार से पूंजी जुटाने के उद्देश्य से प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम लाने की तैयारी कर रही है जिसके बाद टियर दो और तीन शहरों में तेजी से विस्तार करने की योजना है क्योंकि आभूषणों पर हॉलमार्किंग किये जाने और सरकार की नीतियों से संगठित व्यापार को बल मिला है जिससे ब्रांडेड आभूषणों की मांग में तेजी आ रही है।

# इन्वेस्ट राजस्थान के 55 प्रतिशत एमओयू साकार: गहलोत

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि औद्योगिक विकास के लिए संकल्पित राज्य सरकार की नीतियों और फैसलों से राजस्थान में इंवेस्टमेंट फ्रैंडली माहौल बना और इससे अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों ने सबसे ज्यादा निवेश किया वहीं इंवेस्ट राजस्थान के लगभग 11 लाख करोड़ रुपए के एमओयू एवं एलओआई में से करीब 55 प्रतिशत धरातल पर आगे बढ़े हैं जो राज्य के उज्ज्वल भविष्य के शुभ संकेत हैं।

गहलोत ने शनिवार को जयपुर के सीतापुरा स्थित जेईसीसी में आयोजित जैन इंटरनेशनल ट्रैड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) के जीतो कनेक्ट-2023 समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुशल वित्तीय प्रबंधन से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार एवं आधारभूत संरचना के विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों में राजस्थान देश का मॉडल स्टेट बन गया है। इसी आधार पर 11.04 प्रतिशत जीडीपी विकास दर के साथ राजस्थान उत्तर भारत में प्रथम और देश में दूसरे स्थान पर रहा। यही हमारी सोच और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एमएसएमई पॉलिसी की रियायतों से 16 हजार से अधिक औद्योगिक इकाइयां स्थापित हो चुकी हैं। पांच साल तक किसी भी सरकारी स्वीकृति की आवश्यकता नहीं होने के प्रावधान से छोटी-छोटी इकाइयां बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि रिप्स के कस्टमाइज पैकेज की पूरे देश में चर्चा है।

गहलोत ने कहा कि स्वास्थ्य का अधिकार, गिग वर्कर्स वेलफेयर एक्ट, राजस्थान न्यूनतम आय गारंटी, अलग से कृषि बजट, लगभग एक करोड़ प्रदेशवासियों को न्यूनतम एक हजार रुपए की सामाजिक सुरक्षा



पेंशन सहित विभिन्न फैसलों से जनता का सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। यह योजनाएं आगे भी जारी रहेंगी।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से देश में 'राइट टू सोशल सिक्योरिटी एक्ट, पुन: ओपीएस, स्वास्थ्य का अधिकार जैसे फैसले एक समान लागू कराने का आग्रह किया।

गहलोत ने कहा कि हमारे प्रयासों का ही नतीजा रहा है कि पांच वर्षों में राज्य की जीडीपी छह लाख करोड़ रुपए बढ़ी है। यह इस वित्त्त वर्ष तक 15 लाख करोड़ रुपए की हो जाएगी। वर्ष 2030 तक इसे 30 लाख करोड़ रुपए से अधिक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने कहा कि पांच साल में राजस्थान की प्रगति को चार गुना गति मिली है। अब 10 गुना गति के लिए 2.50 करोड़ लोगों के सुझावों से तैयार विजन-2030 डॉक्यूमेंट जारी किया गया है। इसी के आधार पर विकास कार्य कराए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि राज्य के मजबूत आधारभूत संरचना से हैंडीक्राफ्ट, एग्रो, इंजीनियरिंग, गुड्स, जैम्स एंड ज्वैलरी सहित विभिन्न क्षेत्रों में राजस्थान निर्यात कर रहा है। जयपुर और उदयपुर में एयरकार्गो की स्थापना से भी निर्यात बढ़ेगा। बाड़मेर में रिफाइनरी, पेट्रोकैमिकल्स कॉम्प्लैक्स की स्थापना और दिल्ली-मुम्बई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर से हजारों इकाइयां स्थापित हो रही हैं। उपखंड स्तर पर रीको औद्योगिक क्षेत्र विकसित होने से रोजगार और एन्टरप्रिन्योरशिप को प्रोत्साहन मिला है। पर्यटन को उद्योग का दर्जा मिलना प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ईवी, सोलर, विंड, हाइब्रिड एनर्जी, एग्रो बिजनेस, टूरिज्म, इको टूरिज्म, रूरल टूरिज्म सहित विभिन्न नीतियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 25 लाख रुपए की चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसमें 93 प्रतिशत राजस्थानियों का बीमा किया गया है, जबकि अन्य राज्यों में 30 प्रतिशत नागरिक ही वहां की योजना में बीमित हैं।

उन्होंने कहा कि देश में सदियों से सत्य और अहिंसा का महत्व रहा है। भगवान महावीर के सत्य, अहिंसा और सेवाभाव के सिद्धांतों को अपनाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश को आजादी दिलाई थी। उन्हीं प्रेरणादायक विचारों को आधार बनाकर ही राज्य सरकार ने प्रदेश का चहुमुंखी विकास कराया है।

गहलोत ने कहा कि जीतो द्वारा सामाजिक, शैक्षणिक, धार्मिक के साथ औद्योगिक प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इनकी 26 देशों में शाखाएं होने बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानी हमेशा से ही अपनी जड़ों से जुड़े रहे हैं। उन्होंने प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं में सहयोग के साथ अपने क्षेत्रों के विकास में अहम भूमिका निभाई है।

समारोह में राजस्व मंत्री रामलाल जाट, खान एवं पेट्रोलियम मंत्री प्रमोद जैन भाया, विधायक रोहित बोहरा, राजस्थान फाउंडेशन के चैयरमेन धीरज श्रीवास्तव ने भी सम्बोधित किया।

# आर्कटेक सोलर ने अपनी 7वीं वर्षगांठ मनाई

नई दिल्ली। सोलर ट्रैकिंग और रैकिंग समाधानों की एक प्रसिद्ध वैश्विक प्रदाता और चीन में सूचीबद्ध कंपनी, आर्कटेक सोलर ने जेपी ग्रीन्स, ग्रेटर नोएडा में अपनी 7वीं वर्षगांठ मनाई, जो भारत के सौर ऊर्जा क्षेत्र में एक दशक के उल्लेखनीय नेतृत्व का प्रतीक है। ऊर्जा क्षेत्र। इस भव्य कार्यक्रम में स्टर्लिंग और विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी, टोरेंट पावर, हीरो फ्यूचर, आदित्य बिड़ला रिन्यूएबल्स, केईसी इंटरनेशनल लिमिटेड और क्लीन मैक्स के उद्योग जगत के नेताओं, साझेदारों और हितधारकों की एक सम्मानित सभा एक दिन के गहन नेटवर्किंग, ज्ञान साझाकरण के लिए एक साथ आई। और अच्छी तरह से योग्य मान्यता।




#### अग्रणी सौर उत्कृष्टता

2015 में भारतीय बाजार में अपनी स्थापना के बाद से, आर्कटेक सोलर ने उल्लेखनीय मील के पत्थर हासिल करते हुए और भारत के स्वच्छ ऊर्जा उद्देश्यों में महत्वपूर्ण योगदान देकर अपनी उपस्थिति मजबूती से स्थापित की है। गुणवत्ता, नवाचार और स्थिरता के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता ने इसे प्रतिस्पर्धी भारतीय सौर उद्योग में अलग कर दिया है, जिससे सौर ऊर्जा समाधानों को अपनाया जा रहा है।

#### प्रमुख उपलब्धियाँ और योगदान

आर्कटेक सोलर ने गीगा परियोजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया है, जिसमें 2020 में विस्मयकारी 1.7GW परियोजना और 2022 में स्मारकीय 2.8GW परियोजना शामिल है, जो 5 गीगावाट से अधिक सौर ट्रैकर्स को चालू करने में अपने ट्रैक रिकॉर्ड को उजागर करती है।

कंपनी सेवा और गुणवत्ता पर केंद्रित मूल मूल्यों के माध्यम से खुद को अलग करती है, जो भारतीय सौर उद्योग में ऊर्जा उत्पादन, रोजगार सृजन और उन्नत प्रौद्योगिकियों में योगदान करती है।

अगस्त 2022 में, आर्कटेक सोलर ने सरकार की उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के अनुरूप, 3GW की वार्षिक क्षमता के साथ भारत की पहली संयुक्त उद्यम फैक्ट्री, जैश एनर्जी की स्थापना की।

आर्कटेक सोलर को 2020 में भारत के सोलर ट्रैकर्स के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता के रूप में मान्यता दी गई थी, जिसने 2021 में 45त्र बाजार हिस्सेदारी हासिल की थी। कंपनी ने कोविड -19 महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद राजस्थान में 1.7 GW उन्नत 1पी स्काईलाइन ट्रैकर्स की सफलतापूर्वक डिलीवरी की।

उल्लेखनीय परियोजनाओं में 860MW AEML सौर ऊर्जा संयंत्र, भारत की सबसे बड़ी बाइफेशियल+ट्रैकर बिजली उत्पादन परियोजना शामिल है, जो जटिल इलाकों और चरम मौसम की स्थिति के लिए आर्कटेक के अभिनव स्काईलाइन सौर ट्रैकिंग समाधान का प्रदर्शन करती है।

नवाचार के प्रति आर्कटेक सोलर की प्रतिबद्धता 410 से अधिक पेटेंट के साथ स्पष्ट है, जिसमें दुनिया की पहली पीवी कंपनी के स्वामित्व वाली संख्यात्मक पवन सुरंग का स्वामित्व भी शामिल है, जो भारत के स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण है। मल्टी-पॉइंट ड्राइव मैकेनिज्म तकनीक और स्मार्ट बैकट्रैकिंग एल्गोरिदम वाले सौर ट्रैकर ऊर्जा उपज को अधिकतम करते हैं और कार्बन उत्सर्जन को कम करते हैं।

#### सहयोग और भविष्य की प्रतिबद्धता

आर्कटेक सोलर स्थानीय भागीदारों और हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करता है, नवीकरणीय परियोजनाओं का समर्थन करता है, रोजगार के अवसर पैदा करता है और ज्ञान स्थानांतरित करता है। भारत की सबसे बड़ी सौर क्षमता बनने के लिए तैयार स्मारकीय खवाड़ा परियोजना, भारत की स्वच्छ ऊर्जा वृद्धि के लिए कंपनी की भविष्य की प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करती है।

आर्कटेक सोलर एक ऐसे भविष्य की कल्पना करता है जहां नवीकरणीय ऊर्जा विश्व स्तर पर फलती-फूलती है, जिसमें सौर ट्रैकिंग, ऊर्जा भंडारण समाधान और एकीकृत फोटोवोल्टिक्स (बीआईपीवी) जैसी प्रमुख पेशकशों पर ध्यान केंद्रित किया गया है जो सौर प्रौद्योगिकी के भविष्य को आकार देने के लिए तैयार हैं।

#### उत्कृष्टता का प्रमाण

7वीं वर्षगांठ समारोह ने सौर उद्योग के भीतर नवाचार, स्थिरता और अटूट नेतृत्व के प्रति आर्कटेक की अद्वितीय प्रतिबद्धता के प्रमाण के रूप में कार्य किया।

भारत की सौर ऊर्जा क्षमता पर आर्कटेक सोलर का प्रभाव ऐतिहासिक परियोजनाओं के माध्यम से प्रदर्शित होता है, जिसमें राजस्थान में 860MW AEML सौर ऊर्जा संयंत्र के लिए 1.7GW स्काईलाइन ट्रैकर्स की डिलीवरी भी शामिल है, जो देश में सबसे बड़ी बाइफेशियल + ट्रैकर बिजली उत्पादन परियोजना है। मार्केट लीडर के रूप में कंपनी की प्रतिष्ठा इसके नवोन्मेषी समाधानों और अत्याधुनिक पवन सुरंग परीक्षण क्षमताओं से और भी मजबूत हुई है।

#### एक वैश्विक पदचिह्न

आर्कटेक की वैश्विक उपस्थिति दुनिया भर में 14 सेवा केंद्रों और शाखाओं की स्थापना के माध्यम से फैली हुई है, जो कंपनी को नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करती है। सौर ट्रैकिंग और रैकिंग सिस्टम, बिल्डिंग-इंटीग्रेटेड फोटोवोल्टिक्स (बीआईपीवी), और ऊर्जा भंडारण समाधानों पर लगातार ध्यान देने के साथ, आर्कटेक सक्रिय रूप से भारत और वैश्विक स्तर पर सौर प्रौद्योगिकी के भविष्य को आकार दे रहा है।

# 70 प्रतिशत बजारे के आटे के मिश्रण पर शून्य जीएसटी

नयी दिल्ली । माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने सरकार के मिलेट (मोटे अनाज) को बढ़ावा देने के तहत 70 प्रतिशत बाजरे के आटे के मिश्रण को खुले बेचने पर शून्य जीएसटी तथा डिब्बाबंद कर बेचने पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगाये जाने का निर्णय लिया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आज यहां हुयी परिषद की 52वीं बैठक में ये निर्णय लिये गये। बैठक के बाद श्रीमती सीतारमण ने संवाददाताओं से कहा कि गन्ना किसानों के हित में तथा पशु आहार के निर्माण की लागत को कम करने के उद्देश्य से मॉलिसिस पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इस कदम से मिलों के पास तरलता बढ़ेगी और गन्ना किसानों को गन्ना बकाया का तेजी से भुगतान हो सकेगा। इससे पशु आहार के निर्माण की लागत में भी कमी आएगी क्योंकि इसके निर्माण में यह भी एक घटक है।

उन्होंने कहा कि मानव उपभोग के लिए अल्कोहलिक शराब के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले एक्स्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल (ईएनए) को जीएसटी से बाहर रखने का निर्णय लिया गया है। मानव उपभोग के लिए अल्कोहलिक शराब के निर्माण में उपयोग हेतु ईएनए को जीएसटी के दायरे से बाहर करने के लिए कानून में उपयुक्त संशोधन की जायेगी।

औद्योगिक उपयोग के लिए रेक्टिफाइड स्पिरिट को कवर करने के लिए सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम में 8 अंकों के स्तर पर एक अलग टैरिफ एचएस कोड बनाया गया है। 18



प्रतिशत जीएसटी वाले औद्योगिक उपयोग के लिए ईएनए के लिए एक प्रविष्टि बनाने के लिए जीएसटी दर अधिसूचना में संशोधन किया जाएगा।

वित्त मंत्री ने कहा कि यदि विदेश जाने वाले जहाज तटीय मार्ग पर परिवर्तित होते हैं तो उन्हें जहाज के मूल्य पर 5 प्रतिशत आईजीएसटी का भुगतान करना पड़ता है। जीएसटी परिषद ने विदेशी ध्वज वाले विदेश जाने वाले जहाज को तटीय मार्ग में परिवर्तित होने पर सशर्त आईजीएसटी छूट की सिफारिश की है, जो छह महीने में विदेश जाने वाले जहाज में परिवर्तित हो जाता है। उन्होंने कहा कि उन्होंन कहा कि यह स्पष्ट करने के लिए कि एचएस 5605 के अंतर्गत आने वाले धातुयुक्त पॉलिएस्टर फिल्म/प्लास्टिक फिल्म से बने नकली ज़री धागे या धागे पर भी 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। हालाँकि, पॉलिएस्टर फिल्म (धातुकृत)/प्लास्टिक फिल्म पर कोई रिफंड नहीं दिया जाएगा।

बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त विभाग संभालने वाले गोवा और मेघालय के मुख्यमंत्रियों के अलावा राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के वित्त मंत्री और वित्त मंत्रालय और राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

# टियर दो के शहर देंगे रियल एस्टेट को गति

नयी दिल्ली। रियल एस्टेट की अगली विकास यात्रा को गति देने के लिए रियल एस्टेट डेवलपमेंट, संगठित रिटेल पहुंच और परिपक्व रिहायशी बाजार में मजबूत लेनदेन के आधार पर भारत के 17 शहरों की पहचान की गयी जिसमें से भुवनेश्वर, कोयंबटूर, इंदौर, जयपुर, कोच्चि, लखनऊ, नागपुर, सूरत, तिरुवनंतपुरम, विशाखापत्तनम को 10 उभरते शहरों के रूप में पहचाना गया है, जिनमें निकट भविष्य में विकास की सबसे अधिक संभावना है।

कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (क्रेडाई) ने मिस्र में 21वें नैटकॉन के दौरान अपने नॉलेज पार्टनर कुशमैन एंड वेकफील्ड के साथ इंडिया के नेक्स्ट 10 इमर्जिंग मार्केट्स : इंजन्स फॉर फ्यूचर ग्रोथ ऑफ कमर्शियल रियल एस्टेट रिपोर्ट को जारी किया है जिसमें यह बात कही गयी है।

दिल्ली एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता और अहमदाबाद प्रमुख 8 रियल एस्टेट बाजार बने हुए हैं। रिपोर्ट का अनुमान है कि ये 10 टियर- 2 शहर जल्द ही भारत की विकास की कहानी को और अधिक गति देने वाले साबित होंगे। शहरों का चयन जनसंख्या, बुनियादी ढांचा, प्रतिभा पूल, आय, रहने में आसानी और किफायती आवास उपलब्धता से जुड़े संकेतकों के आधार पर किया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि शहरीकरण टियर-एक शहरों में मौजूदा बुनियादी ढांचे पर दबाव डाल रहा है क्योंकि वे गुणवत्ता वाले स्थानों की बढ़ती मांग को पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं। देश में शहरीकरण की रफ्तार तेज हो रही है। 2013 में शहरीकरण दर 32 प्रतिशत थी जो 2023 में बढ़कर 36 प्रतिशत हो गई है और यह उन बाजारों की ओर ध्यान केंद्रित कर रहा है जिनमें रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए अगला आशाजनक ठिकाना बनने की क्षमता है।

बढ़ती आय और खपत ने टियर 2 शहरों को खुदरा निवेश के आकर्षण का केंद्र बना दिया है। बड़े ग्रेड-ए मॉल और प्रमुख हाईस्ट्रीट के विकसित होने के साथ ही भारत के टियर-2 शहर प्रमुख उपभोग केंद्रों के रूप में विकसित हो रहे हैं। आने वाले वर्षों में इसकी रफ्तार और बढ़ने की उम्मीद है। इनमें से कई शहरों में आवासीय क्षेत्र में भी जबरदस्त वृद्धि देखी गई है, जो किफायती मानकों पर अच्छा प्रदर्शन करते हैं।

यह रिपोर्ट उभरते शहरों की पहचान करने के लिए जनसंख्या, आर्थिक शक्ति और व्यावसायिक अचल संपत्ति से शहरों के संभावित आकर्षण जैसे मानकों को आधार बनाती है।

## बिसलरी ने लॉन्च किया 'वेदिका हिमालयन स्पार्कलिंग वाटर'

मुंबई। बिसलरी इंटरनेशनल की प्रीमियम बेवरेज कैटेगरी 'वेदिका हिमालयन स्प्रिंग वाटर' ने 'वेदिका हिमालयन स्पार्कलिंग वाटर' को लॉन्च कर अपनी प्रीमियम कैटेगरी का विस्तार किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह खनिजों के संतुलित कंपोजिशन का व्यवस्थित मिश्रण है। यह मिश्रण ताजगी देगा। यह प्रीमियम लक्जरी पेशकश एक ज्यादा स्वस्थ विकल्प की चाहत रखने वाले उपभोक्ताओं के लिये खासतौर से तैयार की गई है। 300 एमएल की कांच की बोतलों में पैक वेदिका हिमालयन स्पार्कलिंग वाटर गुणवत्ता की गारंटी देता है। यह स्पार्कलिंग वाटर वितरण के चैनलों की एक व्यापक श्रृंखला में उपलब्ध होगा, जिसमें होरेका, आधुनिक एवं सामान्य ट्रेड, क्यू-कॉमर्स आदि पर उपलब्ध है। बिसलरी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड की उपाध्यक्ष जयंती खान चौहान ने कहा, वेदिका हिमालयन स्पार्कलिंग वॉटर के साथ, हम पेय पदार्थों की दुनिया में नवीनता और परिष्कार का संगम ला रहे हैं। हमारा लक्ष्य उपभोक्ताओं को हमारे स्रोत, वेदिका स्प्रिंग में निहित शुद्धता का सहज संगम प्रस्तुत करना है। इस प्रकार उत्तम इफ़रवेसेन्स एक स्फूर्तिदायक विकल्प प्रदान करता है जो आधुनिक जीवन शैली के साथ सहजता से मेल खाता है।

# ग्रेटर नोएडा में ओडीओपी व एमएसएमई संबंधी उद्योगों की ओर योगी सरकार ने बढ़ाए कदम

लखनऊ/ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी व देश के ग्रोथ इंजन के तौर पर स्थापित करने के साथ ही योगी सरकार प्रदेश को सूक्ष्म व लघु उद्योगों के एमर्जिंग हब के तौर पर भी स्थापित कर रही है। ग्रेटर नोएडा में टॉय व फर्नीचर पार्क की स्थापना करने व इस परियोजना में रिक्त प्लॉट्स के आवंटन के लिए यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने स्कीम शुरू की है। स्कीम के जरिए सेक्टर 28, 29, 32 व 33 में नॉन पॉल्यूटिंग इंडस्ट्रियल यूनिट्स खोलने के मद में 4000 स्क्वेयर मीटर तक की प्लॉटिंग्स के लिए आवेदन मांगे हैं। 27 अक्टूबर तक इस स्कीम में भूमि प्राप्त करने के लिए आवेदन किया जा सकता है और 17 नवंबर को ड्रॉ के जरिए सफल आवेदनकर्ताओं की सूची जारी की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए लाई गई इस स्कीम में प्लॉट लेने वाले उद्यमी 240 केटेगरीज के अंतर्गत आने वाले उद्योगों, एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग) 24 प्रकार के हस्तशिल्प, टॉय व 9 तरह के ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) की मैनुफैक्चरिंग संबंधी यूनिट लगाने में सक्षम होंगे।

यीडा की वेबसाइट पर संबंधित स्कीम की दी गई जानकारी के



अनुसार, स्कीम में कुल 3 स्तर के भूखंडों में से कुल 109 प्लॉट्स का आवंटन इस प्रक्रिया के जरिए होगा। इसमें से भी 95 प्रतिशत भूखंड निर्धारित केटेगरी के तहत यूनिट्स लगाने के लिए व 5 प्रतिशत भूखंड स्टार्ट अप्स के लिए रिजर्व्ड रखे जाएंगे। वहीं, स्कीम में 13542 रुपए प्रति स्क्वेयर मीटर की दर से कुल प्रीमियल अमाउंट 60.93 लाख से लेकर 5.41 करोड़ के बीच निर्धारित किया गया है।

इस परियोजना के अंतर्गत टॉय पार्क के लिए सेक्टर 33 में 1800 स्क्वेयर मीटर के कुल 5 प्लॉट्स बुक किए जाएंगे जिनका रजिस्ट्रेशन अमाउंट 24.37 लाख होगा तथा कुल प्रीमियम अमाउंट 2.43 करोड़ रुपए रहेगा।

वहीं ओडीओपी व फर्नीचर पार्क केटेगरी के अंतर्गत आवेदन करने वाले आवेदकों को 60.93 लाख रुपए से लेकर 4.06 करोड़ रुपए का टोटल प्रीमियल निर्धारित किया गया है। इस केटेगरी में कुल 41 प्लॉट्स का आवंटन होगा जिसमें से 2 प्लॉट्स स्टार्टअप्स के लिए निर्धारित हैं। इसी प्रकार एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए 6 चरणों में कुल 63 प्लॉट्स का आवंटन प्रक्रिया के जरिए होगा जिसमें से 61 संबंधित केटेगरी व 02 अलॉटमेंट्स स्टार्टअप्स के लिए होगा। इन प्लॉट्स का कुल प्रीमियम अमाउंट 40.62 लाख से लेकर 5.41 करोड़ रुपए के बीच रहेगा।

#### वर्ल्ड क्लास फैसिलिटीज का मिलेगा लाभ

उल्लेखनीय है कि जेवर एयरपोर्ट, इंटरनेशनल फिल्म सिटी, यमुना एक्सप्रेसवे व बुद्ध सर्किट से निकटता के कारण बेहतर कनेक्टिविटी और पॉड ट्रांजिट सिस्टम के रूप में भारत में अपनी तरह की पहली विश्व स्तरीय परियोजना समेत तमाम सुविधाओं का लाभ इस योजना के अंतर्गत प्लॉट लेकर मैनुफैक्चरिंग यूनिट लगाने वालों को मिलेगा।

इस परियोजना के जरिए भूमि प्राप्त करने वाले आवेदनकर्ता अगरबत्ती, एक्स रे मशीन से लेकर टेक्सटाइल समेत कुल 240 प्रकार के उद्योगों में से कोई एक औद्योगिक संयंत्र लगा सकते हैं। वहीं, चिकनकारी, बांस के उत्पाद समेत 24 प्रकार के हस्तशिल्प उत्पादन संयंत्र को सफल आवेदनकर्ता स्थापित कर सकते हैं।

## शार्ट न्यूज

### पुरुष और महिला टीमों ने शतरंज में जीती चांदी

हांगझोउ । भारत की पुरुष और महिला टीमों ने एशियाई खेलों में शनिवार को शतरंज में रजत पदक अपने नाम किये। महिला टीम स्पर्धा में कोनेरू हम्पी, हरिका द्रोणावल्ली, वैशाली रमेशबाबू, वंतिका अग्रवाल और सविता श्री बी की भारतीय टीम ने अपने नौ राउंड में सात जीत हासिल की। टीम को एक मैच में हार मिली, जबकि एक मुकाबला ड्रॉ रहा। उनकी एकमात्र हार चौथे राउंड में मेज़बान चीन के ख़िलाफ़ 2.5-1.5 से थी। भारत ने फाइनल राउंड में चीन रिपब्लिक को 4.0-0.0 से हराकर रजत पदक जीता। चीन ने आठ जीत और एक ड्रॉ के साथ महिलाओं की स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। छह जीत, एक ड्रॉ और दो हार के साथ कजाकिस्तान को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। इस बीच, गुकेश डी, विदित गुजराती, अर्जुन एरिगैसी, पेंटाला हरिकृष्णा और रमेशबाबू प्रगनानंद पुरुष टीम स्पर्धा में ईरान से पिछड़ गए। ईरान ने अपने नौ राउंड में सात जीत और दो ड्रॉ दर्ज किए, जबकि भारत ने छह जीत और तीन ड्रॉ खेले। उज्बेकिस्तान ने छह जीत, दो ड्रॉ और एक हार के साथ कांस्य पदक जीता। भारतीय पुरुष टीम ने फिलीपींस के ख़िलाफ़ 3.5: 0.5 से जीत के साथ अपना पदक पक्का कर लिया। भारत की एशियन गेम्स 2023 मेडल टैली में भारतीय शतरंज टीम ने दो रजत पदक जोड़े। भारतीय खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत स्पर्धाओं में कोई पदक नहीं जीते। व्यक्तिगत पुरुष स्पर्धा में, विदित गुजराती पांचवें स्थान पर रहे, उनके बाद अर्जुन एरिगैसी ने छठे स्थान पर रहते हुए अपना अभियान समाप्त किया।

### गिल बीमार हैं, लेकिन टीम के बाहर नहीं

चेन्नई। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने शनिवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को यहां खेले जाने वाले मैच सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को अभी बाहर नहीं किया गया है। एमए चिदम्बरम स्टेडियम में भारत रविवार को आईसीसी विश्व कप के अपने पहले मैच में आस्ट्रेलिया से टक्कर लेगा। मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में रोहित ने कहा गिल की तबीयत ठीक नहीं है। हम उनके स्वास्थ्य की निगरानी कर रहे हैं। हम उन्हें ठीक होने का हर मौका देंगे। देखतें है कि मैच से पहले वह कैसा महसूस करते हैं। उन्हे अभी तक बाहर नहीं किया गया है। गिल की खराब सेहत से भारतीय खेमे में चिंता के सवाल पर उन्होने कहा ''नहीं, चिंता की बात नहीं है। मेरा मतलब है कि जाहिर तौर पर वह बीमार हैं। मैं चाहता हूं कि वह ठीक हो जाएं। वह युवा हैं। उनका शरीर फिट है इसलिए वह जल्दी ठीक हो जायेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या कल के मैच में रविचंद्रन अश्विन समेत तीन स्पिनर मैदान पर दिखेंगे, रोहित ने कहा कि यह निश्चित रूप से एक विकल्प है और तीन सीमरों को खिलाने की भी गुंजाइश है। उन्होने कहा मैं वास्तव में हार्दिक पंड्या को सिर्फ एक सीमर नहीं मानता हूं। वह एक उचित तेज गेंदबाज है, जो अच्छी गति बढ़ा सकता है। इससे हमें फायदा मिलता है। इससे हमें तीन स्पिनर और तीन सीमर खेलने की सुविधा भी मिलती है। ऐसी संभावना है कि हम इस पिच पर तीन स्पिनरों के साथ तीन सीमर्स भी खिला सकते हैं।

### रोहिदास को 1.5 करोड़ रुपये देंगे पटनायक

भुवनेश्वर। एशियाई खेल में हॉकी में स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य अमित रोहिदास को ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने डेढ़ करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने ओडिशा के सुंदरगढ़ के निवासी डिफेंडर-ड्रैगफ्लिकर अमित रोहिदास को बधाई देते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें न केवल ओडिशा बल्कि पूरे देश के युवाओं के लिए प्रेरणाश्रोत बताया। उन्होने कहा अमित रोहिदास की उल्लेखनीय उपलब्धि दृढ़ता और उत्कृष्टता की भावना का उदाहरण हैं। वह हमारे राज्य और उससे बाहर के महत्वाकांक्षी एथलीटों के लिए आशा और गर्व का प्रतीक बन गए हैं। उनकी सफलता की कहानी महानता हासिल करने के प्रयास कर रहे हर व्यक्ति के साथ मेल खाती है। उनकी उपलब्धियों पर हमे बेहद गर्व है। अमित रोहिदास ने टोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक अर्जित किया था। अमित ने राउरकेला के पानपोश स्पोर्ट्स हॉस्टल में अपने असाधारण कौशल को निखारा। मौजूदा एशियाई खेल में कोरिया के खिलाफ सेमीफाइनल में उनके निर्णायक गोल ने भारतीय टीम को फाइनल और स्वर्ण पदक की ओर प्रेरित किया।

### कुश्ती में पूनिया ने भारत के लिये जीता रजत

हांगझोउ। राष्ट्रमंडल खेलों के विजेता दीपक पूनिया को एशियाई खेल में 86 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती वर्ग के खिताबी मुकाबले में शनिवार को ईरान के हसन यज़्दानी से हार कर रजत पदक पर संतोष करना पड़ा। इस जीत के साथ भारत ने कुश्ती में एक रजत और पांच कांस्य पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया। रियो 2016 ओलंपिक चैंपियन और टोक्यो 2020 के रजत पदक विजेता ईरान के हसन यज़्दानी ने पहले चरण में ही आठ अंक की बढ़त बना ली थी। पूनिया ने दूसरे राउंड में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन ईरानी पहलवान अपने एशियन गेम्स के खिताब का बचाव करने में सफल रहे। दीपक पूनिया ने इससे पहले राउंड ऑफ 16 में अपने अभियान की शुरुआत तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर इंडोनेशिया के रैंडा रियानडेस्टा पर जीत हासिल करते हुए की थी। उन्होंने क्वार्टरफाइनल में जापान के शोता शिराई को 7-3 से हराया और फाइनल में जगह बनाने के लिए बहरीन के मैगोमेद शारिपोव को 4-3 से मात दी। पिछले साल दीपक पूनिया ने कॉमनवेल्थ गेम्स में 86 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। वह इसी श्रेणी में 2019 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता भी हैं।

### वर्षा बाधित मुकाबले में भारत के हाथ आया गोल्ड

हांगझोउ । एशियन गेम्स में पहली बार शिरकत कर रही भारतीय क्रिकेट टीम ने शनिवार को वर्षा के कारण रद्द किये गये मुकाबले में बेहतर टी20 रैंकिंग के आधार पर स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि अफगानिस्तान की टीम को रजत पदक पर संतोष करना पड़ा। टॉस जीत कर भारत ने अफगानिस्तान को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। अफगानिस्तान ने 18.2 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 112 रन बनाये थे कि तेज बारिश के कारण मैच रोकना पड़ा। इस बीच मैदान पर वर्षा की रफ्तार कम नहीं हुयी और मैदानी अंपायरों ने मैच को रद्द घोषित कर दिया। भारत को रद्द मैच में बेहतर आईसीसी रैंकिंग का लाभ मिला और उसे स्वर्ण पदक से नवाजा गया। इससे पहले भारत ने सेमीफाइनल में बांग्लादेश को नौ विकेट से और क्वार्टरफाइनल में नेपाल को 23 रनों से हराया था। उधर कांस्य पदक मुकाबले में बांग्लादेश ने डीएलएस पद्धति के आधार पर पाकिस्तान को छह विकेट से हराया। वर्षा के कारण ओवरों की संख्या घटाकर पांच-पांच कर दी गयी थी। बांग्लादेश ने निर्धारित पांच ओवर में चार विकेट खोकर 65 रन बनाये जिसके जवाब में पाकिस्तान की टीम पांच ओवर में एक विकेट पर 48 रन ही बना सकी।


### अफगानिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश को मिली जीत

धर्मशाला। मेहदी हसन मिराज (57 रन और 25 रन पर तीन विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की मदद से बांग्लादेश ने शनिवार को यहां आईसीसी विश्व कप मुकाबले में अफगानिस्तान को 92 गेंद शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम पर अफगानिस्तान की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुये 37.2 ओवरों में 156 रन पर सिमट गयी। बांग्लादेश ने जीत का आसान लक्ष्य 34.4 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। बांग्लादेश की आसान जीत के नायक मेहदी हसन मिराज बने जिन्होने पहले अफगानिस्तान के कप्तान हशमतउल्लाह शहीदी (18), राशिद खान (9) और मुजीब उर रहमान (1) का विकेट लिया और बाद में अर्धशतकीय पारी खेल कर अपनी टीम की जीत को और आसान बना दिया। उन्हे प्लेयर आफ द मैच चुना गया। नजमुल शान्तो 59 रन बना कर नाबाद लौटे। उन्होने मिराज के साथ 97 रन की महत्वपूर्ण भागीदारी की जब टीम 27 रन पर दो अहम विकेट गंवा कर कुछ मुश्किल में फंस चुकी थी। इससे पहले इब्राहम जरदान (22) और रहमत शाह (18) ने अफगानिस्तान को संतुलित शुरूआत दी थी।

# सात्विक-चिराग ने भारत को दिलाया ऐतिहासिक स्वर्ण पदक

हांगझोउ । चीन के हांगझोउ में खेले जा रहे 19वे एशियाई खेलों में भारत का स्वर्णिम सफर जारी है। भारत ने शनिवार को न सिर्फ पदक तालिका में पहली बार 100 के पार पहुंचने का रिकार्ड बनाया बल्कि एशियाई खेलों में पहली बार बैडमिंटन का स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

बैडमिंटन के पुरुष युगल फाइनल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी ने दक्षिण कोरिया के चोई सोल्ग्यू और किम वोन्हू को 21-18, 21-16 से हराकर एशियाई खेलों में भारत के लिये पहला बैडमिंटन स्वर्ण पदक जीता।




ज्ञातव्य है कि इससे पहले भारत ने एशियाई खेलों की बैडमिंटन प्रतियोगिता में कभी स्वर्ण पदक नहीं जीता था। भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने जकार्ता 2018 एशियन गेम्स में महिला एकल स्पर्धा में रजत पदक जीता था।

### तीन दशक बाद जम्मू में दिखेगा दिग्गज क्रिकेटरों का जमावड़ा

**श्रीनगर।** तीन दशक से भी ज्यादा समय के बाद जम्मू के क्रिकेट प्रेमी लीजेंड लीग के जरिये दिग्गज क्रिकेटरों के प्रदर्शन के गवाह बनेंगे। मौलाना आज़ाद स्टेडियम पर लीग के तीन मुकाबले खेले जायेंगे। लीजेंड लीग के अधिकारियों ने एक विज्ञप्ति में बताया कि आगामी 18 नवंबर से नौ दिसंबर के बीच खेली जाने वाली प्रतियोगिता के सभी 19 मैच जम्मू, रांची, देहरादून, विजाग और सूरत में होंगे जबकि फाइनल सूरत के लालभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। तवी नदी के किनारे स्थित मौलाना आज़ाद स्टेडियम की दर्शक क्षमता 20 हजार है। यहां आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच 19 दिसंबर 1988 को भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया था। यह स्टेडियम जम्मू और कश्मीर क्रिकेट टीम के घरेलू मैदानों में से एक है।

## जापान को हराकर भारत ने जीता कांस्य पदक

हांगझोउ। भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को कांस्य पदक मुकाबले में जापान को रोमांचक मुकाबले में 2-1 से हरा दिया।

भारतीय महिलाओं ने एशियाई खेलो में चौथी बार हॉकी के कांस्य पदक पर कब्जा जमाया है। इससे पहले भारत ने 1986,2006 और 2014 के एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था। इसके अलावा महिला हॉकी टीम ने 1982 में नई दिल्ली में खेले गये एशियाई खेल में स्वर्ण पदक जीता था जबकि 2018 में इंडोनेशिया के जकार्ता में खेले गये एशियन गेम्स में भारत के हाथ चांदी लगी थी। कांस्य पदक मुकाबले के पांचवे मिनट में दीपिका ने पेनाल्टी स्ट्रोक को गोल में तब्दील कर भारत को 1-0 की बढ़त दिलायी मगर जापान की युरी नागाई ने 30वें मिनट में मिले पेनाल्टी कार्नर से गोल करके हिसाब बराबर कर दिया। इस बीच भारत ने जापान पर जबरदस्त आक्रमण किये मगर रक्षा पंक्ति ने इन हमलों को नाकाम कर दिया।

सुशीला चानू ने आखिरकार 50वें मिनट में पेनाल्टी कार्नर से एक और गोल कर स्कोर को 2-1 कर दिया जो अंत तक बरकरार रहा। इसके साथ ही भारत ने 2018 जकार्ता एशियन गेम्स का बदला भी पूरा कर लिया जहां फाइनल में जापान ने भारत को 2-1 से हराया था ।

इससे पहले दोनों टीमों के बीच इंचियोन 2014 में कांस्य पदक के लिए भिड़ंत हुई थी जिसमें भारत ने जापान को 2-1 से हराया था। गौरतलब है कि मौजूदा एशियाई खेलों में अजेय रही भारतीय महिला टीम को सेमीफाइनल में चीन के ख़िलाफ़ 0-4 से हार मिली थी।

## भारत ने एशियाई खेलों में आठवीं बार जीता पुरुष कबड्डी का खिताब

हांगझोउ। एशियाई खेलों में कबड्डी स्पर्धा के फाइनल में भारत ने ईरान को करीबी मुकाबले में 33-29 से परास्त कर आठवीं बार खिताब अपने नाम किया।

2018 में जकार्ता एशियाई खेल में भारत सेमीफाइनल में ईरान से हार गया था। इससे पहले बीजिंग 1990 में एशियन गेम्स में कबड्डी की शुरुआत के बाद से भारत ने सभी सात स्वर्ण पदक जीते थे।

कप्तान फज़ल अत्राचली के नेतृत्व में मजबूत ईरानी डिफेंस ने जबरदस्त टैकल से भारत पर शुरुआत में दबाव बनाए रखा, हालांकि भारतीय कबड्डी कप्तान पवन सहरावत और रेडर नवीन कुमार ने लगातार अंक हासिल करिते भारत को मैच में बनाए रखा।

उप-कप्तान सुनील कुमार के नेतृत्व में भारतीय डिफेंस ने ईरान को ऑल-आउट करने में मदद की और ब्रेक होने तक 17-13 के स्कोर के साथ चार अंकों की बढ़त हासिल कर ली। इस दौरान असलम इनामदार और नवीन कुमार ने भी महत्वपूर्ण रेडिंग अंक हासिल किए। भारत ने दूसरे हाफ की शुरुआत में ही कुछ अंक हासिल किए, लेकिन ईरान ने भारत को ऑल-आउट कर दिया और फुल टाइम के 10 मिनट पहले स्कोर 25-ऑल से बराबर कर लिया। इसके बाद पवन सहरावत ने भारत को आगे बढ़ाया और कप्तान फज़ल अत्राचली को रेड में आउट कर दिया। इसी के साथ भारत 28-25 से आगे हो गया। ईरान ने लगातार तीन अंकों के साथ वापसी की और सीटी बजने से केवल एक मिनट पहले स्कोर 28 की बराबरी पर था।

## भारतीय स्पिनरों से निपटने को तैयार हैं हम : कमिंस

एजेंसी

चेन्नई। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने शनिवार को स्वीकार किया कि घरेलू परिस्थितियों में भारतीय स्पिनर एक चुनौती हैं, लेकिन टीम को उनके खिलाफ कई बार सफलता मिली है।

कमिंस ने मैच की पूर्व संध्या पर संवाददाताओं से कहा भारत के पास एक अच्छी गेंदबाजी लाइनअप हैं, खासकर यहां घरेलू परिस्थितियों में। इसलिए, वे चुनौती पेश करेंगे मगर अच्छी बात यह है कि हमने उन्हें बहुत खेला है। इसलिए, हमारे बल्लेबाजों की अपनी योजनाएं होंगी। और फिर हमे उनके खिलाफ कई बार सफलता मिली है।

क्या डेविड वार्नर रविचंद्रन अश्विन के खिलाफ दाएं हाथ से बल्लेबाजी करेंगे, कमिंस ने कहा, हां, हम देखेंगे कि वह दाएं हाथ से बल्लेबाजी करते हैं या बाएं हाथ से। हां, वह शायद बाएं हाथ से बेहतर बल्लेबाजी करते हैं, मुझे लगता है। लेकिन हम देखेंगे कि हम कैसे आगे बढ़ते हैं।



एक सवाल के जवाब में उन्होने कहा एमए चिदम्बरम स्टेडियम एक ऐसा मैदान है जहां हम अक्सर खेले हैं। कुछ लोगों ने चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के लिए भी खेला है। यह एक अच्छा मैदान है और हमें यहां खेलना पसंद है। उम्मीद है कि हम यहां मिली सफलता के क्रम को जारी रखेंगे।

उन्होने कहा कि पिछली मार्च और अभी हाल ही में भारत में खेली गयी एकदिवसीय श्रृंखला का फायदा निश्चित रूप से टीम को होगा। उन्होने कहा इसमें कोई संदेह नहीं है कि यहां खेलना बहुत मददगार है, न केवल ऑस्ट्रेलिया के लिए बल्कि आईपीएल के लिए भी। मैंने शायद भारत में अधिक सफेद गेंद क्रिकेट खेला है। यहाँ की परिस्थितियाँ हम वास्तव में अच्छी तरह से जानते हैं और मुझे लगता है कि सकारात्मक बात यह है कि हमने पिछले कुछ वर्षों में यहां भारत के खिलाफ कुछ बहुत अच्छा एकदिवसीय क्रिकेट खेला है।

कमिंस ने कहा, विश्व कप रिकॉर्ड के संदर्भ में, हम शायद 1980 और 90 के दशक और 2000 के दशक की शुरुआत में विश्व कप जीत का बहुत अधिक श्रेय नहीं ले सकते, लेकिन हाल ही में हमने यहां जिस तरह से खेला है उससे हम वास्तव में खुश हैं।

**कमिंस ने मैच की पूर्व संध्या पर संवाददाताओं से कहा भारत के पास एक अच्छी गेंदबाजी लाइनअप हैं, खासकर यहां घरेलू परिस्थितियों में**

# अफगानिस्तान भूकंप में कम से कम 15 की मौत, 78 घायल

एजेंसी

काबुल। अफ़ग़ानिस्तान के पश्चिमी इलाके में आए भूकंप के कारण कम से कम 15 लोग मारे गए और 78 घायल हो गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.3 मापी गयी।

बीबीसी के मुताबिक अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि 6.3 तीव्रता का भूकंप पश्चिमी शहर हेरात से लगभग 40 किमी दूर, ईरान की सीमा के करीब, स्थानीय समयानुसार लगभग 11:00 बजे आया।

अफगान अधिकारियों ने कहा कि कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे लोग मलबे में फंस गए।

शुरुआती भूकंप के बाद कम से कम तीन शक्तिशाली झटके आए।

हेरात निवासी बशीर अहमद ने बताया, हम अपने कार्यालयों में थे और अचानक इमारत हिलने लगी। दीवारों के प्लास्टर गिरने लगे और दीवारों में दरारें आ गईं, कुछ दीवारें और इमारत के कुछ हिस्से ढह गए।




उन्होंने कहा, मैं अपने परिवार से संपर्क नहीं कर पा रहा हूं, नेटवर्क कनेक्शन काट दिया गया है। मैं बहुत चिंतित और डरा हुआ हूं, यह भयावह था।

एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि 70 से अधिक घायल लोगों का इलाज शहर के मुख्य अस्पताल में किया जा रहा है।

भूकंप शुरू होने के बाद अपनी कक्षा को सुरक्षित रूप से खाली करने वाले अंतिम छात्र इदरीस अरसाला ने बताया, स्थिति बहुत भयानक थी, मैंने पहले कभी ऐसा अनुभव नहीं किया था।

हेरात ईरान की सीमा से 120 किमी पूर्व में स्थित है और इसे अफगानिस्तान की सांस्कृतिक राजधानी माना जाता है। 2019 विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, अनुमान है कि प्रांत में 19 लाख लोग रहते हैं।

देश में अक्सर भूकंप आते रहते हैं - विशेषकर हिंदू कुश पर्वत श्रृंखला में क्योंकि यह यूरेशियन और भारतीय टेक्टोनिक प्लेटों के जंक्शन के पास स्थित है।

पिछले साल जून में, पक्तिका प्रांत में 5.9 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें 1,000 से अधिक लोग मारे गए थे और हजारों लोग बेघर हो गए थे।

## अफगानिस्तान में 30 मिनट में 4 भूकंप के झटके

### 14 की मौत, 78 घायल; भूकंप के केंद्र हेरात शहर में कई बिल्डिंग गिरी

**हेरात।** अफगानिस्तान में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.3 रही। इसके बाद 30 मिनट के अंदर यहां 3 आफ्टर शॉक भी आए। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के हेरात शहर से करीब 40 किमी की दूरी पर था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यहां अब तक 14 लोगों की मौत हो गई है। वहीं करीब 78 लोग घायल हुए हैं।

हालांकि, तालिबान सरकार की तरफ से अब तक कोई बयान सामने नहीं आया है। अफगानिस्तान के समय के मुताबिक, भूकंप सुबह करीब 11 बजे आया। इसके बाद मीडिया रिपोर्ट्स में कई बिल्डिंग्स के भी ढहने की जानकारी सामने आई है। इसकी वजह से मौत का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, अफगानिस्तान में आए आफ्टर शॉक्स की तीव्रता 5.5, 6.3 और 5.9 रही।



#### 2022 के भूकंप में मारे गए थे 1 हजार लोग

इससे पहले अफगानिस्तान में 14 सितंबर को भी 4.3 तीव्रता का भूकंप आया था। मार्च में अफगानिस्तान में आए भूकंप में करीब 13 लोगों की मौत हो गई थी। इसमें 300 लोग घायल हुए थे। अफगानिस्तान में आखिरी बड़ा भूकंपी जून 2022 में आया था। इसकी तीव्रता 6.1 रही थी। पक्तिका प्रान्त में आए भूकंप में करीब हजार लोगों की मौत हुई थी। वहीं 1500 लोग घायल हो गए थे।

### तुर्की ने सीरिया में पीकेके के 15 ठिकानों को नष्ट किया

अंकारा। तुर्की के सशस्त्र बलों ने देश में प्रतिबंधित वर्कर्स पार्टी ऑफ कुर्दिस्तान (पीकेके) के 15 ठिकानों को नष्ट कर दिया है। तुर्की रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी है। बयान में कहा गया है कि अंकारा के केंद्र में आंतरिक मंत्रालय की इमारत के पास रविवार सुबह एक आतंकवादी हमले के प्रयास के बाद तुर्की सुरक्षा सेवाएँ पूरे देश में हीरोज आतंकवाद विरोधी अभियान चला रही हैं। इस दौरान एक आतंकवादी ने खुद को उड़ा लिया और दूसरा मारा गया। गोलीबारी के दौरान दो पुलिस अधिकारी मामूली रूप से घायल हो गये। ए हैबर टीवी चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, तुर्की में प्रतिबंधित पीकेके ने आतंकवादी हमले की जिम्मेदारी ली है।

### दक्षिण अफ्रीकी सैन्य अड्डे पर आग लगने से छह सैनिकों की मौत

केप टाउन। दक्षिण अफ्रीका के उत्तरी केप प्रांत में एक सैन्य प्रशिक्षण अड्डे में आग लगने से छह जवानों की मौत हो गई और अन्य तीन जवान घायल हो गए। यह जानकारी दक्षिण अफ्रीकी सेना ने शनिवार को दी। दक्षिण अफ्रीकी सेना ने आज एक बयान में कहा कि देश के सबसे बड़े प्रांत उत्तरी केप में शुक्रवार को सैन्य लड़ाकू प्रशिक्षण केंद्र (सीटीसी) में स्थानीय समयानुसार अपराह्न एक बजकर 45 मिनट पर आग लग गई थी। बयान में कहा गया कि आग खदान की पश्चिमी सीमा से भड़की जो सैन्य लड़ाकू प्रशिक्षण क्षेत्र से सटा हुआ है। बयान के अनुसार दक्षिण अफ्रीकी सेना के जवान वर्तमान में अपने वार्षिक अभ्यास, अभ्यास वुकुहलोम की तैयारी के लिए आसपास के क्षेत्रों में तैनात हैं। इसके अलाव सेना के जवान उस क्षेत्र में भी तैनात थे जहां आग लगी थी। इस घटना में दक्षिण अफ्रीकी सेना के छह सैनिकों की मौत हो गई और अन्य तीन जवान झुलस गए है जिन्हें निकटतम अस्पताल भर्ती किया गया है। दक्षिण अफ्रीकी सेना वर्तमान में स्थिति का आकलन कर रही है और घटना की विस्तृत जानकारी उचित समय पर दी जाएगी। अभी जांच पड़ताल की जा रही है। देश के रक्षा विभाग और सशस्त्र बलों के शीर्ष अधिकारियों ने बयान जारी कर छह सैन्य सदस्यों की मृत्यु पर उनके परिवारों, दोस्तों और सहकर्मियों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की, जिन्होंने अपने कर्तव्य का पालन करते हुए अपनी जान गंवा दी।

### संरा एजेंसियां अफगान शरणार्थियों के पंजीकरण में पाकिस्तान की मदद करेंगी

इस्लामाबाद। शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त और अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन ने कहा कि वे अफगान नागरिकों का पंजीकरण और प्रबंधन में पाकिस्तान की सहायता करने के लिए तैयार हैं। यह जानकारी डॉन ने एजेंसियों के हवाले से शनिवार को दी। यह बयान पाकिस्तान में रहने वाले अवैध प्रवासियों के खिलाफ सरकार की कार्रवाई के बीच आया है। इस सप्ताह की शुरुआत में, पाक सरकार ने अफगान नागरिकों सहित बिना दस्तावेज वाले सभी प्रवासियों को 31 अक्टूबर तक पाकिस्तान छोड़ने का अल्टीमेटम जारी किया, अन्यथा उन्हें कारावास और अपने संबंधित देशों में निर्वासन का जोखिम उठाना पड़ सकता है। यह निर्णय प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर की अध्यक्षता वाली शीर्ष समिति की बैठक में लिया गया जिसमें सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। समिति ने निर्णय लिया कि सीमा पार आवागमन के लिए पासपोर्ट और वीजा अनिवार्य होगा, जबकि इलेक्ट्रॉनिक अफगान पहचानपत्र केवल 31 अक्टूबर तक स्वीकार किए जाएंगे। समय सीमा की समाप्ति के बाद, अधिकारी आप्रवासियों की अवैध संपत्तियों और उनके स्वामित्व वाले व्यवसायों या पाकिस्तानी नागरिकों के सहयोग से चलाए जा रहे व्यवसायों को लक्षित करने के लिए एक अभियान शुरू करेंगे।

### गाजा से हमले के बाद इजरायल युद्ध की स्थिति

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार को कहा कि गाजा पट्टी की ओर से शनिवार सुबह किए गए रॉकेट हमले के बाद से इजरायल में वास्तव में युद्ध की स्थिति में है। नेतन्याहू ने कहा, इज़रायल के नागरिक! हम युद्ध की स्थिति में हैं। यह कोई अभियान नहीं है...बल्कि एक युद्ध है। आज सुबह हमास ने इज़रायल और उसके नागरिकों पर आश्चर्यजनक तरीके से एक बड़ा हमला किया है। मैंने सुबह कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों को बुलाया और देश में घुसपैठ करने वाले उग्रवादियों के मद्देनजर आबादी वाले क्षेत्रों को खाली करने का निर्देश दिया। ऑपरेशन में कई घंटों से कार्रवाई की गयी है। मैंने व्यापक रूप से सैन्य भंडार की व्यवस्था करने के भी आदेश दिये हैं। नेतन्याहू ने राष्ट्र के नाम एक संबोधन में कहा, दुश्मन को ऐसी कीमत चुकानी पड़ेगी जिसके बारे में उसने कभी नहीं सोचा होगा। इज़रायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शनिवार सुबह कहा कि उग्रवादियों ने इज़रायल में घुसपैठ की और गाजा पट्टी से उसके क्षेत्र में 1,000 से अधिक रॉकेट दागे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
रविवार 08 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### दस वर्ष की अज्ञात बालिका को दिया गया संरक्षण



सोनभद्र ।जनपद के चोपन में दस वर्ष की अज्ञात बालिका रेलवे स्टेशन पर सहमी हुयी अकेले बैठी पायी गयी , जिसकी सूचना रेलवे सुरक्षा बल चोपन उप निरीक्षक प्रशांत कुमार द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई सोनभद्र को दी गयी। प्रकरण का त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा द्वारा टीम का गठन करते हुए मौके पर भेजा गया जिसमें संरक्षण अधिकारी गायत्री दुबे, सामाजिक कार्यकर्ता आकांक्षा उपाध्याय व ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे के साथ बाबू अहमद को प्रकरण के संबंध में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए अवगत कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। टीम द्वारा मौकेपर जाकर अज्ञात बालिका से पुछ ताछ की गई। बालिका द्वारा कोई भी पता नही बताया गया जिसपर तत्काल टीम द्वारा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए अज्ञात बालिका को बाल कल्याण समिति सोनभद्र के समक्ष प्रस्तुत किये जाने हेतु ले जाया गया।

### बाउंड्री से टकराया कोयला लदा ट्रेलर, चालक जख्मी

**सोनभद्र ।** जिले के डाला शहीद स्थल के पास कोयला लदा हुआ टेलर अनियंत्रित होकर अल्ट्राटेक कंपनी के बाउंड्री से टकराया । जोरदार टक्कर में चालक सुरेंद्र कुमार निवासी चंदौली बेतरह जख्मी हुआ। मिली जानकारी के मुताबिकवृहस्पतिवार देर रात यह वाकया घटित हुआ। वाराणसी – शक्तिनगर राजमार्ग पर शक्तिनगर की ओर आ रहे से वाहन संख्या – यूपी 42 बीटी 9999 कोयला लदा हुआ टेलर वाराणसी–शक्तिनगर मार्ग से कहीं जा रहा था जो अनियंत्रित होकर अल्ट्राटेक बाउंड्री से टकरा गया। घटना की सूचना पर पहुंचे डाला चौकी प्रभारी बृजेश कुमार पांडे ने स्थानीय लोगों की मदद से चालक को बाहर निकाला जिसे आनन फानन में बाइक द्वारा एक नीजी अस्पताल में इलाज हेतु पहुंचाया गया। उसके बाद बेहतर इलाज के लिए सीएससी चोपन भेजा गया। दुर्घटना इतनी भीषण थी की टेलर का केबिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और टेलर पर लदा कोयला सड़क पर ही बिखर गया जिसे रास्ते से हटाकर यातायात बहाल किया गया।

### अपनी मांगों को लेकर स्वच्छता ग्राही ने सौंपा जिला पंचायत राज अधिकारी को ज्ञापन

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत



बलरामपुर में स्वच्छता ग्राहियों ने नियमित मानदेय व प्रोत्साहन राशि को लेकर जिला पंचायत राज अधिकारी को ज्ञापन सौपा उन्होंने कहा कि अगर हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो। सचिवालय का घेराव करेंगे स्वच्छता ग्राही संघ के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि वर्ष 2017 में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत गांव को साफ सुथरा बनाने व गांव को खुले में शौच मुक्त कर वो डी एफ करने में स्वच्छता ग्राही विशेष योगदान रहा ।लेकिन इसके बावजूद किसी भी स्वछताग्राही को प्रोत्साहन राशि नहीं मिली जिससे समस्त स्वच्छताग्राही बहुत ही आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। इसी को लेकर स्वच्छाग्रही ने कई बार विभागीय अधिकारियों सहित मिशन निदेशक को भी पत्र व व्यक्तिगत रूप से अवगत कराया लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। जिला उपाध्यक्ष भानु प्रताप मौर्य ने बताया कि अगर दिसंबर माह तक हम लोगों का प्रोत्साहन राशि व नियमित मानदेय नहीं मिलेगा। तो हम लोग प्रदेश के समस्त स्वच्छता ग्राही ठोस कदम उठाने को बाध्य होंगे इस अवसर पर सुनील कुमार शर्मा, समशुल्ला, सुखनंदन प्रसाद, बलवंत सिंह, अशोक कुमार विश्वकर्मा, दिनेश कुमार, नागेन्द्र, विष्णु प्रसाद , इरशाद, अलख राम, परशुराम, रामचन्द्र, एवं जिले भर के समस्त स्वच्छता ग्राही मौजूद रहे।

### देश के नेत्र चिकित्सकों की योग्यता का लोहा पूरे विश्व ने माना : बिरला

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 'इंडियन इंट्राओकुलर इम्प्लांट एंड रिफ्रेक्टिव सोसाइटी ऑफ इंडिया' (आईआईआरएसआई) सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में शनिवार को कहा कि इस संगठन के नेत्र विशेषज्ञों और अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों का नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में योगदान बहुत सराहनीय है। बिरला ने कहा कि नवीनतम नवाचार, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी के आधार पर नेत्र चिकित्सा के लिए समर्पित भारतीय डॉक्टरों ने सम्पूर्ण विश्व में भारत की ताकत और योग्यता दिखाई है। उन्होंने आईआईआरएसआई के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले चार दशकों से इस संगठन ने चर्चा–संवाद के आधार पर नयी प्रौद्योगिकी, अनुभव, अनुसंधान , नवाचार साझा करके नेत्र चिकित्सा से जुड़े सभी पहलुओं पर बड़ा योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि आईआईआरएसआई के डॉक्टर नियमित रूप से अपने विचार, अनुभव, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान का आदान–प्रदान करते हैं। इससे जनता और समाज का कल्याण का कार्य सुनिश्चित होता है। उन्होंने कहा कि नेत्र चिकित्सकों ने जन सेवा में पुण्य कमाया है और दूरदराज के गांवों के लोगों के लिए जागरूकता और सेवा की दिशा में कार्य किया है। उन्होंने कहा कि नेत्र विशेषज्ञ अक्सर गांवों के लोगों लिए शिविर लगाकर जानकारी और इलाज प्रदान करते हैं जिससे आम लोगों को सुविधा मिलती है और अंतिम व्यक्ति तक आधुनिक और प्रभावी चिकित्सा मुहैया होती है। उन्होंने हर्ष व्यक्त किया और कहा कि उनके प्रयासों के परिणाम अत्यंत उत्साहजनक रहे हैं।

# जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस तहसील तुलसीपुर सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत



बलरामपुर। आमजनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं के प्रभावी ढंग से निस्तारण हेतु संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जनपद के तीनों तहसीलों में संपन्न हुआ। तहसील तुलसीपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अरविन्द सिंह द्वारा उपस्थित फरियादियों की शिकायतें सुनी गयी।

जिलाधिकारी ने गत संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखा गया। उन्होंने भूमि विवाद के सम्बन्ध में राजस्व विभाग के कई प्रार्थना पत्रों पर लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक को तलब कर जानकारी ली गयी। उन्होंने उप जिलाधिकारी, तहसीलदार को निर्देशित किया कि मौके पर स्वयं निरीक्षण कर भूमि विवाद का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि आवेदक के समस्याओं का निस्तारण करते हुये सम्बन्धित आवेदक को पूर्ण रूप से संतुष्ट किया जाए। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर समस्याओं का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कराया जाए।

उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल के सन्दर्भ का शासन स्तर एवं जिला स्तर पर निगरानी की जा रही है, इसलिये सभी जिला स्तरीय अधिकारी अपने–अपने पोर्टल पर प्राप्त हुये सन्दर्भों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराएं।

इस दौरान कुल 58 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से मौके पर 07 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा मौके पर किया गया। उन्होंने शेष प्रार्थना पत्रों का संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्थलीय सत्यापन करते हुए ससमय पारदर्शिता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारित कराना सुनिश्चित करें।

संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा पुलिस से सम्बन्धित प्रकरणों को गम्भीरता से लेते हुये सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि शिकायतों का जांचपरक कर समयबद्ध तरीके से निस्तारण कराएं, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

इस अवसर पर डीएफओ एम0 सेम्मारन, उप जिलाधिकारी तुलसीपुर अभय कुमार सिंह, सीओ राघवेन्द्र सिंह, तहसीलदार परमेश कुमार, सीएमओ डा0 मुकेश कुमार, पी0डी0 चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, उप निदेशक कृषि महेन्द्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी आर0पी0 राना, जिला विद्यालय निरीक्षक गोवन्दिराम, बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी, जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा व जनपद स्तरीय एवं अन्य तहसील स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

तहसील उतरौला में संपूर्ण समाधान दिवस अपर जिलाधिकारी प्रदीप कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव द्वारा फरियादियों की शिकायतें सुनी गयी। संपूर्ण समाधान दिवस उतरौला में कुल 32 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 02 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों का स्थलीय सत्यापन कर निस्तारण किया जायेगा। इस दौरान उप जिलाधिकारी उतरौला अवधेश कुमार, तहसीलदार व अन्य तहसील स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

तहसील बलरामपुर संपूर्ण समाधान उप जिलाधिकारी सदर राजेन्द्र बहादुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान आये हुये फरियादियों की शिकायतें गम्भीरता पूर्वक सुनकर निस्तारण किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 57 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 05 प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया गया।

# सेवा समर्पण संस्कार का उत्कृष्टता सम्मान

### सहायक अध्यापिका रेनू कुलश्रेष्ठ एडुलीडर्स यूपी सम्मान से हुई सम्मानित



सोनभद्र । उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला सूरज (1–8) विकास खण्ड टूण्डला की सहायक अध्यापिका रेनू कुलश्रेष्ठ को सर्वश्रेष्ठ कार्य कुशलता के लिए एडुलीडर्स यूपी सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया है। वाराणसी के सनबीम स्कूल वरुणा में गुरुवार को आयोजित जी– 20– निपुण भारत मिशन शैक्षिक गुणवत्ता सेमिनार में मुख्य अतिथि आईएएस हिमांशु नागपाल ने प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया।

रेनु कुलश्रेष्ठ इसके पूर्व भी पंचम राज्य स्तरीय कहानी सुनाओ प्रतियोगिता पिछले वर्ष एवं षष्ठम कहानी सुनाओ प्रतियोगिता में गत वर्ष पुरष्कृत हुई थी। सनबीम स्कूल वरुणा वाराणसी में आयोजित सेमिनार एवं एडुलीडर्स यूपी सम्मान–2023 कार्यक्रम में प्रदेश के सभी 75 जिलों में उल्लेखनीय कार्य कर रहे 75 शिक्षकों को एडुलीडर्स यूपी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है ।समग्र शिक्षा व स्कूल शिक्षा महानिदेशक विजय किरण आनंद के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमांशु नागपाल आईएएस वाराणसी, विशिष्ट अतिथि डॉ अरविंद पाठक बीएसए वाराणसी, अति विशिष्ट अतिथि डॉ. सत्य प्रकाश त्रिपाठी, एडी बेसिक मंडल वाराणसी एडुलिडर ग्रुप के संचालक व राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित मूनघाट बस्ती प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री सर्वेस्थ मिश्रा जी व दीनबन्धु त्रिपाठी जनपद एडमिन सोनभद्र उपस्थित रहे।

## पानीपत , रेवाड़ी में बनेंगे हेमचंद्र विक्रमादित्य स्मारक : खट्टर

नयी दिल्ली। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य की स्मृति में राज्य के पानीपत तथा रेवाड़ी जिलों में स्मारक बनाएं जाएंगे।

खट्टर ने शनिवार को यहां हरियाणा भवन में सम्राट हेमचन्द्र विक्रमादित्य की स्मृति में डाक टिकट विमोचन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए यह घोषणा की।

उन्होंने इससे पहले मुख्यमंत्री ने संचार राज्य मंत्री देवुसिंह चौहान के साथ महान राष्ट्रभक्त एवं पानीपत की दूसरी लड़ाई के महानायक सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य के दिल्ली राज्याभिषेक स्मृति दिवस पर स्मारक डाक टिकट का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत दोनों जिलों में चार से पांच एकड़ भूमि में ये स्मारक बनाए जाएंगे ताकि सम्राट हेमचन्द्र विक्रमादित्य की शौर्य गाथा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देने का कार्य करें।

उन्होंने जिन संत महापुरुषों ने समाज में जागृति लाने तथा देश की एकता, अखंडता और गौरव बढ़ाने का काम किया है, वर्तमान राज्य सरकार ने संत–महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के माध्यम से उनके जीवन परिचय और शिक्षाओं को आगे बढ़ाने का काम किया है।

# मंत्री लोक निर्माण ने की अधिकारियों संग समीक्षा बैठक

### दीपावली के पूर्व सड़कों की गड्ढा मुक्ति के कार्य हों सम्पूर्ण : मंत्री लोक निर्माण विभाग



**सोनभद्र ।** प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ने राज्य मंत्री समाज कल्याण विभाग, सांसद पकौड़ी लाल कोल, विधायक सदर भूपेश चौबे, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता के साथ लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की समुपस्थिति में सर्किट हाउस सभागार में की बैठक।

बैठक के दौरान मंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दीपावली के पूर्व सड़कों की गड्ढा मुक्ति – पैच मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिया जाय गुणवत्ता पूर्ण तरीके से। बाढ़ व खनन क्षेत्रों को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में पैच मरम्मत के कार्य में यदि दो साल के पूर्व स्थिति खराब पायी जाती है तो सम्बन्धित अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही तय करने के दिये निर्देश पी0 डब्ल्यू0 डी0 मंत्री ने। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में सड़कों में ज्यादा गड्ढे हो गये है, उन सड़कों की विशेष मरम्मत हेतु प्रस्ताव बनाकर भेजा जाय और उन सड़कों के मरम्मत कार्य भी शीघ्रता के साथ पूर्ण किये जांय। पैच मरम्मत व सड़कों के निर्माण कार्यों से सम्बन्धित सूची जनप्रतिनिधिगणों को भी उपलब्ध कराने की हिदायत के साथ ही राबर्ट्सगंज नगर पालिका क्षेत्र में ओवरब्रिज पर लाईट, पेंटिंग, जाली और रेडियम लाईट, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र के लिए संकेतक चिह्न आदि न लगाये जाने के कारण नाराजगी का भी इजहार किया मंत्री ने तथा टोल प्लाजा व उपसा संस्था के प्रतिनिधि को निर्देशित करते हुए कहा कि अतिशीघ्र ओवरब्रिज पर सभी आपेक्षित कार्य प्रारंभ करा दिये जांय अन्यथा की दशा में सम्बन्धित की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। राबर्ट्सगंज से घोरावल रोड के वांछित मरम्मत व निर्माण कार्य को अतिशीघ्र गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान लोक निर्माण विभाग के समस्त अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने तहसील सदर के ग्राम टेंगनहिया में कटान का लिया जायजा

### जिलाधिकारी ने कटान प्रभावित से वार्ता हरसंभव मदद किए जाने का दिया आश्वासन

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत



बलरामपुर। जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा तहसील बलरामपुर सदर के ग्राम टेंगनाहिया पहुंचकर नदी के कटान का जायजा लिया। उन्होंने काटन प्रभावितों से वार्ता किया तथा हर संभव मदद उपलब्ध कराए जाने का आश्वासन दिया।

उन्होंने एसडीएम सदर को मकान एवं खेत आदि क्षति का सर्वे किए जाने, कटान प्रभावित परिवारों को अस्थाई रूप से सुरक्षित स्थान पर निर्वासित किए जाने, खाद्य सामग्री उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने ऐसे परिवार जिनके घर काटन की जद में आ गए हैं उनको मुख्यमंत्री आवास के तहत पक्के मकान उपलब्ध कराए जाने एवं खेत के कटान पर आने पर पट्टा आदि का लाभ दिए जाने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी द्वारा बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता को युद्ध स्तर पर कटान निरोधक कार्य कराए जाने एवं काटन के स्थाई समाधान के लिए तटबंध का प्रस्ताव बनाते हुए शासन में भेजे जाने का निर्देश दिया।

इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा ग्राम कल्याणपुर के 66 बाढ़ प्रभावितों परिवारों के लिए टेंगनहिया मानकोट में बने कॉलोनी का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने बने आवास, शौचालय, पार्क आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने कॉलोनी में रह रहे ग्रामीणों से वार्ता की एवं उनके जीवन में आए बदलाव के बारे में पूछा। सभी ने जिला प्रशासन एवं जिलाधिकारी को धन्यवाद दिया। ग्रामीणों ने कहा कि कॉलोनी में हर तरह की सुविधा मिली हुई है, जिससे कि उनके जीवन में सुधार आया है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, उप जिलाधिकारी राजेंद्र बहादुर, परियोजना निदेशक डीआरडीए सीपी श्रीवास्तव, डीसी मनरेगा सतीश पांडे, अधिशासी अभियंता बाढ़खंड जेके लाल, नायब तहसीलदार तहसील बलरामपुर, आपदा विशेषज्ञ अरुण सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नौसेना में पदोन्नति बोर्डों के लिए नयी मूल्यांकन प्रणाली

नयी दिल्ली। नौसेना को चुस्त, दुरूस्त और अधिक पेशेवर बनाने तथा नौसैनिकों के मनोबल को बढाने के उद्देश्य से विभिन्न पदोन्नति बोर्डों के लिए नयी मूल्यांकन प्रणाली की शुरूआत की जा रही है। रक्षा मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि नौसेना ने विभिन्न पदोन्नति बोर्डों के लिए 360 डिग्री मूल्यांकन प्रणाली की नई पहल को संस्थागत रूप दिया है। इस प्रणाली में पदोन्नति के लिए विचार किए जाने वाले प्रत्येक अधिकारी के बारे में सर्वेक्षण के आधार पर व्यापक जानकारी एकत्र की जायेगी। यह जानकारी सहयोगियों और अधीनस्थों के साथ साथ अन्य स्रोतों से भी हासिल की जायेगी। इसमें अधिकारी के पेशेवर ज्ञान, नेतृत्व की विशेषताएं, युद्ध या संकट में उपयुक्तता और उच्च पद धारण करने की क्षमता जैसे पहलू शामिल होते हैं। इस जानकारी का फ्लैग ऑफिसर की अध्यक्षता में नामित अधिकारियों के बोर्ड द्वारा स्वतंत्र विश्लेषण किया जाता है।

## उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकार घोरावल ने शांति समिति की बैठक ली

सोनभद्र ।जनपद के थाना शाहगंज में दुर्गापूजा के संदर्भगत शान्ति समिति की बैठक आयोजित हुई उपजिलाधिकारी राजेश सिंह और क्षेत्राधिकारी अमित कुमार की अगुवाई में। थानाध्यक्ष शाहगंज सूर्यभान, कस्बा पुलिस चौकी प्रभारी शाहगंज सुजीत सेठ, थाना पुलिस बल शाहगंज के साथ–साथ थाना शाहगंज के क्षेत्रवासी गणमान्य नागरिक तथा जनप्रतिनिधि व आगामी दुर्गा पूजा नवरात्रि कार्यक्रम के आयोजक, सम्मानित पत्रकार बंधु आदि उपस्थित रहे।

बैठक में कार्यक्रम के आयोजकों को बताया गया कि आयोजन हेतु नियमानुसार अनुमति तहसील कार्यालय घोरावल से प्राप्त कर लें। कार्यक्रम के आयोजन में अनुमति में दिए गए नियमों का अनुपालन करें। आगामी त्योहारों में किसी भी नई परंपरा का प्रारंभ मना किया जाए तथा अश्लील गाने, डांस आदि न कराया जाए एवं किसी भी धर्म संप्रदाय अथवा देश के प्रति अनुचित नारेबाजी नहीं होनी चाहिए।

आयोजन स्थल पर आगजनी एवं विद्युत से घटित होने वाली घटनाओं के प्रति पर्याप्त इंतजाम किए जाने हेतु आयोजनों को निर्देशित किया गया है। साथ ही विसर्जन के दौरान सावधानी रखने व स्थानीय तैराक , गोताखोर आदि की व्यवस्था के विषय में भी बताया गया है। त्योहार को त्यौहार की भावना व आस्था से ही मनाया जाने के निर्देश तथा थानाध्यक्ष शाहगंज को निर्देशित किया गया है कि समस्त तैयारी की आयोजकों के साथ मिलकर विस्तृत जानकारी एकत्र करें एवं त्योहारों को आयोजकों के साथ मिलकर सब कुशल संपन्न कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही समय से कर लें।

मुख्यमंत्री द्वारा नवरात्रि की शुरुआत के साथ ही नारी सशक्तिकरण एवं महिलाओं के सम्मान व सुरक्षा हेतु मिशन शक्ति का अभियान और प्रभावी ढंग से लागू किए जाने हेतु निर्देशित किया गया । आयोजकों को कार्यक्रम स्थल पर महिलाओं की सुरक्षा एवं सुचिता बनाए रखने हेतु आवश्यक कार्यकर्ता तैयार करने तथा किसी भी घटना के होने पर पुलिस प्रशासन को तुरंत अवगत कराने हेतु बताया गया है।

# टीबी मुक्त ग्राम पंचायत कार्यक्रम का जिला स्तरीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत



बलरामपुर। टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। टी बी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के क्रियान्वयन के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी की अध्यक्षता में शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत कार्यक्रम का जिला स्तरीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मुक्त पंचायत बनाने के लिए संयुक्त कार्य योजना तैयार कर रहा है। जिससे टीबी जैसी बीमारी को छोटे से छोटे गांव से भी खत्म किया जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2025 तक टीबी मुक्त भारत के संकल्प को पूर्ण किया जा सके। ग्रामीण एवं पंचायत स्तर पर कार्य कर रही ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति, आरोग्य समिति एवं ब्लॉक समितियां अब प्रत्येक पंचायत को टीबी मुक्त करने के लिए संयुक्त रूप से काम करेंगी। प्रत्येक गांव में टीबी मरीजों को खोजने एवं मरीजों को उपचार कर स्वस्थ करने के लिए लगातार गांव में सर्वे कराए जा रहे हैं। लगातार सर्वे करने पर यदि किन्हीं पंचायतों में टीवी के मरीज मिलते हैं तो उन्हें उपचार देकर स्वस्थ किया जाएगा। उन पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित करने का प्रस्ताव समिति द्वारा जिला स्तरीय समिति को भेजा जाएगा। जिले से समिति द्वारा प्रस्ताव का अवलोकन एवं निरीक्षण करने के बाद जिला जिला अधिकारी महोदय द्वारा राज्य स्तर को भेजा जाएगा।

## सरकार ने 2000 के नोट पर बेवजह बर्बाद किए हजारों करोड़

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि 2000 के नोट को विदाई दी गई है लेकिन सरकार को सोचना चाहिए कि नागरिकों के हजारों करोड़ रुपए इस नोट की छपाई पर बेवजह बर्बाद क्यों किये। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां जारी बयान में कहा कि आज जब देश 2000 रुपए के नोट को अंतिम विदाई दे रहा है तब आठ नवंबर 2016 के तुगलकी फैसले के कारण आई भयंकर मुसीबत को याद करें। उन्होंने कहा, उस समय पार्टी नेता राहुल गांधी समेत जितने लोगों ने भी इसके पीछे के लॉजिक पर सवाल उठाया था, उन सबका स्वघोषित विश्वगुरु के लिए ढोल पीटने वालों ने मज़ाक उड़ाया था।

# समाज तभी आगे बढ़ेगा जब बेटियो को सम्मान मिलेगा

### जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत बेटियों को किया गया प्रोत्साहित

सोनभद्र । जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन के तहत जिला प्रोवेशन अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा के नेतृत्व में बेटी बचाओ – बेटी पढाओ योजनान्तर्गत चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय बालिका इण्टर कालेज दुध्दी सोनभद्र मे किया गया। विद्यालय में अध्ययनरत 130 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया गया जिसमें से चित्रकला प्रतियोगिता में अव्वल रहींवअर्पिता तिवारी कक्षा– 11 जबकि दोयम दर्जे का पुरस्कार प्राप्त किया आराधना कक्षा 9 ने। गीता कुमारी कक्षा10 तृतीय स्थान पर रहीं चित्रकला प्रतियोगिता में। बात की जाय निबंध में प्रतिस्पर्धा की तो जीनत फातिमा कक्षा– 12 प्रथम स्थान, सुनैना कुमारी कक्षा 10 द्वितीय स्थान और अदिति





गुप्ता कक्षा12 तृतीय स्थान प्राप्त कर विजेता बनीं।

प्रतिभागी विजेताओं को बेटी बचाओ – बेटी पढाओ योजनान्तर्गत स्मृति चिन्ह एवं लेखन सामग्री का वितरण कर इनका उत्साह अभिवर्धित किया जिला प्रोवेशन अधिकारी ने पुरस्कृत कर। उद्बोधन में कहा कि बेटियां अपनी प्रतिभा से देश का नाम रोशन करने में अहम भूमिका निभा रहीं है। इस योजना का उद्देश्य बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है।

जिला समन्वयक साधना मिश्रा द्वारा बताया गया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का मुख्य उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या को समाप्त करना, समान लैंगिक अनुपात स्थापित करना, बाल विवाह की कुप्रथा को रोकना, बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को प्रोत्साहन देना, बालिकाओं को स्वावलंबी बनाने में सहायता प्रदान करना, बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करना।

जिसमें समाज में कुरीतियों को समाप्त किया जा सकें। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक सीमा द्विवेदी द्वारा किया गया मौकेपर जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी गायत्री दुबे, ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे, प्रधानाचार्या श्वेता सिंह, डॉ रीता राय, डॉ दिव्या राय, निशा सिंह पटेल, कु0 मनीषा, डॉ प्रीति शर्मा, संगीता सिंह, शोभा कु0 यादव, कुसुम सिंह, वर्षा, गीता, रचना के साथ उत्साह पूर्वक बालिकाएं रही उपस्थित रहीं।